हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

आज से भोपाल सहित अधिकांश जिलों में बढ़ेगी बारिश की रफ्तार

आधा प्रदेश 'भीगा'... बाकी में 'आंधी-ओले'

- हवा की रफ्तार थी करीब 70 किमी प्रति घंटा
- पारा सामान्य से 9 डिग्री तक नीचे पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को लगातार तीसरे दिन आंधी, बारिश और ओले से प्रदेशभर में पारा गिरकर सामान्य से औसतन 5 डिग्री तक नीचे पहुंच गया। कुछ जिलों में 6 से 9 डिग्री तक कम रहने से गर्मी और लू से राहत मिली है। भोपाल सहित अधिकांश जिलों में सुबह से धूप-छांव के बीच दोपहर बाद से मौसम बदला। भोपाल में आसपास बारिश होने से ठंडी हवाएं चलीं। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार से बारिश और आंधी में और बढ़त होगी। राजधानी सहित प्रदेशभर की हवा में सोमवार से नमी की मात्रा तेजी से बढ़ी है। प्रदेश में अब सुबह औसतन 75 से 80 और शाम को 50 फीसदी तक पहुंच गई है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार से बारिश और आंधी में और बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब नया पश्चिमी विक्षोभ 3 जून से एक्टिव हो रहा है। सर्वाधिक बारिश सतना में 22 मिमी दर्ज हुई।

भोपाल में पारा 37.6 डिग्री

भोपाल में आधा डिग्री गिरकर पार 37.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.6 डिग्री कम है। दतिया में 4 डिग्री गिरकर 34.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 8.5 डिग्री कम है। गुना में सामान्य से 8.2 डिग्री कम रहा है। टीकमगढ़, सतना, रीवा, नौगांव, खजुराहो, ग्वालियर और श्योपुर में 5 से 6 डिग्री तक कम रहा है। इससे प्रदेशभर में भीषण गर्मी और लू से राहत मिली है। सोमवार सुबह से शाम तक आगर मालवा, शाजापुर, अशोकनगर, राजगढ़, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा में 70 किमी की रफ्तार से आंधी चली और ओले गिरे। शिवपुरी, ग्वालियर, गुना, नीमच, मंदसौर, भोपाल, विदिशा, सिवनी, पांढुर्णा, जबलपुर, मंडला, कटनी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना में तेज हवाओं के साथ कुछ जगह बारिश और ओले गिरे हैं।



भोपाल में शाम साढ़े पांच बजे बादल के बाद अंधेरा छाया, शाहपुरा क्षेत्र का दृश्य

आंधी-बारिश से यह घटनाएं

1. सीहोर-रायसेन में भी पेड़ों व तारों को नुकसान
2. इंदौर, देवास व उज्जैन में कई पेड़ उखड़े
3. कई होर्डिंग्स उड़े, बिजली के पोल भी गिरे
4. देवास में दीवार गिरने से 7 लोग घायल हुए
5. देवास की माता टेकरी की लाइटें क्षतिग्रस्त
6. अकोदिया मंडी में रखी उपज पूरी तरह भीगी

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
02 जून 2026
कूपन नं. 3

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

नागेंद्र राष्ट्रीय संगठक व अजेय संगठन महामंत्री बने

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को पार्टी में दो संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। बिहार भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को भाजपा का राष्ट्रीय संगठक नियुक्त किया गया है, जिनका केंद्र दिल्ली होगा। साथ ही, अजेय कुमार को राजस्थान प्रदेश भाजपा का नया प्रदेश महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए जेट फ्यूल 27% सस्ता

नई दिल्ली। सरकारी तेल कंपनियों ने घरेलू उड़ानों के लिए इस्तेमाल होने वाले एटीएफ यानी जेट फ्यूल के दामों में लगातार दूसरे महीने कोई बदलाव नहीं किया है। इसके साथ ही, अंतरराष्ट्रीय रूट पर उड़ान भरने वाली भारतीय एयरलाइंस के लिए जेट फ्यूल की कीमतों में 27% की बड़ी कटौती की गई है। इस फैसले से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमतें लगभग बराबर हो गई हैं। विमानन कंपनियां सरकार से दरों को समान करने की मांग कर रही थीं।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मप्र यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक

इंदौर संभाग से होगा बसों का संचालन पड़ोसी 4 राज्यों में भी अंतर्राज्यीय सेवा

बसों के किराए से लेकर यात्रियों की सुविधाओं का पूरा खाका तैयार किया गया है। कंपनी की पहली बैठक में यह तय हुआ

वर्तमान संचालित निजी बसों के अनुज्ञा-पत्र पर कोई प्रभाव नहीं आएगा

- सात क्षेत्रों में सभी श्रेणी के 1164 मार्ग चिन्हित
- मप्र को 7 क्षेत्रों इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर एवं रीवा में बांटा गया
- जुलाई से कुल 5206 बसें होंगी संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में जुलाई महीने से सार्वजनिक बस सेवा शुरू हो जाएगी। प्रदेश में एक साथ 5206 बसें चलाने का खाका सोमवार को तैयार हो गया। पहले चरण में कुल 2432 बसें जबकि सभी चरणों को मिलाकर कुल 7 क्षेत्रों के 55 जिलों व चार राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात व उप्र में कुल मिलाकर 5206 बसें संचालित होंगी। बसों के किराए से लेकर यात्रियों की सुविधाओं आदि का पूरा खाका तैयार किया गया है। पीएम ई बस सेवा के तहत इंदौर शहर में 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी साथ में शुरू ▶▶ शेष पेज 6 पर

बैठक में सीएम व अधिकारी

- पीएम ई बस सेवा के तहत इंदौर शहर में शुरू होगा 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन
- इंदौर से प्रदेश के अन्य जिलों में कुल 121 मार्ग चिन्हित, जिन पर 608 बसें चलेंगी

महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उप्र के लिए 101 बसें चलेंगी

इंदौर क्षेत्र से महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश राज्यों के लिए जाने वाली बसों के मार्ग अनुबंध अनुसार कुल 101 बसें चलेंगी। इसमें कुल 276 अंतर्राज्यीय बसों का संचालन अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड से किया जाएगा। इंदौर से प्रारंभ होने वाली अन्तर्शहरी, सिटी बसें एवं अंतर्राज्यी कुल मार्गों की संख्या क्रमशः 250 हैं। इनमें कुल 1688 बसों का संचालन किया जाना प्रस्तावित हैं। प्रबंध संचालक सिंह ने बताया कि जिस प्रकार से इंदौर क्षेत्र से उक्त तीनों श्रेणी की बसों का संचालन विभिन्न मार्गों ▶▶ शेष पेज 6 पर

बसें शहर से आगे महत्वपूर्ण उप नगरीय क्षेत्रों तक भी जा सकेंगी

सात क्षेत्रों में सिटी बसों का संचालन भी किया जाएगा। यह बसें आमजन की सुविधा के लिए शहर से आगे महत्वपूर्ण उप नगरीय क्षेत्रों तक भी जा सकेंगी। इस श्रेणी के सिटी रूट के तहत इंदौर में कुल 28 मार्ग शहर के अंदर एवं उप नगरीय क्षेत्रों तक चिन्हित किए गए हैं तथा इनमें आमजन की सुविधा के लिए 784 बसें (पीएम ई-बस सेवा की 150 बसों को मिलाकर) संचालित की जाएंगी।

इन क्षेत्रों के जिलों के रूटों पर चलेंगी 2432 बसें

- इंदौर क्षेत्र- 121 मार्ग 608 बसें
- उज्जैन क्षेत्र- 120 मार्ग 371 बसें
- भोपाल क्षेत्र- 104 मार्ग 398 बसें
- जबलपुर क्षेत्र- 83 मार्ग 309 बसें
- सागर क्षेत्र- 92 मार्ग 344 बसें
- ग्वालियर क्षेत्र-65 मार्ग 298 बसें
- रीवा क्षेत्र- 35 मार्ग 184 बसें

छिंदवाड़ा के सर्किट हाउस में ...

स्पीकर तोमर से कांग्रेस के 5 विधायकों की मुलाकात

तोमर के साथ कांग्रेस विधायक

- सभी विधायक कमलनाथ खेमे से
- नाथ की यह दबाव की राजनीति

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के छिंदवाड़ा दौरे के दौरान कांग्रेस के 5 विधायकों की मुलाकात से सियासत गरमा गई है। ये सभी विधायक वरिष्ठ नेता कमलनाथ खेमे से हैं। कांग्रेस विधायकों में सोहन वाल्मीकि परासिया, ▶▶ शेष पेज 6 पर

विधायकों ने कहा विकास पर बातचीत

इन विधायकों ने कहा कि यह मुलाकात क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर हुई, इसका राज्यसभा चुनाव से कोई संबंध नहीं। उन्होंने कहा कि हमने अपने विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

मप्र में भी लागू होगा यूसीसी

सीएम बोले-वेबसाइट पर जनता जरूर साझा करे अपने सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में समान नागरिक संहिता (यूनिफार्म सिविल कोड-यूसीसी) जल्द लागू होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यूसीसी को लेकर समिति बना दी गई है। यह समिति धार्मिक लोगों से राय ले रही है। इसके बाद प्रदेश में यूसीसी को लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं चाहता हूं कि जनता भी इस संबंध में लांच की गई वेबसाइट पर अपने सुझाव जरूर साझा करें। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

प्रदेश में यूसीसी के लिए बन चुकी है समिति

जेईई एडवांस्ड 2026 के नतीजे घोषित

शुभम कुमार बने ऑल इंडिया टॉपर, लड़कियों में आरोही देशपांडे शीर्ष पर

टॉप-3 पर दिल्ली का कब्जा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर 1) हासिल की है। शुभम ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान पाया। इस बार परीक्षा के नतीजों में दिल्ली जोन का दबदबा रहा और टॉप-3 रैंकर्स इसी जोन से रहे। कबीर छिल्लर 329 अंकों के साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर

शुभम कुमार

आरोही देशपांडे

- कुल रजिस्ट्रेशन 1,87,389 उम्मीदवार
- परीक्षा में शामिल 1,79,694 छात्र
- कुल क्वालिफाइड 56,880 उम्मीदवार
- क्वालिफाइड महिलाएं 10,107

इटारसी जंक्शन पर हादसा

ट्रेन पकड़ने के प्रयास में महिला ने गंवाए दोनों पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

- एक पैर जांघ के पास से, दूसरा पंजे से कटा

इटारसी रेलवे जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी जारी हुआ है। जबलपुर निवासी 25 वर्षीय अंजलि कश्यप अपने तीन साल के बेटे के साथ रानी ▶▶ शेष पेज 6 पर

मप्र में तबादलों का दौर शुरू

खाली पड़े पदों पर जोर 15 जून तक फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- प्रशासनिक और स्वैच्छिक आधार पर तबादले

प्रदेश में नई तबादला नीति के तहत सोमवार से अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 15 जून तक चलेगी। इस दौरान विभिन्न विभागों में प्रशासनिक और स्वैच्छिक आधार पर बड़े पैमाने पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

एलपीजी सिलेंडर के फिर बढ़े दाम

कमर्शियल में 42 रुपए व छोटू में 10 रुपए की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- भोपाल में 3116.50 रु. का हुआ

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज हुई है। 19 किलो ग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर के दामों में 42 रुपए का इजाफा हुआ है, तो छोटू एलपीजी सिलेंडर यानि 5 किलो ग्राम वाले में 10 रुपए की मूल्य वृद्धि हुई ▶▶ शेष पेज 6 पर

यूपीआई का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

मई में हुआ 29.90 लाख करोड़ रुपए का लेन-देन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- पैसों के वैल्यू में 19% की बढ़त दर्ज

आईपीएल 2026 और गर्मियों की छुट्टियों के कारण देश में डिजिटल पेमेंट ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, मई 2026 में यूपीआई के जरिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

नए चीफ जस्टिस की नियुक्ति तक संभालेंगे कार्यभार

चीफ जस्टिस सचदेवा का सुप्रीम कोर्ट में उन्नयन

जस्टिस विवेक रूसिया बने मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति शील नागू सहित पांच जजों की नियुक्ति को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। शपथ ग्रहण इसी सप्ताह होगा।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में पदोन्नत करने के लिए सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के नाम की पिछले दिनों अनुशंसा की थी। इसके साथ ही पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस चंद्रशेखर और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण पल्ली को भी उनके उत्कृष्ट सेवा रिकॉर्ड के आधार पर पदोन्नत किया गया है।

विवेक रूसिया

पांचवें नाम के रूप में सुप्रीम कोर्ट की ही वरिष्ठ अधिवक्ता वी. मोहाना को सीधे बेंच में शामिल करने का फैसला लिया गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की पदोन्नति के बाद जस्टिस विवेक रूसिया हाईकोर्ट सिया मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाए गए हैं। मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एंड जस्टिस डिपार्टमेंट ने नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं। जस्टिस ▶▶ शेष पेज 6 पर

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में हुए कई हैरान करने वाले खुलासे

आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, सभी को धर्म पूछकर मारा था

पहलगाम हमला अचानक नहीं, 4 साल पहले पाकिस्तान में रची गई थी साजिश

- हमले में इस्तेमाल दो मोबाइल लंबे वक्त से बंद थे, अचानक एक्टिव हुए
- हमले के लिए कराची के फेसल बैंक ने आतंकी फंडिंग में मदद की थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बड़ी खबर

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को अब ऐसे सबूत मिले हैं जो बताते हैं कि 2025 में पहलगाम का आतंकी हमला अचानक नहीं हुआ था। इसकी साजिश 4 साल से पाकिस्तान में रची जा रही थी। एनआईए और जम्मू-कश्मीर पुलिस ▶▶ शेष पेज 6 पर

'ऑपरेशन महादेव' में मारे गए तीन आतंकियों से मिले थे मोबाइल

फाइल फोटो

सुरक्षा बलों ने श्रीनगर के पास दाचीगाम में 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान 3 आतंकियों सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिबरान और हमजा अफगानी को मार गिराया था। मुठभेड़ के बाद आतंकियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जो जांच ▶▶ शेष पेज 6 पर

आतंकी लॉन्ग-रेंज रेडियो कम्युनिकेशन को यूज कर रहे थे

- रेडमी 9टी फोन जनवरी 2021 में पाकिस्तान पहुंचा, लेकिन अगले चार साल तक कभी चालू नहीं किया गया। इसका कोई नेटवर्क रिकॉर्ड नहीं मिला, न कोई कॉल की गई और न ही कभी सिम डाली गई। 2025 में यह फोन अचानक एक्टिव हुआ और फिर पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों के पास मिला।
- आशंका है कि फोन को शुरू से ही किसी खास मकसद के लिए अलग रखा गया था। संभव है कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

खबर संक्षेप

महापौर ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

भोपाल। महापौर मालती राय ने सोमवार को हिंदी भवन सभागार में आयोजित भोजपाल प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भोपाल चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविंद गोयल के अलावा समारोह की आयोजन संस्था जन शिक्षा एवं स्वास्थ्य कल्याण समिति के पदाधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

गो सम्मान आह्वान अभियान का दूसरा चरण 27 जुलाई से

भोपाल। गौमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर चल रहा गो सम्मान आह्वान अभियान राजधानी सहित प्रदेश में तेजी से जनसमर्थन जुटा रहा है। गोभक्त, गौप्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और सनातन समाज से जुड़े लोग बड़ी संख्या में अभियान से जुड़ रहे हैं। अभियान के पहले चरण में देशभर में करोड़ों लोगों ने भागीदारी की है, वहीं अब 27 जुलाई को दूसरे चरण को लेकर भोपाल में गतिविधियां तेज हो गई हैं। भोपाल के विभिन्न इलाकों, कॉलोनियों, गांवों और धार्मिक स्थलों पर लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। गौमाता की सेवा और संरक्षण से जुड़े संदेश लोगों तक पहुंचाए जा रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में नागरिकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भोपाल में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों का भी अच्छा सहयोग मिल रहा है। कई स्थानों पर बैठकों और जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वकर्ममय पंचाल सुतार समाज समिति का शपथ ग्रहण समारोह

भोपाल। विश्वकर्ममय पंचाल सुतार समाज समिति की नई कार्यकारिणी का गठन व शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष संजय महतकर, सचिव मोहन पांडे एवं कोषाध्यक्ष सुनील कुमार दिघेकर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इसके बाद अध्यक्ष संजय महतकर ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा 14 को

भोपाल। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा 14 जून 2026 को शाम 6 बजे गुजराती भवन, लिंक रोड-2, भोपाल में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने अधिसूचना जारी कर दी है। आमसभा में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही दवा व्यापार से संबंधित विभिन्न समस्याओं, सुझावों एवं व्यापारिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। एसोसिएशन अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से आमसभा को मजबूत बनाने का आग्रह किया है।

भोपाल गेट पर किया ध्वजारोहण, गुब्बारे उड़ाए, चित्र प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

गौरव दिवस पर महापौर बोलीं- पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाए भोपाल विलीनीकरण के संघर्ष का गौरवशाली इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की आजादी के संघर्ष और बलिदान के इतिहास को पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाना चाहिए। यह बात महापौर मालती राय ने भोपाल की आजादी को भोपाल गौरव दिवस के रूप में मनाने के लिए भोपाल गेट पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने यहां झंडावंदन व गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विलीनीकरण आंदोलन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राय ने विलीनीकरण आंदोलन के सेनानियों के परिजनों का सम्मान भी किया। उन्होंने जुमेराती पोस्ट ऑफिस परसिर में आयोजित गौरव दिवस कार्यक्रम में झंडावंदन कर भारत माता के चित्र पर माल्यर्पण किया।

विलीनीकरण आंदोलन के सेनानियों के परिजनों का किया सम्मान

जुमेराती पोस्ट ऑफिस परिसर में भी किया जोशोखरोश के साथ झंडावंदन

बलिदानियों के संघर्ष को एक स्वर में किया याद

शहीद गेट पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर ने विलीनीकरण आंदोलन में बलिदानियों के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि भारत 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हो गया था, लेकिन भोपाल नवाबी हुकूमत की बेड़ियों में जकड़ा रहा और भोपाल को दो साल बाद आजादी मिली। भोपाल की आजादी में भाई रतन कुमार गुप्ता, पं. उद्धव दास मेहता, डॉ शंकर दयाल शर्मा, मास्टर लाल सिंह, नित्य गोपाल शर्मा, सूरजमल जैन, प्रोफेसर अक्षय कुमार, लक्ष्मी नारायण जैमिनी, प्रेम श्रीवास्तव, बालकृष्ण गुप्ता, जमुना प्रसाद मुखरैया, बसंती देवी, शांति देवी, मोहिनी देवी और पुष्पा चारु आदि सेनानियों का स्मरण करते हुए कहा कि विलीनीकरण आंदोलन के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

ये गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

इस मौके पर मनोज राठौर, विनीता सोनी, पार्षद प्रियंका मिश्रा, सरोज आसेरी, राजू कुशवाह, शैलेष साहू, कैलाश मिश्रा, राकेश कुकरेजा, अभय पंडित, हरिओम आसेरी, राजेन्द्र गुप्ता, अवनि शर्मा, पुष्पेन्द्र जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

सेनानियों के परिजनों का किया सम्मान

महापौर ने विलीनीकरण आंदोलन के सेनानियों के परिजनों ईश दयाल शर्मा, डॉ दीपक मेहता, आलोक गुप्ता, ललित जैन, योगेंद्र मुखरैया आदि को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

ज्येष्ठ-आषाढ़ मास के संयोग से कई प्रमुख व्रत व पर्व

इस महीने भानु सप्तमी, सोमवती अमावस्या समेत कई तीज-त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार के साथ जून माह का शुरूआत हो गई। इस माह में ज्येष्ठ और आषाढ़ मास के संयोग से कई प्रमुख व्रत-त्योहार मनाए जाएंगे। इस महीने भानु सप्तमी, निर्जला एकादशी और शनि त्रयोदशी जैसे महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार पड़ेंगे, वहीं दूसरी ओर कई बड़े ग्रह भी अपनी चाल बदलेंगे। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि जून का महीना धार्मिक दृष्टि से काफी खास होता है, क्योंकि इस दौरान कई महत्वपूर्ण व्रत-त्योहारों का विशेष महत्व होता है।

तो वहीं ग्रहों के राशि परिवर्तन और नक्षत्र गोचर का सीधा प्रभाव मानव जीवन, मौसम, व्यापार, करियर और पारिवारिक जीवन पर पड़ता है। जून में चंद्र ग्रह कई बार राशि और नक्षत्र परिवर्तन करेगा, जिससे सभी 12 राशियों पर अलग-अलग असर देखने को मिल सकता है।

जून माह इन तारीखों में रहेंगे तीज-त्योहार

3 जून	बुधवार	विभुवन संकष्टी
8 जून	सोमवार	रविवार अधिक भानु सप्तमी अधिक कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी
11 जून	गुरुवार	परम एकादशी
12 जून	शुक्रवार	प्रदोष व्रत (शुक्र) और अधिक कृष्ण रामलक्ष्मण द्वादशी
13 जून	शनिवार	मासिक शिवरात्रि
14 जून	रविवार	रोहिणी व्रत और अधिक दर्श अमावस्या
15 जून	सोमवार	ज्येष्ठ अधिक अमावस्या और ज्येष्ठ अधिकमास समाप्त
16 जून	मंगलवार	चंद्र दर्शन
18 जून	गुरुवार	प्रद्युम्न चतुर्थी
19 जून	शुक्रवार	स्कन्द षष्ठी
20 जून	शनिवार	जमाई षष्ठी
21 जून	रविवार	भानु सप्तमी और साल का सबसे बड़ा दिन
22 जून	सोमवार	धूमावती जयंती और मासिक दुर्गाष्टमी
23 जून	मंगलवार	महेश नवमी
25 जून	गुरुवार	निर्जला एकादशी और गायत्री जयंती
26 जून	शुक्रवार	राम-लक्ष्मण द्वादशी
27 जून	शनिवार	शनि प्रदोष व्रत और शनि त्रयोदशी
29 जून	सोमवार	वट पूर्णिमा व्रत, ज्येष्ठ पूर्णिमा व्रत और बटुक भैरवी जयंती

जून माह में बदलेंगे यह ग्रह अपनी चाल

- **30 जून**-मंगलवार आषाढ़ का आरंभ
- **2 जून** - गुरु ग्रह का कर्क राशि में गोचर
- **8 जून** :शुक्र ग्रह का कर्क राशि में गोचर
- **15 जून** : सूर्य ग्रह का मिथुन राशि में गोचर
- **21 जून** : मंगल ग्रह का वृषभ राशि में गोचर
- **22 जून** : बुध ग्रह का कर्क राशि में गोचर
- **29 जून** : बुध ग्रह वक्री

बृहस्पति को माना जाता है सबसे शुभ ग्रह

12 साल बाद आज कर्क राशि में उच्च होंगे गुरु, मौसम में बदलाव के साथ कई राशियों पर पड़ेगा इसका प्रभाव

भोपाल। 12 साल बाद दो जून यानी मंगलवार को कर्क राशि में गुरु उच्च होने जा रहे है। देवगुरु बृहस्पति को सबसे बड़ा और शुभ ग्रह माना जाता। ये धन, विवाह, धर्म और विस्तार के कारक ग्रह होते हैं। देवगुरु जब-जब राशि परिवर्तन करते हैं तो इसका व्यापक प्रभाव देश-दुनिया से साथ-साथ हर एक राशियों के जातकों के ऊपर पड़ता है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि गुरु धन, भाग्य, शिक्षा, विवाह और संतान से जुड़ा ग्रह है। गुरु 2 जून की रात 1:49 बजे मिथुन से कर्क राशि में प्रवेश करेंगे, जहां वे सर्वाधिक शक्तिशाली स्थिति में रहते हैं। गुरु करीब 13 महीनों बाद ही राशि परिवर्तन करते हैं, लेकिन इस समय यह अतिचारी हैं, यानी अपनी सामान्य गति से कई गुना अधिक तेजी से चल रहे हैं, जिसके कारण जल्दी -जल्दी राशि परिवर्नत कर रहे हैं। इसके चलते सामाजिक और प्राकृतिक स्तर पर भी असर देखने को मिलेगा।

गुरु का गोचर विशेष

इस वर्ष गुरु का गोचर विशेष है, क्योंकि वे एक ही वर्ष में तीन राशियों मिथुन, कर्क और सिंह में भ्रमण करेंगे। सामान्यतः यह प्रक्रिया लगभग तीन वर्षों में पूरी होती है, लेकिन इस बार गुरु की अतिचारी (तेज गति) स्थिति के कारण यह परिवर्तन तेजी से होगा। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि कर्क राशि में गुरु का प्रवेश मौसम में बदलाव के संकेत भी देता है। इस दौरान कई क्षेत्रों में तेज हवाओं और बारिश की संभावना रहेगी। साथ ही धर्म, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

यह रहेगा राशियों पर असर

मेषः घर-परिवार और संपत्ति में लाभ
वृषः पराक्रम और संचार में वृद्धि
मिथुनः धन और वाणी में सुधार
कर्कः व्यक्तित्व और स्वास्थ्य में उन्नति
सिंहः खर्च और विदेश यात्रा के योग
कन्याः आय और इच्छापूर्ति के अवसर
तुलाः करियर में उछाल और सम्मान
वृश्चिकः भाग्य और धर्म में वृद्धि
धनुः शोध और गूढ़ विषयों में रुचि
मकरः विवाह और साझेदारी में लाभ
कुंभः रोग और कर्ज से सावधानी
मीनः संतान और शिक्षा में सफलता

भोपाल। मौसम सुहाना होने से शाम 6 बजे के करीब वीआईपी रोड पर इतने पर्यटक पहुंचे कि जाम की स्थिति बन

पीपुल्स कॉलेज में दीक्षांत समारोह का हुआ भव्य आयोजन

प्रमाण पत्र और उपाधियां पाकर खिले बीडीएस-एमडीएस स्टूडेंट्स के चेहरे

पीपुल्स में दीक्षांत समारोह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीपुल्स यूनिवर्सिटी के अंतर्गत पीपुल्स कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बीडीएस बैच 2020-21, एमडीएस बैच 2022-23 के विद्यार्थियों, पीएचडी शोधार्थियों तथा फेलोशिप उम्मीदवारों को उपाधियां एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग के सचिव अरिंदम मोदक रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नैतिकता एवं निरंतर सीखने की भावना ही एक सफल पेशेवर की पहचान है। समारोह की अध्यक्षता कुलपति डॉ. हरीश राव ने की। उन्होंने स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पीपुल्स यूनिवर्सिटी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से उत्कृष्ट पेशेवर तैयार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

पीपुल्स ग्रुप के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा आरपी फाउंडेशन के संस्थापक रोहित पंडित शहर से बाहर होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके। अपने संदेश में उन्होंने सभी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

अहम भूमिका

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पीपुल्स यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी देश एवं समाज की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित करेंगे। समारोह का आयोजन पीपुल्स कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर की अधिष्ठाता डॉ. परिमला कुलकर्णी के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

दंत स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने पीसीडीएस-आरसी की मोबाइल डेंटल वैन का किया शुभारंभ

कार्यक्रम के बाद राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग के सचिव मोदक ने पीसीडीएस-आरसी की मोबाइल डेंटल वैन का उद्घाटन भी किया। यह मोबाइल डेंटल वैन दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों में दंत स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने तथा सामुदायिक दंत चिकित्सा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

तेलंगाना में स्वदेशी की जगा रहीं अलख

स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने हैदराबाद प्रवास में श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर के श्रद्धालुओं को वितरित किए स्वदेशी पत्रक और स्वदेशी को अपनाने की अपील की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच की मध्यभारत प्रांत की महिला प्रमुख सीमा भारद्वाज तेलंगाना के प्रवास पर सोमवार को हैदराबाद पहुंचीं। यहां श्रीमती भारद्वाज ने जुबली हिल्स स्थित भव्य एवं प्राचीन श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से स्वदेशी चिंतन एवं पर्यावरण संरक्षण पर आत्मीय चर्चा करने के साथ ही उन्हें स्वदेशी पत्रक प्रदान किए तथा आग्रह किया कि वे भी इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। इसके साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं से पत्रक का चित्र अपने व्हाट्सएप एवं सोशल मीडिया पर भी साझा करने का भी आग्रह किया। जैसे ही श्रद्धालुओ ने पत्रक देखे सभी ने अत्यंत सकारात्मक भाव से इन्हें स्वीकार किया । स्वदेशी विचार को आगे बढ़ाने का संकल्प भी व्यक्त किया। श्रीमती भारद्वाज हैदराबाद प्रवास पर वहां के स्थानीय लोगों से मिलकर स्वदेशी अपनाने के अभियान के तहत पहुंची हैं।

हैदराबाद के जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को स्वदेशी पत्रक वितरित करतीं सीमा भारद्वाज।

अवैध वेंडिंग पर किसका सरंक्षण, यात्रियों की सेहत पर असर

बिना लाइसेंस वेंडरों का ट्रेनों में कब्जा, सिंडिकेट बनाकर कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल में ट्रेनों के अंदर अवैध वेंडिंग खूब फल फूल रहा है। बताया जा रहा है कि यह पूरा नेटवर्क कथित तौर पर कुछ ठेकेदारों से संगठित रूप से संचालित हो रहा है। हालांकि विभाग को कई बार शिकायतें मिलने के बावजूद कार्रवाई केवल औपचारिक नजर आ रही है। सूत्रों के अनुसार, भोपाल मंडल के कई प्रमुख रूट्स पर बिना लाइसेंस के वेंडर खुलेआम ट्रेनों में खाद्य सामग्री और अन्य सामान बेचते देखे जा सकते हैं। इन वेंडरों को ट्रेन में चढ़ने और व्यापार करने की खुली छूट रहती है। आरपीएफ और रेलवे के नाक के नीचे यह व्यापार चल रहा है।

कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता

जानकारी के मुताबिक, अवैध वेंडिंग का यह नेटवर्क पूरी योजना के साथ चलता है। उन्हे पकड़े जाने का कोई डर नही होता है। इसीलीये अवैध वेंडर कम होने की बजाय बढ़ते जा रहे हैं। रेलवे के आधिकारिक प्लेटफॉर्म और ऐप पर पिछले डेढ़ साल में इस संबंध में सैकड़ों शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में कार्रवाई कागजों तक ही सीमित रही। कई बार मामूली जब्ती दिखाकर फाइल बंद कर दी जाती है।

यात्रियों की सेहत और सुरक्षा पर खतरा

यात्रियों का कहना है कि बिना लाइसेंस के वेंडर घटिया और असुरक्षित खाद्य सामग्री बेचते हैं, साथ ही रेलवे नियमों से महंगे दामों पर सामान बैचा जाता है। इसके साथ ही खाने की जांच और अन्य चीजों की जांच भी नहीं होती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा बना रहता हैं। साथ ही, ट्रेनों में अनधिकृत रूप से घूमने वाले ये लोग सुरक्षा के लिहाज से भी जोखिम पैदा करते हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पकड़े जाने पर भी कई वेंडर आसानी से छूट जाते हैं।

रेलवे को राजस्व का नुकसान

सूत्रों के मुताबिक ट्रेनों में सामान बेचने के लिए अवैध वेंडिंग एक संगठित तरीके से संचालित हो रही है। इसमें मुख्य ठेकेदार हर वेंडर से रोजाना 300 से 500 रुपये तक वसूलता है। एक ठेकेदार लगभग 15 से 20 लड़कों को अलग-अलग ट्रेनों में बिक्री के लिए भेजता है। ये वेंडर बिना अधिकृत अनुमति के खानपान और अन्य सामान यात्रियों को बेचते हैं।

समय-समय पर होती है कार्रवाई

समय समय पर अवैध वेडिंग के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई होती है। भोपाल सहित मंडल के सभी स्टेशनों पर वेंडरों के लिए कार्ड अवांटित किए गए है। यदि ट्रेन या स्टेशन में कोई भी वेंडर बिना पहचान पत्र के मिलता है तो उसके खिलाफ काईवाई होती है।

नवल अग्रवाल, पीआरओ, रेलवे भोपाल मंडल

पापा, आप नहीं हो...

हर वर्ष की तरह,
हम सब आपकी सूक्ष्म उपस्थिति में
जन्मदिन मना रहे हैं,
पर ये सच है आप नहीं हो।..
हम अपने मन को समझा लेते हैं
कि आप हमारे आसपास हो,
हमारी यादों, हमारी बातों और
हमारी साँसों में बसे हो।
पर यह भी उतना ही सच है कि
पापा, आप नहीं हो।..
आपने सिखाया था
ख़ामोशी में भी गरिमा से जीना,
हर संघर्ष को मुस्कुराकर गले लगाना,
हर मुश्किल से सीखकर आगे बढ़
जाना।
आपके दिए संस्कार,
आपकी सीख, आपका स्नेह,
हमारी ज़िंदगी की किताब के
हर पन्ने पर दर्ज़ हैं।
आपके बताए रास्ते अब भी वही हैं,
आपके शब्द अब भी मार्गदर्शक हैं,
आपकी यादें अब भी संबल हैं।
सब कुछ वैसा ही है,
पर पापा, आप नहीं हो।..
हाँ, समय के साथ कुछ बढ़ा है
अकेलापन, सूनापन
और एक गहरा अधूरापन।
ऐसा सन्नाटा,
जो हर खुशी के बीच भी
आपकी कमी का एहसास करा देता है।
आप हमारे विचारों में हो,
हमारी आदतों में हो,
हमारी मुस्कान में हो,
हमारी हर सफलता में हो।
आप हमारे बीच कहाँ-कहाँ नहीं हो
पर पापा, आप नहीं हो।..
बस पापा, आप नहीं हो।..
-डॉ आरती सारंग



भाजपा के संस्थापक सदस्य व पूर्व राज्यसभा सांसद
स्व. श्री कैलाश नारायण सारंग जी
की जयंती के अवसर पर
मातृ-पितृ भक्ति दिवस
02 जून, 2026
आदरणीय बुजुर्गों का सम्मान समारोह
आइए हम मिलकर माता-पिता सहित सभी बुजुर्गों का सम्मान करें।
आप सभी से अनुरोध है कि 8347477207 पर मिस्ड कॉल देकर अपनी सहभागिता दर्ज करें तथा अपने अनुभव साझा करने के लिए फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर #सारंग_मातृ_पितृ_भक्ति_दिवस के साथ पोस्ट करें।
"पूज्य पिता जी की जयंती को मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाकर बुजुर्गों का सम्मान कर रहे हैं। इस अभियान को जनांदोलन बनाकर संकल्प लें और अपने माता पिता के साथ हर बुजुर्ग का सम्मान करें।" -विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री, म.प्र. शासन
2 जून को भोपाल सहित देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित 'मातृ-पितृ भक्ति दिवस' में शामिल होकर इसे सफल बनाएँ।
3 जून को स्व. श्री कैलाश सारंग जी की मूर्ति का अनावरण कैलाश सारंग पार्क, एकतापुरी (सेमरा) में होगा।
निवेदक- कैलाश प्रसून सारंग फाउंडेशन (कैप्रस)

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 2 जून 2026

5 मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत...

14 वनरक्षक वन विभाग की रीढ़, वन संरक्षण में...

कोलार की ग्रेविटी मेन लाइन फूटी, दो दिन तक करीब 7 लाख लोगों को पानी नहीं

कुछ इलाकों में कल शाम होगी सप्लाई, दो दिन बाद पूरी तरह से सप्लाई होगी बहाल

बंद रहेगी ग्रेविटी पाइप लाइन, नए व पुराने शहर के आठ जोन पर पड़ेगा असर

मौके पर पहुंचा जल कार्य विभाग का अमला, सप्लाई की बंद, मेंटेनेंस शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की करीब सात लाख आबादी को मंगलवार और बुधवार को जल संकट झेलना पड़ेगा। कहीं शाम को पानी की सप्लाई होगी तो कहीं बुधवार को बंद रहेगी। कारण सोमवार को कोलार क्षेत्र के बांसखेड़ी में शहर को पानी पहुंचाने वाली मुख्य पाइप लाइन का फूटना है। दोपहर लाइन के फूटने से पानी का फव्वारा कई फीट ऊंचाई तक उठने लगा। जल कार्य विभाग का अमला पहुंचा और सप्लाई बंद करवाई गई। देर शाम सुधार शुरू कर दिया गया था। निगम प्रशासन की ओर से कहा गया है कि परियोजना की ग्रेविटी मेन पाइप लाइन का जरूरी मेंटेनेंस करने 2 और 3 जून को कई क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। मंगलवार सुबह 10 से बुधवार 3 जून को सुबह 10 बजे तक मुख्य पाइप लाइन बंद रखी जाएगी, जिससे शहर के कई प्रमुख इलाकों में पानी की सप्लाई प्रभावित होगी।

नए व पुराने शहर के इन इलाकों में बाधित रहेगी पानी सप्लाई



ऐसे फूटी लाइन।

कोलार जलप्रदाय परियोजना की ग्रेविटी मेन लाइन बंद होने से जोन-3 के तहत नारियलखेड़ा, रेजीमेंट रोड, शाहजहांनाबाद, मुर्गी बाजार, रामनगर, रेशम केन्द्र, पूर्वी तथा पश्चिमी निशातपुरा। जोन-4 के तहत चौकसे नगर, ग्रीन पार्क, इंदिरा सहायता नगर, डीआईजी बंगला, शांति नगर, सिंधी कालोनी, भोपाल टॉकीज, हमीदिया रोड, संगम टॉकीज आदि। जोन-5 के तहत मोती मस्जिद, गिन्नौरी, इब्राहिमपुरा, बुधवारा, इतवारा, मंगलवारा, काली मंदिर, इस्लामपुरा, सेंट्रल लायब्रेरी, छावनी। जोन-6 के तहत 1100 क्वाटर्स, शाहपुरा, त्रिलंगा, ई-7 अरेरा कालोनी, पंचशील नगर, श्याम नगर, 12 नंबर मल्टी आदि। जोन-7 के तुलसी नगर, माता मंदिर, चक्की चौराहा, शिवाजी नगर आदि। जोन-8 के अंतर्गत चार इमली, शिवाजी नगर, चूना भट्टी, कोलार बस्ती, दुर्गा नगर, पंपापुर, राहुल नगर बस्ती, राहुल नगर मल्टी, वैशाली नगर, सुरूचि नगर, निवेश नगर, नेहरू नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, नया बसेरा, अंबेडकर नगर, गवर्मेंट क्वाटर्स कोटरा सुल्तानाबाद। जोन-10 के अंतर्गत एमपी नगर, जोन-2, शिवाजी नगर, अरेरा कालोनी, ई-1 से ई-7 तक, ईश्वर नगर, गुलमोहर जी-3, गुलमोहर कालोनी, लक्ष्मण नगर, भरत नगर, सांईबाबा बोर्ड, जनता क्वाटर्स आदि क्षेत्रों में जलप्रदाय बाधित रहेगा।

क्या है ग्रेविटी मेन लाइन

कोलार परियोजना की ग्रेविटी मेन पाइप लाइन गुरुत्वाकर्षण आधारित जलापूर्ति प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस लाइन के माध्यम से फिल्टर प्लांट से शुद्ध पानी विभिन्न जलाशयों और वितरण केंद्रों तक पहुंचता है। पाइपलाइन बंद होने पर पूरे नेटवर्क की सप्लाई प्रभावित हो जाती है, इसलिए मरम्मत कार्य के दौरान बडे क्षेत्र में जलापूर्ति रोकनी पड़ती है।

वार्ड-27 की मांडवा बस्ती में गंदा पानी सप्लाई की शिकायत

भोपाल। शहर के वार्ड-27 में आने वाली मांडवा बस्ती में टैंकरों से गंदा पानी सप्लाई होने की शिकायत क्षेत्रीय पार्षद से रहवासियों ने की है। रहवासियों का कहना है कि निगम टैंकरों से पानी की सप्लाई करता है, लेकिन पानी मटमैला आ रहा है। यह समस्या कई दिन से बनी हुई है। इस समस्या से पांच हजार लोग परेशान हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए क्षेत्रीय पार्षद वीनू सक्सेना से मोबाइल पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने काल अटैंड नहीं किया।

50 से ज्यादा इंजीनियरों ने शहर में जल प्रदाय व्यवस्था देखी

भोपाल।शहर में नगर निगम के 50 से ज्यादा जल कार्य विभाग के इंजीनियरों ने सोमवार को अपने-अपने जोन क्षेत्र में जल प्रदाय व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कोई गंभीर शिकायत अधिकारियों को नहीं मिली। पुराने शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में सीधे पाइप लाइन से मोटर लगाकर पानी खींचने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ऐसा करते पाए जाने पर मोटर जप्त की जाएगी। पुराने शहर के इलाकों में लोगों से ऐसा नहीं करने की हिदायत दी गई है।

ट्विशा शर्मा डेथ केस: सीबीआई ने 80 किलो की डमी से किया सीन रीक्रिएट

समर्थ बोला-उसने ही ट्विशा को फंदे से उतारा था और उसकी गांठ मां गिरिबाला ने खोली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लिगेचर मटेरियल दो दिन तक एसआई ने अपने पास रखा, लापरवाही उजागर

अलग-अलग हाइट बताने पर सीबीआई ने तैयार कराए अलग अलग हाइट के पुतले

मॉडल व एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में सीबीआई की जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। सीबीआई ने सोमवार को आरोपी समर्थ सिंह और उसकी मां गिरिबाला सिंह को लेकर भोपाल स्थित उनके घर में करीब 3 घंटे तक सीन रिक्रिएशन किया। इस दौरान एजेंसी 80 किलो का डमी पुतला और असली लिगेचर बेल्ट लेकर पहुंची थी।

सीबीआई सूत्रों के अनुसार, सीन रिक्रिएशन के दौरान आरोपी समर्थ सिंह ने बताया कि 12 मई की रात उसने ही ट्विशा को फंदे से उतारा था। समर्थ का दावा है कि फंदे की गांठ उसकी मां गिरिबाला ने खोली थी। पूरे घटनाक्रम को दोबारा दोहराकर सीबीआई ने यह परखने की कोशिश की कि मां-बेटे के बयान घटनास्थल की परिस्थितियों से मेल खाते हैं या नहीं।

अलग-अलग हाइट के डमी बनवाए

जांच में सामने आया कि पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट और ट्विशा के परिवार ने उसकी अलग-अलग हाइट बताई थी। इसी कन्फ्यूजन को दूर करने के लिए सीबीआई ने अलग-अलग हाइट के डमी पुतले तैयार करवाए। 80 किलो के डमी को उसी बेल्ट से फंदा बनाकर लटकाया गया, जिससे ट्विशा का शव मिला था। एजेंसी ने यह भी जांचा कि क्या वह बेल्ट इतना वजन झेल सकता था। लिगेचर की टेंसाइल स्ट्रेंथ का वैज्ञानिक परीक्षण किया जा रहा है।

एसआई की लापरवाही से बदली थी जांच की दिशा

इस केस में भोपाल पुलिस की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। 12 मई की रात जिस सब इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा की नाइट ड्यूटी थी, उसने ट्विशा के गले में बंधे लिगेचर बेल्ट को पोस्टमार्टम के वक्त एम्स हॉस्पिटल में जमा नहीं कराया। एसआई दिनेश शर्मा दो दिन तक उस बेल्ट को अपनी कार में रखकर घूमता रहा। जब लिगेचर बेल्ट नहीं मिलने पर परिजनों ने हत्या का संदेह जताया और हड़कंप मचा, तो दो दिन बाद आनन-फानन में उसे फोरेंसिक लैब भेजा गया। सीबीआई सूत्रों का कहना है कि इसी लापरवाही के कारण शुरुआती जांच हत्या की तरफ मुड़ गई थी। अब एजेंसी एसआई शर्मा के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। उसकी भूमिका की अलग से जांच की जा रही है।

ट्विशा का सैलरी विवाद भी जांच के घेरे में

सीबीआई जांच में आर्थिक एंगल भी सामने आया है। पता चला है कि ट्विशा जिस प्राइवेट कंपनी में जॉब करती थी, वहां से उसे पिछले 6-7 महीने से सैलरी नहीं मिली थी। दिलचस्प बात यह है कि आरोपी पति समर्थ सिंह ने उसी कंपनी में 7-8 लाख रुपए इन्वेस्ट किए थे। अब सीबीआई यह जांच कर रही है कि सैलरी क्यों रोकी गई और समर्थ के निवेश का इस केस से क्या कनेक्शन है। वह कंपनी भी अब जांच के दायरे में आ गई है।

वैज्ञानिक साक्ष्यों पर फोकस

सीबीआई का पूरा फोकस अब तकनीकी साक्ष्यों पर है। एजेंसी तय करना चाहती है कि समर्थ के बयान में कितनी सच्चाई है और 12 मई की रात क्या हुआ था। सीन रिक्रिएशन, डमी टेस्ट, लिगेचर एनालिसिस और फोरेंसिक रिपोर्ट के जरिए हर कड़ी को जोड़ा जा रहा है। ट्विशा शर्मा 12 मई कोसमुराल में फंदे से लटकी मिली थी। शुरुआत में पुलिस ने इसे आत्महत्या माना था, लेकिन परिवार के आरोप और लिगेचर बेल्ट को लेकर हुई लापरवाही के बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया था।

शिकायतों पर कार्रवाई करने पहुंची थी 12 लोगों की टीम

आसाराम चौराहे पर कब्जे हटाने गए अमले पर हमला, छुरी-चाकू भी चले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के गांधी नगर स्थित आसाराम तिराहे पर सोमवार को दोपहर करीब एक बजे सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज अतिक्रमण की शिकायत पर कार्रवाई करने पहुंचे अमले पर दुकानदारों ने हमला कर दिया। अमले ने कार्रवाई शुरू की ही थी कि दुकानदारों ने चाकू, छुरी निकाल लिए और कर्मचारियों से मारपीट करने लगे। दुकानदारों ने गाली-गलौच भी की। स्थित बिगडती देख निगम के कर्मचारी तत्काल गांधी नगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई। अतिक्रमण अमले में शामिल 12 लोग बाल-बाल बच गए। किसी तो भी किसी तरह की कोई चोट नहीं आई है। अचानक हुए इस तरह की घटना से आसपास हडकंप मच गया।

निगम की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सोमवार को दोपहर करीब एक बजे सीएम हेल्पलाइन में दर्ज तीन अतिक्रमण की शिकायतों पर कार्रवाई करने अमला पहुंचा था। टीम में करीब 12 लोग थे। जैसे की कार्रवाई शुरू की दुकानदार हेमराज साहू और कन्हैया साहू ने चाकू और छुरी निकालकर गाली-गलौच करना शुरू कर दी और मारपीट पर उतर आए। निगम की अतिकमण अधिकारी ने शासकीय कार्य में बाधा, चाकू-छुरी से हमला करने और गाली-गलौच करने की शिकायत दर्ज करवाई है। अतिक्रमण अधिकारी सृष्टि भदौरिया ने बताया कि अतिकमण हटाने की कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने चाकू-छुरी निकाल लिए थे और मारपीट कर गाली-गलौच करने की घटना हुई। निगम के सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। मामले की शिकायत थाने में कर दी गई है।

अमले से मारपीट करते दुकानदार।

नेताओं से दबाव बनाने की कोशिश भी हुई

बताया जा रहा है आशाराम चौराहे पर रोड के दोनों तरफ दबंगों के कब्जे हैं।

छुरी से डराते रहे।

दुकानदार राजनीतिक दलों के नेताओं से थाने और नगर निगम में काल करवाते रहे ताकि निगम की ओर से शिकायत दर्ज न हो पाए। नेताओं के संरक्षण में उक्त क्षेत्र में कब्जे इतने बढ गई हैं कि लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। इसकी शिकायतें सीएम हेल्पलाइन तक पर दर्ज हुई हैं।

20 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें बंद, अंधेरे में डूबी मुख्य सड़कें

तेज हवाओं से बढ़ी परेशानी, निर्माणाधीन मार्गों पर मंडराया हादसे का खतरा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्मार्ट सिटी और स्वच्छ शहर के दावों के बीच शहर की सड़कें रात के समय अंधेरे में हैं। शहर में लगी करीब 70 हजार स्ट्रीट लाइटों में से 20 हजार से अधिक पिछले पांच माह से बंद बताई जा रही हैं। हाल ही में चली तेज आंधी और हवाओं के बाद करीब 5 हजार स्ट्रीट लाइटें भी ठप हो गईं, जिससे कई प्रमुख मार्गों पर रोशनी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। निर्माणाधीन सड़कों, डायवर्ट किए गए रूटों और खराब मार्गों पर अंधेरसे हादसे का खतरा बना हुआ है।

नगर निगम और स्मार्ट सिटी परियोजना के माध्यम से शहर में एलईडी आधारित आधुनिक स्ट्रीट लाइट नेटवर्क स्थापित किया गया था। इनमें लगभग 20 हजार स्ट्रीट लाइटें स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत लगाई गई हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में बंद होने की बात सामने आ रही है। दीपावली के दौरान नगर निगम के बिजली विभाग और महापौर ने स्वयं मैदान में उतरकर कई बंद लाइटों को चालू कराया था, लेकिन उसके बाद नियमित रखरखाव और निगरानी नहीं होने से लाइटें तेज हवा से बंद हो गईं।

राजधानी के बड़े तालाब पर शाम 6 बजे तेज हवा से लहरें उठती रहीं।

तेज हवा से क्यों बंद हो जाती हैं स्ट्रीट लाइटें?

तेज हवा और आंधी के दौरान स्ट्रीट लाइट नेटवर्क में कई प्रकार की खराबियां हो जाती हैं। पोलों के बीच लगी विद्युत केबल के जोड़ों में ढीलापन आ सकता है। कई स्थानों पर जंक्शन बॉक्स में नमी और धूल प्रवेश कर जाती है, जिससे शॉर्ट सर्किट या ट्रिपिंग की समस्या उत्पन्न होती है। एलईडी में लगे ड्राइवर यूनिट, एसएमपीएस और ऑटोमेटिक कंट्रोलर भी वोल्टेज फ्लक्चुएशन तथा बिजली के झटकों से प्रभावित हो जाते हैं।

इन इलाकों में ज्यादा परेशानी

शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल अयोध्या बायपास रोड, रायसेन रोड, सुभाष नगर ओवरब्रिज, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, करोंद, संत नगर, कोलार, होशंगाबाद रोड, इंद्रपुरी, भवानी धाम, भेल क्षेत्र और आसपास की कॉलोनियों में अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद हैं।

मेट्रो का निर्माण और एनएचएआई के निर्माणाधीन रोड भी अंधेरे में

17 किमी लंबे अयोध्या बायपास पर सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य चल रहा है। जबकि रायसेन रोड पर कई स्थानों पर यातायात एक लेन से संचालित किया जा रहा है और रूट डायवर्ट है। ऐसे में अंधेरे से घिरी सडकों पर वाहन चालकों को गड्ढों, बैरिकेड्स और निर्माण सामग्री का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा रहता है।

निगम का तर्क- सुधरवाई जा रही हैं बंद लाइटें

नगर निगम में विदधुत शाखा के एमआईसी राजेश हिंगोरानी का कहना है कि शहर में जहां भी लाइटें बंद हैं वहां अमला स्ट्रीट लाइटों को सुधारने में लगा है। जहां नई लाइटें खराब हो गई हैं वहां नई लगाई जाएंगी। तेज हवा से स्मार्ट सिटी की लाइटें अधिक बंद होती हैं।

दो से ढाई रुपए प्रति किमी तक बढ़ सकता है यात्री बसों का किराया

बस ऑपरेटरों ने की किराया बढ़ाने की मांग: बढ़ते डीजल-पार्ट्स के दाम से घाटे में संचालन का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बस का सफर जल्द ही काफी महंगा हो सकता है। दरअसल डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने बस ऑपरेटरों की चिंता बढ़ा दी है। इसी समस्या को लेकर मध्य प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन ने सरकार के सामने किराए में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है।

एसोसिएशन की ओर से इस संबंध में सीएम हाउस पहुंचकर सीएम के नाम किराया बढ़ाने को लेकर ज्ञापन दिया है तो वहीं मंगलवार को प्रदेशभर से एसोसिएशन के पदाधिकारी परिवहन मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्यां से अवगत कराएंगे।

फाइल फोटो

एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने बताया कि बढ़ते खर्चों के कारण मौजूदा किराए में बसों का संचालन घाटे का सौदा साबित हो रहा है। इसको लेकर मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और परिवहन विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर ढाई रुपए प्रति किमी तक किराए बढ़ाए जाने को लेकर अपील की है। उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने बताया कि पिछले कई वर्षों से बस किराए में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। इस अवधि में डीजल के दाम, स्पेयर पार्ट्स, इंश्योरेंस, फिटनेस शुल्क, टैक्स और कर्मचारियों के वेतन सहित सभी परिचालन लागतों में लगातार वृद्धि हुई है।

बढ़ती लागत के कारण छोटे और मध्यम स्तर के ऑपरेटर गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कई रूटों पर बसों का संचालन कम यात्रियों और बढ़ते खर्चों के चलते मुश्किल हो गया है। सरकार से वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बस किराए का पुनर्निर्धारण करने का आग्रह किया है।

2021 के बाद से नहीं बढ़ा किराया

मध्य प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष पांडे ने बताया कि प्रदेश में यात्री किराए में आखिरी बार छह 20 अप्रैल 2021 को किराया बढ़ाया गया था। इसके बाद किराए में बढ़ोत्तरी नहीं की गई। उस समय भी हमारी आवश्यकता के अनुसार किराया नहीं बढ़ाया गया था, हमारी आवश्यकता 65% बढ़ोतरी की थी, जिसे मात्र 25% बढ़ोतरी की गई थी। जिस कारण यह व्यवसाय अच्छी स्थिति में संचालित नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि स्टेज कैरिज बसों का किराया बढ़ाया जाने का आग्रह हमारे द्वारा विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। लेकिन अभी तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसके पहले करीब तीन साल पहले किराया बोर्ड की बैठक का आयोजन कर इस विषय में सुनवाई भी की जा चुकी थी। इसके बाद भी कोई फैसला नहीं हुआ।

मोबाइल नंबर पर ओटीपी में देरी से हो रही थी लोगों को दिक्कत

अब बिना ओटीपी के ही निकाल सकेंगे समग्र आईडी का प्रिंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

आय, जाति, मूल निवास, बीपीएल, ईडब्ल्यूएस, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, किसान सम्मान निधि, सहित राज्य सरकार की सभी योजनाओं में समग्र आईडी को अनिवार्य किया गया है। बिना समग्र आईडी के आधार से लिंक नहीं होने पर सरकारी योजनाओं का फायदा नहीं दिया जा सकता। ऐसे में आम लोगों को समग्र आईडी का प्रिंट निकलवाने मोबाइल नंबर पर ओटीपी सबमिट करना पड़ता है। अब इसकी अनिवार्यता को खत्म किया जा रहा है। ऐसे में नाम, पिता का नाम, वार्ड, जोन, नगर निगम, नपा और जिले का नाम दर्ज कर समग्र आईडी सामने आ जाएगी। जिसका बिना ओटीपी प्रिंट लिया जा सकेगा। विभागों की सभी योजनाओं में समग्र आईडी को अनिवार्य किया है। इन योजनाओं का फायदा लेने आवेदकों को पोर्टल पर पंजीयन कराना होता है। इसके साथ समग्र आईडी को आधार से लिंक करना भी अनिवार्य कर दिया गया है।

सरकारी योजनाओं में समग्र आईडी अनिवार्य

लोकसेवा से जुड़े प्रमाण पत्र में भी देना पड़ रही आईडी

समग्र पोर्टल पर आधार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

प्रतीकात्मक चित्र

जिले में आधार की संख्या के हिसाब से समग्र पोर्टल पर ज्यादा रजिस्ट्रेशन हैं। दरअसल कई लोगों ने दो जगहों से समग्र बनवा रखी हैं। जिसको देखते हुए समग्र से आधार का वेरिफिकेशन अनिवार्य किया गया है। ऐसा करने से बिना वेरिफिकेशन वाली समग्र आईडी को डिलीट कर दिया जाएगा।

पूरी जानकारी करना पड़ेगी फीड

बिना ओटीपी के समग्र आईडी का प्रिंट निकालने के लिए ओटीपी अनिवार्य था, हालांकि बिना ओटीपी के समग्र निकालने के लिए नाम, पिता का नाम, वार्ड और जोन की डिटेल दर्ज करना पड़ेगी।

विकास गुप्ता, नोडल अधिकारी समग्र

खबर संक्षेप

पटवा ने की असम के सीएम बिस्वा से भेंट

औबेदुल्लागंज। विधायक सुरेंद्र पटवा नई दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा से भेंट कर उन्हें प्रचंड बहुमत के साथ पुनः असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पटवा ने कहा यह ऐतिहासिक जनादेश, आपके दूरदर्शी नेतृत्व, सुशासन, विकासोन्मुख नीतियों एवं जनकल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। आपके नेतृत्व में असम निरंतर प्रगति, समृद्धि और सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। पटवा ने इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

55 लाख रुपए से बनेगा रोड महापौर ने किया भूमिपूजन

भोपाल। महापौर मालती राय ने कोहेफिजा बीडीए कॉलोनी के रहवासियों को विकास कार्यों की सौगात देते हुए 55 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। उक्त राशि से सड़कों के डामरीकरण, सेन्ट्रल वर्ज निर्माण, हाईमास्ट लाईट लगाई जाएगी। भूमिपूजन अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर, जोन अध्यक्ष विनीता सोनी, स्थानीय पार्षद प्रियंका मिश्रा, पूर्व महापौर सुनील सूद, पूर्व निगम परिषद अध्यक्ष कैलाश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 4 को

औबेदुल्लागंज। क्षेत्र में नेत्र रोगियों के लिए 4 जून गुरुवार को निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, भोपाल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सेवा सदन आंख जांच केंद्र, ब्रज कुंज कॉम्प्लेक्स, महावीर कॉलोनी, औबेदुल्लागंज में होगा। आयोजकों के अनुसार चयनित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, आशाराम बापू चौराहा, एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर, भोपाल में किए जाएंगे। शिविर में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को आधार कार्ड, वोटर आईडी, एक फोटो कॉपी तथा मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा।

अवैध बाउंड्रीवाल बना कर किसान का रोका रास्ता

भोपाल। ग्राम पंचायत मुगालिया कोट में मनरेगा से बनी सरकारी सड़क पर अवैध बाउंड्रीवाल, चादर शेड और लोहे का गेट बनाकर रास्ता बंद कर दिया है। गांव का किसान महेश पाल पिछले तीन महीने से तहसील और कलेक्टोरेट की चक्कर काट रहा है, लेकिन रास्ता नहीं खुल सका है। एक हफ्ते पहले भी अपर कलेक्टर सुमित पांडे ने हुजूर तहसीलदार अतुल शर्मा को जांच के बाद रास्ता खुलवाने का पत्र लिखा था, लेकिन कब्जा अब तक नहीं हटाया गया है। किसान ने बताया कि अवधनारायण पाल ने सरकारी जमीन पर अवैध बाउंड्रीवाल, चादर शेड और लोहे का गेट बनाकर उनके खेत तक पहुंचने वाला रास्ता बंद कर दिया है।

शुभांक

कल्याणः	1638		
दिनः	226	02	156
रातः	400	41	119
ताराः			
दिनः	136	04	400
रातः	249	52	570

पुराने नोट मांगकर साढ़े 22 लाख का इनाम देने का झांसा देकर जालसाज ने महिला से की 1 लाख 91 हजार की ठगी

कहा-आपको एक दो और पांच के पुराने नोट के बदले मिलेंगे साढ़े 22 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव कलारा में साइबर जालसाज ने महिला को एक दो और पांच के पुराने नोट के नाम पर 1 लाख 91 हजार 640 रुपए का चूना लगा दिया। साइबर ठग ने कहा था कि यदि आपके पास ट्रैक्टर और हिरण प्रिंट वाले एक दो और पांच के पुराने नोट हैं, तो आप मालामाल हो जाऊंगी।

महिला ने उसे नोट के फोटो वाट्सएप पर भेजे तो आरोपी ने कहा कि आपकों साढ़े 22 लाख का रुपए का इनाम मिलेगा। बदले में आरोपी चार अलग-अलग खातों में 1 लाख 91 हजार 640 रुपए ट्रांसफर करा लिए।

महिला ने गुनगा पुलिस को घटना की शिकायत की थी। गुनगा पुलिस ने महिला से साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई और बाद में थाने में प्रकरण दर्ज कर लिया।

पुलिस के अनुसार अंतिम विश्वकर्मा (40) गांव कलारा में रहती हैं और मजदूरी करती है। वह मोबाइल पर फेसबुक चला रही थी। इस दौरान फेसबुक पर उसने पुराने नोट के बारे में विज्ञापन देखा। विज्ञापन में लिखा था कि यदि आपके पास एक, दो और पांच के पुराने नोट जो अब चलन से बाहर हो चुके हैं तो आप बहुत जल्द मालामाल हो सकते हो। महिला ने दिए हुए नंबर पर कॉल किया। कॉलर ने कहा कि वाट्सएप नंबर पर नोट की फोटो भेजों, महिला ने वाट्स पर अलग-अलग नोटों की फोटो भेज दी। कॉलर ने कहा कि इन सभी नोट की अलग-अलग डिमांड के अनुसार आपको कुल साढ़े 22 लाख रुपए का इनाम मिलेगा।

चार खातों में कराए 1 लाख 91 हजार 640 रुपए

साइबर जालसाज ने इनाम की राशि भेजने के नाम पर रजिस्ट्रेशन फीस और अन्य चार्ज बताकर 1 लाख 91 हजार 640 रुपए अलग अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। उसने कहा था कि इनाम की उक्त राशि आपके घर भेजी जाएगी। रुपए देने के बाद आरोपी अपने मोबाइल नंबर बंद कर लिए। अंतिम विश्वकर्मा को लगा कि वह धोखाधड़ी की शिकार हो गई है तो उसने तत्काल गुनगा पुलिस से संपर्क किया था। गुनगा पुलिस ने महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि तीन मोबाइल नंबर के माध्यम से अंतिम के साथ ठगी हुई है। इसके अलावा चार अलग-अलग अकाउंट में पैसे ट्रांसफर हुए हैं। पुलिस मोबाइल नंबर नंबर सहित अकाउंट नंबर के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

बाइक अनियंत्रित होकर फिसली गंभीर चोट आने से युवक की मौत

भोपाल। रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित स्टेट डेयरी के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आई थी। डायल 112 उसे घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंची थी। वहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार आदित्य लोखंडे पिता कमलेश लोखंडे (22) पानी की टंकी के पास गांव मेंडोरी में रहता था और डंपर चलाता था। उसके पिता भी डंपर चलाते हैं। आदित्य रविवार सुबह करीब 11 बजे बाइक से मेंडोरी जा रहा था, तभी स्टेट डोयरी के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने उसे घायल अवस्था में पड़ा देखकर डायल 112 को कॉल किया। डायल 112 उसे लेकर अस्पताल पहुंची। वहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अरेरा कॉलोनी ई-6 सर्वेंट क्वार्टर में हुई वारदात

नशे में धुत पति को घर छोड़ने पहुंचे दो आरोपियों ने महिला से की छेड़छाड़, विरोध करने पर मारा चाकू

छेड़छाड़ का विरोध करने पर की मारपीट, मंगलसूत्र छीनकर भागे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा कॉलोनी ई-6 सर्वेंट क्वार्टर में दो बदमाशों ने घर में घुसकर 25 साल की महिला से छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला किया और मंगलसूत्र छीनकर भाग निकले। दरअसल, आरोपी महिला के पति को शराब का नशा अधिक होने के कारण छोड़ने आए थे। इसी दौरान आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार 25 साल की महिला ई-6, अरेरा कॉलोनी सर्वेंट क्वार्टर में रहती हैं। उसने

पुलिस को बताया कि वह पति के साथ सर्वेंट क्वार्टर में रहती है और बंगले पर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करती हैं। गत 30 मई की शाम उसका पति अपने दो दोस्तों में रंजीत और सूरज के साथ पार्टी करने आरआरएल तिराहा कलारी पर गया था। वहां पति ने रंजीत और सूरज के साथ शराब पी। शराब का नशा अधिक होने पर पति बेसुध हो गया। रात करीब साढ़े दस बजे रंजीत और सूरज उसे छोड़ने के लिए घर पहुंचे। उन्होंने संदीप को बाहर लिटा दिया और दरवाजा खटखटाया। महिला ने दरवाजा खोला तो आरोपियों ने कहा कि पीने के लिए पानी चाहिए। महिला पानी लेने अंदर गई तो आरोपी उसके पीछे अंदर पहुंच गए।

महिला ने शोर मचाया तो आरोपियों ने की मारपीट

वहां एक आरोपी ने महिला को पकड़ लिया, जबकि उसके साथी ने बुरी नियत से महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने शोर मचाया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इसी बीच एक बदमाश ने चाकू से हमला किया जो महिला के पीठ पर लगा था। हालांकि चाकू की मामूली खरोंच आई है। महिला का आरोप है कि जाते जाते आरोपी उसका मंगलसूत्र भी छीनकर ले गए थे। महिला ने घटना की शिकायत हबीबगंज पुलिस थाने में की थी। हबीबगंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

ननि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ने लगाई फांसी

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित नई बस्ती गोंडीपुरा में नगर निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था और नशे में उसने फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार महेश गोयल (45) नई बस्ती गोंडीपुरा में रहता था और नगर निगम में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। एक बेटी की वह शादी कर चुका है, जबकि दो बेटे प्राइवेट काम करते हैं। महेश गोयल शराब पीने का आदी थी। रविवार रात दोनों बेटे बाहर थे। घर में पत्नी और महेश अकेले थे। महेश शराब के नशे में घर पहुंचा और खाना खाने के बाद देर रात फांसी लगा ली। फंदे पर लटका देख पत्नी पड़ोसी की मदद से महेश को लेकर निजी अस्पताल पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर महेश को मृत घोषित कर दिया।

फंदे पर लटकी मिली ठेकेदार की पुरानी लाश

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ईश्वर नगर दानापानी रोड पर रहने वाले ठेकेदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश पुलिस ने फंदे से लटकी हुई अवस्था में बरामद की है। लाश डिकंपोज होने लगी थी। अनुमान है कि लाश दो से तीन दिन पुरानी है। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सौरभ बाथम पिता कमलेश बाथम (24) ईश्वर नगर दानापानी रोड पर रहता था और ठेकेदारी करता था। उसकी मां राजस्थान में रहती हैं और वहीं काम करती है। परिवार में बहन और पिता है। पिता भी बेटी के साथ चूनाभट्टी में रहते हैं। सौरभ यहां ईश्वर नगर में अकेला रहता था। गत शुक्रवार 26 मई की शाम बहन की सौरभ से बात हुई थी। उसने बताया था कि सीहोर में काम से आया हूं। भोपाल पहुंचने के बाद चूनाभट्टी आऊंगा। इधर, सौरभ की मां ने उसे कॉल किया, लेकिन वह कॉल रिसीव नहीं कर रहा था। सौरभ की मां ने उसके दोस्त गणेश को रविवार रात घर जाकर देखने का कहा। गणेश घर पहुंचा तो दरवाजे पर ताला लगा था, जबकि पीछे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो गणेश ने खिड़की से झांककर अंदर देखा था। इस दौरान सौरभ की लाश फंदे पर लटकी मिली।

कोहेफिजा थाना पुलिस ने काउंटर प्रकरण दर्ज किया

दो पक्षों में विवाद के बाद फायरिंग चाकूबाजी, आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित बरेला गांव में गुफा मंदिर के पास खेल मैदान पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद इस कदर बढ़ा कि एक पक्ष की ओर से दो फायर कर दिए गए, जबकि दूसरी पक्ष की ओर से चाकूबाजी हुई। फायर होने से एक युवक को पीठ पर गोली लगी है, जबकि उसके साथी के कान के पास से गोली निकल गई। इसी प्रकार चाकूबाजी में एक युवक के पीठ में गंभीर चोट आई है। उसे पीठ में 130 टांके आए है। विवाद एक युवती को लेकर हुआ था। पुलिस ने काउंटर प्रकरण दर्ज किया है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बरेला गांव में गुफा मंदिर खेल मैदान के पास देर रात हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार 23 साल का गुफरान उर्फ गोलू, बरेला गांव लालघाटी में रहता है और केटरिंग का काम करता है। उसका साहिल से किसी युवती को लेकर पुराना विवाद है। गुफरान और साहिल का 31 मई की रात विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर साहिल ने अपने दोस्त मोहम्मद कैफ निवासी टीलाजमालपुरा को बुला लिया। मोहम्मद कैफ अपने नाबालिग साथी के साथ पिस्टल लेकर पहुंचा था। उनके साथ रहमान उर्फ गोलू भी था। सभी लोग देर रात गुफा मंदिर के पास खेल मैदान में मिले। वहां बहस होने के बाद विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर हाथपाई और चाकूबाजी होने लगी। साहिल की तरफ से पहुंचे मोहम्मद कैफ को लगा कि दूसरा पक्ष हावी हो रहा है लिहाजा उसने अपने पास रखी पिस्टल निकालकर दो फायर कर दिया। एक गोली संजय उर्फ शनि के शरीर पर पीछे की तरफ लगी, जबकि एक गोली गुफरान के कान से टकराते हुए निकल गई। जवाबी हमले में दूसरे पक्ष की ओर से चाकूबाजी की गई। इससे गुफरान को पीठ में गंभीर चोट आई है। उसकी पीठ में 130 टांके आए है। पुलिस ने बरेला गांव निवासी गुफरान (35) की शिकायत पर रहमान उर्फ गोलू, मोहम्मद कैफ सहित नाबालिग पर हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, जबकि मोहम्मद कैफ की शिकायत पर गुफरान, साहिल, आरिश, शनि उर्फ संजय पर हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

वार्ड-5 में नाला पाटकर बना दिया नाली, रहवासी चिंतित

नालियों की नहीं हुई साफ-सफाई बारिश में जलभराव की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मानसून आने में अब बहुत कम समय शेष है, लेकिन नगर में नालियों की समुचित साफ-सफाई नहीं होने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। नगर परिषद द्वारा नालियों की सफाई के लिए अभियान तो चलाया जा रहा है, लेकिन कार्य की धीमी गति के कारण बारिश से पहले सभी नालियों की सफाई पूरी होती दिखाई नहीं दे रही है। नगर की अधिकांश नालियां गंदगी और कचरे से भरी हुई हैं, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

नगरवासियों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के दौरान कई वार्डों में पानी भर जाता है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ ही लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बार भी हालात में कोई विशेष सुधार नजर नहीं आ

कचरों से भरी नालियां, नहीं हुई सफाई।

रहा है। वार्ड-5 में स्थिति और भी चिंताजनक है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनाइजर द्वारा क्षेत्र से निकलने वाले पुराने नाले को पाट दिया है। नाले को बंद कर उसकी जगह छोटी नाली का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे जल निकासी का रास्ता अवरुद्ध हो गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो बारिश का पानी सड़कों पर और लोगों के घरों में घुस सकता है।

मुख्यमंत्री को सद्बुद्धि प्रदान करने यज्ञ करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

अभद्र भाषा का प्रयोग पद की गरिमा के अनुरूप नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सद्बुद्धि प्रदान करने युवक कांग्रेस ने किया यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा की गई आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को नगर में युवा कांग्रेस द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया।

युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को सद्बुद्धि प्रदान करने एवं सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा के प्रयोग की कामना की गई। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्षद राजेश खटीक, राजाराम यादव, राजू मेहरा, परवेज खान, मोनी नागर, पंकज नागरानी, उमेश राजपूत, यासीन खान, नवेद खान सहित अन्य कांग्रेस उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने की मांग, अपने बयान को लेकर माफी मांगे मुख्यमंत्री

कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा हाथों में लेकर सीएम के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

कांग्रेसियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खिलाफ महात्मा गांधी की प्रतिमा अपने हाथों में लेकर चंचल चौराहा पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण एवं उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक जिम्मेदार पद पर बैठे हुए हैं, उसके बावजूद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ जो अपशब्दों का उपयोग किया है, उससे पूरे प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मन को ठेस पहुंची है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी किसानों, बेरोजगारों, नवजवानों, आम जनता की समस्यायों को सड़क पर उठाते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव की नाकामियों को उजागर करते रहते हैं। इस अवसर पर उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो अपशब्द हमारे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के बारे में बोले हैं वह वास्तव में आपत्तिजनक शब्द प्रदेश की आम जनता के बारे में है, क्योंकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आम जनता की आवाज बनकर सरकार की नाकामियों को उजागर करते रहते हैं।

मुख्यमंत्री की टिप्पणी का विरोध करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि वे जल्द से जल्द अपने बयान को लेकर माफी मांगे, अन्यथा उनके खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता लीलाधर पंवार, नरेन्द्र केवलानी, अशोक गोकलानी, जगदीश सांवले, राजेश लीलानी, हरिश वलेचा, अनिल टेकचंदानी, शम्मी गंगवानी, राजकुमार धानुक, आत्माराम सूर्यवंशी, विशणु मारण, धीरज गोस्वामी, सुरेश सिंगरोली, गगन भार्गव, बबलु टेकचंदानी, मनोहर सतानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लालघाटी स्थित महामृत्युंजय मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

बड़ी संख्या में कथा सुनने पहुंचे भक्त, शिव, यशोदा और कृष्ण नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति से भाव विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विजय नगर, लालघाटी स्थित महामृत्युंजय मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ के 5वें दिन भक्ति, संगीत और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा प्रारंभ होने से पूर्व शिव, यशोदा एवं कृष्ण के मनोहारी नृत्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात कान्हा का नेग एवं 'राधिका गोरी से' की दिव्य झांकी प्रस्तुत की गई, जिसका उपस्थित श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद लिया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय

कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने कथा में उपस्थित होकर कहा कि आज हम भगवान श्रीराम को तो मानते हैं, लेकिन उनके बताए धर्म, आदर्शों और सिद्धांतों को जीवन में उतारना भी उतना ही आवश्यक है। समिति के उपाध्यक्ष राधेश्याम नाथानी ने बताया कि कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संत नरेश परदासानी, दिनेश मेंघानी, पीके सक्सेना, कन्हैया लुहाना, विनोद, वैभव, लता कल्याणी, धनवंती, रत्ना, रोशनलाल उतवानी, विनय दयरामानी, विकास सराफ, नीलम सक्सेना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ग्राम महोली में बह रही ज्ञान की गंगा

औबेदुल्लागंज। ग्राम महोली में नंदवंशी परिवार एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर कथा श्रवण कर रहे हैं। सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं भक्तिमय वातावरण ने मन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कथा वाचक पंडित सतीश कृष्ण शास्त्री, कृष्ण हेमराज, मीणा प्रकाश पटेल, सरपंच चौकसे, किशोर आडवाणी, प्रेम नारायण नंदवंशी, चरण लाल, भगवान सिंह, जीतू नंदवंशी, भवरलाल, ताराचंद, देवकरण, नर्मदा, तुलसीराम, शिवनारायण, लीला कृष्ण नन्दवशी, रूपराम, जीतू नन्दवशी आदि लोग कथा में शामिल हुए।

निरंकारी संत समागम में बृजेश ने कहा-

भक्ति कोई नाम या दिखावा नहीं बल्कि अपने भीतर की सजग यात्रा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

जोन स्तरीय निरंकारी संत समागम कानपुर से पधारे ज्ञान प्रचारक महात्मा बृजेश वर्मा की हुजूरी में रविवार को राजगढ़ जिले के गनियारी में संपन्न हुआ। ज्ञान प्रचारक महात्मा ने कहा कि भक्ति कोई नाम या दिखावा नहीं, बल्कि अपने भीतर की सजग यात्रा है।

सच्ची भक्ति तब है जब हम आत्म मंथन द्वारा दूसरों से पहले स्वयं को जांचें, अपनी कमियों को सुधारें और हर पल जागरूक जीवन जिएं। अज्ञानता में हुई गलती सुधर सकती है, पर जानबूझकर चोट पहुंचाना, बहाने या चालाक शब्द भक्ति नहीं हैं, क्योंकि भक्त का

स्वभाव मरहम का होता है। समागम के दौरान अनेक वक्ताओं, कवियों एवं गीतकारों ने अपनी विधाओं से गुरु महिमा, भक्ति भाव और मानव कल्याण के संदेशों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। ज्ञातव्य है कि संत निरंकारी मंडल जोन 24 ए भोपाल की सभी ब्रांचों में विभिन्न कार्यक्रम जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा के निर्देशन में निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

इंजीनियरों की लापरवाही, करोड़ों की गड़बड़ी

सड़क बनाने के नाम पर 120 करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी पर 3 अधीक्षण यंत्रियों सहित 9 इंजीनियरों को शोकॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की राजधानी भोपाल में व्हाइट टॉपिंग सड़कों के निर्माण में करीब 90 करोड़ की गड़बड़ी और इंजीनियरों की लापरवाही सामने आई है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी परफार्मेंस गांरटी की आड़ में 120 करोड़ से अधिक की सड़कों के निर्माण में 3 अधीक्षण यंत्रियों से 9 इंजीनियरों को सरकार ने शोकॉज नोटिस थमाया गया है। सबसे ज्यादा गड़बड़ी भोपाल की सड़कों को लेकर सामने आया है। राजधानी भोपाल में पत्रकार भवन से बिड़ला मंदिर वल्लभ भवन, विंध्याचल, सतपुड़ा होते हुए भोपाल हाट बाजार तक 3 सड़कों के संयुक्त मंजूरी 19 करोड़ से अधिक की दी गई थी, जबकि परफारमेंस गारंटी 31 दिसंबर 2026 तक होने के बाद भी इन सड़कों के निर्माण के लिए ठेका जारी कर दिया गया। इसी के तहत मंत्रालय तिराहे से शिवाजी चौराहे ठंडी सड़क 3 मार्गों के लिए 19 करोड़, मंत्री बंगला क्रमांक-1 से 8 तक पहुंच मार्ग स्मार्ट पार्क से आकाशवाणी चौराहा तक 7.7 करोड़, पॉलिटेक्निक चौराहे से राजभवन तिराहा तक 4.72 करोड़, पॉलिटेक्निक चौराहा से मुख्यमंत्री निवास गेट नंबर-2 तक 3.18 करोड़, एसबीआई चौराहे से करबला मार्ग तक 3.50 करोड़, वन विहार मार्ग से वन विहार गेट-1 तक 9 करोड़, छींद पहुंच मार्ग संभाग रायसेन में 5.11 करोड़ की मंजूरी व्हाइट टॉपिंग सड़कों का निर्माण कराने दी गई, जबकि पूर्व में स्वीकृत सड़कों के ठेके परफारमेंस गारंटी में बनाई गई थी। इस मामले में लापरवाही बरतने की वजह से भोपाल राजधानी परियोजना मंडल-1 एवं-2 के तत्काली अधीक्षण यंत्री योगेंद्र कुमार को शोकॉज नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जवाब तलब किया है।

ग्वालियर के फोरलेन में गड़बड़ी

गांधी रोड ग्वालियर फोरलेन मार्ग की लंबाई 3.20 किमी के व्हाइट टॉपिंग कार्य के लिए 13.56 करोड़ की प्रशासकीय मंजूरी तत्कालीन कार्यपालन यंत्री ओमहरि शर्मा ने दिए जाने पर इन्हें भी सरकार ने शोकॉज जारी किया है। इस फोरलेन मार्ग का संधारण परफारमेंस गारंटी में कराने की जगह नए टेंडर जारी कर शर्मा की ओर से गंभीर लापरवाही बरती गई। वहीं मंदसौर के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री आदित्य सोनी ने करीब 4 करोड़ से अधिक के व्हाइट टॉपिंग के कार्य कराया, जबकि उक्त सड़क परफारमेंस अवधि में निर्मित करानी थी। इसके अलावा राजधानी परियोजना भोपाल के कार्यपालन यंत्री एसआर पर्ते ने पत्रकार भवन से बिड़ला मंदिर, वल्लभ भवन, सतपुड़ा होते हुए हाट बाजार तक सड़क निर्माण के लिए 19.02 करोड़ का टेंडर जारी कर दिया, जबकि इस सड़क का काम भी परफारमेंस गारंटी अवधि में होना था। इस तरह इन इंजीनियरों द्वारा गंभीर लापरवाही बरतने और वित्तीय अनियमिताओं के चलते शोकॉज नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर सभी से जवाब मांगा है।

इन इंजीनियरों को भी दिया गया शोकॉज नोटिस

रायसेन के कार्यपालन यंत्री ने छींद पहुंच मार्ग के व्हाइट टॉपिंग निर्माण में परफारमेंस गारंटी के बावजूद 5.11 करोड़ का ठेका जारी कर दिया गया, जबकि परफारमेंस गारंटी अवधि में यह काम पुराने ठेकेदार से कराना था। कार्यपालन यंत्री द्वारा पुनः नवीन काम व्हाइट टॉपिंग का प्रस्ताव भेजा जाना वित्तीय अनिमितता की श्रेणी में माना गया है। ग्वालियर के तत्कालीन अधीक्षण यंत्री एके जैन को भी शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। इन्होंने भी परफारमेंस गारंटी में काम नहीं कराते हुए 13.55 करोड़ का टेंडर जारी किया। नर्मदापुरम के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री सुभाष पाटिल ने 111 लाख का प्रस्ताव सीई को भेज दिया, जबकि काम परफारमेंस अवधि में होने के बावजूद त्रुटिपूर्ण जांच कर रिपोर्ट भेजी गई।

राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के अधीन 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियों में 150 पद स्वीकृत

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत कंपनी के लिए 140 से अधिक पद स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत गठित की गई राज्य स्तरीय कंपनी एवं सात सहायक क्षेत्रीय कंपनियों के संगठनात्मक महत्वपूर्ण अधोसंरचना एवं पदों की स्वीकृति संचालक मंडल ने दी है। इन कंपनियों में प्रभावशील रहने वाले सेवा भर्ती नियम-2026 की भी स्वीकृति संचालक मंडल की ओर से प्रदान की गई है। राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी मप्र यात्री परिवहन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में 7 विभाग कार्य करेंगे।

संचालक मंडल की बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे, कलेक्टर इंदौर शिवम वर्मा एवं आयुक्त नगर निगम इंदौर क्षितिज सिंघल वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

इन पदों पर भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की होगी नियुक्ति

प्रतीकात्मक चित्र

सभी विभागों के प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक रहेंगे

इसमें प्रमुख रूप से आईटी एवं आईटीएमएस विभाग, प्लानिंग एवं अनुबंध विभाग, पॉलिसी विभाग एवं अनुसंधान, मानव संसाधन एवं विधि विभाग, अधोसंरचना विभाग, प्रवर्तन एंव गुणवत्ता विभाग तथा बिजनेस डेवलपमेंट विभाग कार्य करेंगे। सभी विभागों के प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक रहेंगे। इन पदों पर भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के साथ अन्य तकनीकी विशेषज्ञों को लिया जा सकेगा। इस होल्डिंग कंपनी में प्रतिनियुक्ति, संविदा और संविलयन के आधार पर पदों की भर्ती की जा सकेगी। राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी में कुल 140 पद उच्च प्रबंध श्रेणी, वरिष्ठ प्रबंध श्रेणी एवं कनिष्ठ प्रबंध श्रेणी में स्वीकृत किए गए हैं।

बसों की आवाजाही प्रदेश के सभी आईएसबीटी एवं बस स्टैंड तक हो सकेगी

राज्य परिवहन उपक्रम के तहत संचालित होने वाली इन बसों की आवाजाही प्रदेश के सभी आईएसबीटी एवं बस स्टैंड तक हो सकेगी। इस प्रकार एक राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी एवं 7 सहायक क्षेत्रीय कंपनियों में कुल 1190 पद विभिन्न विभागों में सृजित करने की स्वीकृति संचालक मंडल की ओर से प्रदान की गई है। इसमें चरणबद्ध तरीके से आगामी 4 वर्षों तक पदों को भरा जाएगा।

विभाग का युक्तियुक्त निर्णय

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के मार्गों में आने वाली बस सेवा एवं जन-सुविधाओं को संबंधित कलेक्टर एवं नगरीय निकायों के माध्यम से आमजन के लिए व्यवस्थित किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे को भी निर्देशित किया।

एआरटीओ सहित सात निरीक्षकों का तबादला, राजेश गुप्ता बने आरटीओ रायसेन

भोपाल। मप्र सरकार ने सोमवार को परिवहन विभाग के एआरटीओ सहित सात निरीक्षक के ट्रांसफर किए हैं। आदेश सोमवार को शाम जारी किया गया है। इसमें सहायक क्षेत्रीय जिला परिवहन अधिकारी मुरैना अर्चना परिहार को सहायक क्षेत्रीय संभागीय उप परिवहन अधिकारी मुरैना बनाया गया है तो वहीं सहायक क्षेत्रीय जिला परिवहन अधिकारी इंदौर राजेश गुप्ता को आरटीओ रायसेन बनाया गया है। इसी तरह परिवहन निरीक्षक निवाड़ी राजेन्द्र सोनी को आरटीओ भिंड बनाया गया। सहायक क्षेत्रीय जिला परिवहन अधिकारी रायसेन जगदीश सिंह भील को आरटीओ श्योपुर बनाया गया। परिवहन उप निरीक्षक मंदसौर मीनाक्षी गोखले को मुरैना परिवहन उप निरीक्षक बनाया गया।

सुरक्षा व प्रवर्तन अमले के लिए भी पद किए गए स्वीकृत

राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के अधीन 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियों में कुल 150 पदों की स्वीकृति दी गई है। सभी सहायक कंपनियां एक कार्यकारी संचालक के अधीन होंगी। सहायक क्षेत्रीय कंपनियों के अधीन संचालित होने वाली बसों की सुरक्षा एवं सुविधा और प्रवर्तन अमले के लिए भी पद स्वीकृत किए गए हैं। इसमें पुलिस एवं विशेष सशस्त्र बल से अधिकारी-कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर अथवा हाल ही में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों को संविदा पर लिया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने की महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

महिलाओं और बच्चों का कल्याण पहली प्राथमिकता लापरवाही बरतने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- योजनाओं के क्रियान्वयन में जनभागीदारी और जबावदेही करें सुनिश्चित
- पोषण स्तर सुधार की गतिविधियों में विभिन्न विभाग मिलकर करें कार्य
- निजी अस्पतालों और संस्थाओं का भी लिया जाए सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक से अधिक जन भागीदारी और जवाबदेही तय की जाए। बच्चों और महिलाओं में पोषण स्तर को बेहतर करने के लिए संचालित गतिविधियों में स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित निजी अस्पतालों और संस्थाओं को भी जोड़ा जाए। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह निर्देश सोमवार को मंत्रालय में हुई महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

कामकाजी महिलाओं के लिए पीपीपी मोड पर हॉस्टल बनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन औद्योगिक इकाइयों में महिला कर्मियों की संख्या अधिक है, उन इकाइयों में कामकाजी महिलाओं के लिए पीपीपी मोड पर हॉस्टल निर्माण की कार्ययोजना बनाई जाए। बैठक में बताया गया कि देवास, नर्मदापुरम, झाबुआ और सिंगरौली में वर्किंग वुमेन हॉस्टल का निर्माण शुरू हो गया है। प्रताड़ित महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराने के लिए पांढुर्णा, मऊगंज, मैहर, पेटलावद-झाबुआ, इंदौर के लसूड़िया, सांवेर एवं धार के मनावर और पीथमपुर में वन स्टॉप सेन्टर स्वीकृत किए गए हैं।

5 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित किया गया विद्यारंभ समारोह

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 5 से 6 आयु वर्ग के 9 लाख 28 हजार बच्चों के लिए विद्यारंभ आयोजित कर उन्हें विद्यारंभ प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया और बच्चों का शाला में सुगम प्रवेश सुनिश्चित किया गया। प्रदेश के इस नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष सराहना मिली है। बाल देखरेख संस्थाओं की ओर से मुख्यमंत्री खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव के आयोजन की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

सक्षम आंगनबाड़ी उन्नयन में मप्र देश में अग्रणी

बैठक में बताया गया कि सक्षम आंगनबाड़ी उन्नयन के तहत प्रदेश में एक साथ 12 हजार 670 मिनी केंद्रों को मुख्य आंगनबाड़ी के रूप में उन्नत कर मप्र देश में अग्रणी बना है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में जनवरी 2024 से मई 2026 तक प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख से अधिक पात्र बहनों को 47 हजार 775 करोड़ रुपए से अधिक की मासिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है।

कर चोरी रोकने वाणिज्यिक कर विभाग के इन्फॉर्मेशन मॉड्यूल का शुभारंभ

भोपाल। वाणिज्यिक कर विभाग की ओर से शुरू किए गए इंफॉर्मेशन मॉड्यूल से वित्तीय चोरी को रोका जा सकेगा। इसका लाभ प्रदेश को राजस्व वृद्धि में मिलेगा। उप मुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा ने मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों को इंफोर्मेशन मॉड्यूल के निर्माण और शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि मॉड्यूल की बेहतर तरीके से मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाएं।

देवड़ा ने कहा कि राज्य में कर अपवंचन की रोकथाम, राजस्व संग्रहण में वृद्धि तथा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए इन्फॉर्मेशन मॉड्यूल विकसित किया गया है। यह मॉड्यूल कर चोरी, फर्जी बिलिंग, बिना बिल के व्यापार, अवैध गोदाम, कर संबंधी अनियमितताओं एवं अन्य संदिग्ध गतिविधियों की सूचना सीधे विभाग तक सुरक्षित एवं सरल माध्यम से उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान करेगा।

मॉड्यूल से प्राप्त सूचनाओं का विभाग द्वारा विश्लेषण एवं सत्यापन किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त सूचनाओं के निराकरण की स्थिति एवं विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित जानकारी नागरिक पोर्टल पर उपलब्ध डैशबोर्ड के माध्यम से साझा की जाएगी। इससे प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सकेगी। नागरिको की ओर से प्रदान की गई उपयोगी एवं तथ्यात्मक जानकारी राज्य के राजस्व संरक्षण, कर अपवंचन पर प्रभावी नियंत्रण तथा कर प्रशासन को अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आयुक्त वाणिज्यिक कर अनय द्विवेदी ने अपील की कि नागरिक राज्यहित में इस मॉड्यूल का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें तथा कर अपवंचन की रोकथाम एवं राजस्व वृद्धि में सहभागी बनें।

संस्कार, संगठन और प्रकृति के सानिध्य में 7 दिवसीय बाल प्रशिक्षण एवं पर्यावरण जागरुकता शिविर

आरएसएस की शाखा में पर्यावरण संरक्षण की गतिविधि को लेकर बच्चों को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय बच्चों को सकारात्मक दिशा देने एवं उनमें संस्कार, अनुशासन तथा पर्यावरण चेतना विकसित करने के लिए नागेश्वर शाखा संघ स्थान पर 7 दिवसीय बाल प्रशिक्षण एवं पर्यावरण जागरुकता शिविर आयोजित किया जा रहा है।

नागेश्वर महादेव मंदिर, नागेश्वर शाखा संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को एकत्रित करने एवं प्रेरित करने में पर्यावरण प्रेमी एवं संघ के स्वयंसेवक नरेश ठाकुर, परमात्मानन्द, भैयालाल सेन, रामदास सोनी, शिवचरण वर्मा, एमपी श्रीवास्तव, राधेश्याम मालवीय और अनूप मिश्रा का विशेष योगदान रहा। इन कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को खेल-खेल में संस्कार, अनुशासन एवं पर्यावरण संरक्षण के विषयों से जोड़ने का कार्य प्रारंभ किया गया। बच्चों की बढ़ती सहभागिता एवं रुचि को देखते हुए 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के चौथे दिन डॉ. जीडी मिश्रा, बीएस मालवीय ने बच्चों को जल संरक्षण, प्रकृति संवर्धन एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के विषय में संवाद के माध्यम से प्रशिक्षित किया।

आरएसएस की शाखा में बाल प्रशिक्षण शिविर।

सिंहस्थ-2028: हर जिले में अगले 7 महीने तक 6-6 दिन के विशेष प्रशिक्षण सत्र चलेंगे

मध्यप्रदेश पुलिस का सबसे बड़ा ट्रेनिंग मिशन आरंभ इस वर्ष दिसंबर तक 20 बैंचों में होगा हर जवान तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंहस्थ-2028 को पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने आज से अपना सबसे व्यापक प्रशिक्षण अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेश के हर जिले में अगले 7 महीने तक 6-6 दिन के विशेष प्रशिक्षण सत्र चलेंगे। पहले चरण में 22 अप्रैल से 15 मई तक उज्जैन पुलिस लाइन में 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स' कार्यक्रम चला। इसमें जिलों से चुने गए अफसरों-कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर बनाया गया। डीआईजी कानून व्यवस्था तरूण नायक ने बताया कि अब यही मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में जाकर पुलिस बल को ट्रेन करेंगे। 01 जून से दिसंबर तक कुल 20 बैच चलेंगे। हर बैच में जिला पुलिस बल, एसएएफ, रेडियो, विशेष शाखा, पुलिस ट्रेनिंग संस्थान और नगर सेना के जवान शामिल होंगे। मकसद साफ है: सिंहस्थ में ड्यूटी देने वाला एक भी जवान बिना ट्रेनिंग के न रहे।

सुविधाओं पर जोर

पीएचक्यू ने साफ निर्देश दिए हैं कि हर ट्रेनिंग सेंटर में आवास, भोजन, पानी, प्रोजेक्टर, स्क्रीन, कूलर की पूरी व्यवस्था हो। हर बैच खत्म होने पर रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी ताकि ट्रेनिंग की गुणवत्ता परखी जा सके। सिंहस्थ-2016 के अनुभवों को आधार बनाकर इस बार पुलिस दो साल पहले ही जमीनी तैयारी में जुट गई है।

सालों से जमे पुलिसवालों को हटाने की प्रक्रिया शुरू, 6 जून तक एसपी भेजेंगे रिपोर्ट

भोपाल। प्रदेशभर के थानों से लेकर रेंज और जोन से लेकर पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं में 4 साल से ज्यादा समय से जमे पुलिस वालों को हटाने की रिपोर्ट 1 जून से आनी शुरू हो गई है। इस बारे में डीजीपी के सख्त निर्देश हैं कि पुलिस की छवि सुधारने और काम में पारदर्शिता लाने के लिए सालों से जमे पुलिसवालों को हटाने के साथ ही जिलों के एसपी को पालन प्रतिवेदन भेजना अनिवार्य है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने एक ही थाने में 4 साल से ज्यादा समय से जमे पुलिसवालों को तत्काल बदलने के साथ ही एक ही थाने में दोबारा पोस्टिंग में कम से कम 3 साल का अंतराल रखने के निर्देश दिए हैं। इस बारे में 6 जून तक हटाने के आदेश जारी करके पीएचक्यू को सूचित करना अनिवार्य होगा।

कमलनाथ, दिग्विजय, जीतू से पहले चर्चा कर चुका शीर्ष नेतृत्व

राज्यसभा चुनाव के संदर्भ में किया तलब अरुण भी दावेदार

कांग्रेस नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली पहुंचे अरुण यादव, खरगे से मुलाकात, राहुल से भी मिलेंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ नेता कमलनाथ के बाद कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ऐसे दूसरे नेता हैं, जिनके नाम पर राज्यसभा की तीसरी सीट के लिए गंभीरता से विचार किया जा रहा है। खबर है कि इस संदर्भ में चर्चा के लिए कांग्रेस आलाकमान द्वारा अरुण को दिल्ली बुलाया गया है। वे शनिवार को ही दिल्ली पहुंच गए थे। सोमवार को उनकी मुलाकात पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से हुई है। एक दो दिन के अंदर उनकी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से भी चर्चा होगी। खासकर राहुल ने ही उन्हें दिल्ली तलब किया है।

अरुण यादव | कमलनाथ | दिग्विजय सिंह | जीतू पटवारी

खरगे से राज्यसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा

सूत्रों का कहना है कि सोमवार की मुलाकत में खरगे ने अरुण यादव से राज्यसभा चुनाव के संदर्भ में ही चर्चा की है। उन्होंने अरुण से प्रदेश के राजनीतिक हालात की जानकारी ली और यह भी पूछा कि भाजपा ने आपरेशन लोटस चलाने की कोशिश की तो उसे कितनी सफलता मिल सकती है? उन्होंने सीधी सवाल किया कि क्या पार्टी के 6-7 विधायक टूट सकते हैं? अरुण ने बताया कि प्रदेश में पार्टी नेता और विधायक सभी एकजुट हैं। अब भाजपा को कोई सफलता मिलने वाली नहीं।

आज भेंट होने की संभावना

प्रत्याशी पर राहुल को लेना है अंतिम फैसला

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी को ही प्रत्याशी के बारे में अंतिम फैसला लेना है। मंगलवार को अरुण की राहुल से मुलाकात की संभावना है। चूंकि भाजपा द्वारा तीसरी राज्यसभा सीट के लिए आपरेशन लोटस चलाए जाने की संभावना है, इसलिए राहुल पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं से खुद चर्चा कर रहे हैं। राज्यसभा चुनाव को लेकर कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी, उमंग सिंघार और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी से उनकी चर्चा हो चुकी है। अंत में अरुण यादव को बुलाया गया है। अरुण केंद्र में मंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष रहते उनकी मेहनत की बदौलत ही 2018 के चुनाव में जीत कर कांग्रेस प्रदेश की सत्ता में आई थी। यह बात अलग है कि कमलनाथ सरकार को संभाल नहीं पाए। अरुण उस यादव समाज से भी आते हैं, जिससे प्रदेश में भाजपा के सीएम डॉ यादव।

कांग्रेस का मिशन संगठन, उज्जैन संभाग में आज से चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए कांग्रेस ने 'संगठन सृजन अभियान' तेज कर दिया है। इसी कड़ी में 2 जून से 5 जून तक उज्जैन संभाग के चार जिलों में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी खुद इन शिविरों की कमान संभालेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 2 जून को नीमच जिले से होगी। इसके बाद वे मंदसौर, रतलाम होते हुए 5 जून को उज्जैन पहुंचेंगे। चारों जिलों में एक-एक दिन का प्रशिक्षण शिविर रखा गया है। इन शिविरों में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष शामिल होंगे। पार्टी का उद्देश्य जमीनी कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावी और संगठनात्मक जिम्मेदारियों के लिए तैयार करना है। कार्यकर्ताओं को बूथ मैनेजमेंट, जनता से संवाद और सरकार की नीतियों का जवाब देने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हरीश चौधरी इस दौरान जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक भी लेंगे। इसमें स्थानीय वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी और आपसी तालमेल को बेहतर बनाने पर जोर दिया जाएगा। पार्टी का मानना है कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है

पेज एक का शेष....

इंदौर संभाग से होगा

होगा। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के लिए मप्र यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का गठन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत बसों के संचालन के लिए गठित मप्र यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक हुई। बैठक में बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह तथा मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बोर्ड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने डिटेल प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि संपूर्ण मप्र को 7 क्षेत्रों इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर एवं रीवा बांटा गया है। उन्होंने इन शहरों में पूर्व से क्रियाशील शहरी परिवहन के लिए कंपनियों के संबंध में जानकारी दी। बसों का यह संचालन मोटरयान अधिनियम 1988 के सुसंगत प्रावधानों के तहत, स्कीम के प्रकाशन उपरांत होगा तथा इसमें वर्तमान संचालित निजी बसों के अनुज्ञा-पत्र पर कोई प्रभाव नही आएगा।

महाराष्ट्र, गुजरात ...

पर किया जाएगा, इसी प्रकार अन्य 6 क्षेत्रीय मुख्यालयों से भी इन तीनों श्रेणी की बसों का संचालन चिन्हित मार्गों पर उस क्षेत्र की सहायक कंपनियों की ओर से चलाया जाएगा।

स्पीकर तोमर से ...

सुनील उइके जुन्नारदेव, विजय चौरे सौंसर, सुजीत चौधरी चौरई और पांढुर्णा विधायक निलेश उइके शामिल रहे। इस मुलाकात को राज्यसभा चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है। तोमर ने मुलाकात के दौरान विधायकों की मंशा टटोलने की कोशिश भी की। इसे कमलनाथ की दबाव की राजनीति वाली रणनीति भी माना जा रहा है। कांग्रेस नेतृत्व को संकेत देने की कोशिश हो रही है कि यदि कमलनाथ को राज्यसभा का उम्मीदवार न बनाया गया तो विधायक पाला बदल सकते हैं। कांग्रेस को एक सीट जीतने के लिए 58 विधायकों की जरूरत है लेकिन यदि पार्टी के 6-7 विधायक टूट गए तो उसे सीट गंवाना पड़ सकती है।

विधायकों ने कहा- ....

15-15 करोड़ रुपए की विशेष राशि स्वीकृत की गई है, जबकि हम कांग्रेस विधायकों के क्षेत्रों को इस तरह की सहायता नहीं मिली है।

सीएम बोले-वेबसाइट ...

ने यह जानकारी सोमवार को मंत्रालय में मीडिया को जारी वक्तव्य में दी। उन्होंने कहा कि राज्य में चाहे बहनों के तलाक के मामले हों, चाहे पारिवारिक परंपराएं हों, चाहे भिन्न-भिन्न धार्मिक मामले हों, आज वैधानिक और सामाजिक रूप से इनमें भिन्नता की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में हमें समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ने की जरूरत है। अभी तीन राज्यों उत्तराखंड, गुजरात और असम ने इसको अपनाया है।

यूसीसी के अनुकूल राज्य है मप्रः मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में अलग-अलग विद्वानों को मिलाकर समिति भी बना दी गई है। यह समिति विभिन्न जिलों में जाकर सभी धर्मों के लोगों से सुझाव ले रही है। उनकी रिपोर्ट का संकलन करने के बाद हम चाहेंगे कि जल्दी से जल्दी समान नागरिक संहिता मप्र में लागू हो जाए। मप्र उन अनुकूल राज्यों में से एक है जहां यूसीसी लागू होना चाहिए।

ट्रेन पकड़ने के ...

कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस (22187) में चढ़ने का प्रयास कर रही थीं। ट्रेन रवाना हो चुकी थी और चलती गाड़ी पकड़ने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह बच्चे समेत ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच ट्रैक पर जा गिरीं। हादसा देखते ही यात्रियों ने तुरंत चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी और आरपीएफ को सूचित किया। रेलवे और सफाई कर्मचारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों को पटरी से बाहर निकाला। महिला को ऑटो से तत्काल शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में महिला का एक पैर जांघ के पास से और दूसरा पंजे से कट गया है, जबकि बच्चे को मामूली चोटें आई हैं।

खाली पड़े पद...

फेरबदल किए जाएंगे। शुरुआती चरण में लंबे समय से खाली पड़े पदों और संवेदनशील क्षेत्रों में नई तैनाती पर विशेष जोर दिया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व और पुलिस जैसे प्रमुख विभागों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। पुलिस मुख्यालय ने आरक्षक से एसआई स्तर तक के तबादले 5 जून तक करने के निर्देश दिए हैं। नीति के अनुसार 200 तक कर्मचारी वाले विभागों में अधिकतम 20% और 2000 से अधिक कर्मचारी वाले विभागों में 5% तक ही तबादले हो सकेंगे।

कमर्शियल में 42....

है। भोपाल में कमर्शियल गैस सिलेंडर की नई कीमत अब लगभग 3116.50 रुपए तो छोटू गैस सिलेंडर 836.50 रुपए का हो गया है। गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के अनुसार पिछले तीन महीनों में कमर्शियल सिलेंडर के दामों में करीब 1300 रुपए तक की वृद्धि हो चुकी है। भोपाल होटल एवं रेस्टोरेंट संघ के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडर पहले की तुलना में करीब 60 प्रतिशत तक महंगा हो चुका है। इसके चलते भोपाल में खाने की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मई में हुआ...

29.90 लाख करोड़ का रिकॉर्ड लेन-देन हुआ है। इस महीने कुल 23.2 अरब (बिलियन) ट्रांजैक्शन किए गए, जो सालाना आधार पर 24% और वैल्यू के मामले में 19% की बढ़ोतरी दर्शाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक ट्रैवल सीजन, होटल-फ्लाइट बुकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग और आईपीएल के रोमांच ने डिजिटल खर्च को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। रिजर्व बैंक के अनुसार लोग अब रोजमर्रा की छोटी खरीदारी के लिए भी यूपीआई का उपयोग कर रहे हैं। क्रेडिट-ऑन-यूपीआई और यूएई, सिंगापुर जैसे देशों में भी वैश्विक स्तर पर यूपीआई का दबदबा बढ़ रहा है।

शुभम कुमार बने ....

दूसरे और जतिन चाहर 319 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में आईआईटी दिल्ली जोन की ही आरोही देशपांडे ने बाजी मारी है। उन्होंने 360 में से 280 अंक हासिल कर ऑल इंडिया 77वीं रैंक के साथ लड़कियों में पहला स्थान प्राप्त किया। सफल उम्मीदवारों के लिए जल्द ही ज्वॉइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी (जोसा) 2026 की काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। इस बार सीट आवंटन में उम्मीदवारों के लिए कक्षा 12वीं के अंकों या प्रतिशत की कोई बाध्यता नहीं रखी गई है।

जस्टिस विवेक ...

विवेक रूसिया उनका जन्म 2 अगस्त 1969 को जबलपुर में हुआ था। बीएससी और एलएलबी की डिग्रियां प्राप्त करने के बाद उन्हें मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल ने 8 अगस्त 1992 को अधिवक्ता के रूप में नामांकित किया था।

पहलगाम हमला ....

की जांच में सामने आया कि आतंकियों से बरामद मोबाइल फोनों में से एक फोन चार साल पहले पाकिस्तान में खरीदा गया था। यह फोन हमले से ठीक पहले तक बंद पड़ा रहा और इस्तेमाल नहीं किया गया। दोनों मोबाइल हमले के दौरान अचानक एक्टिव हुए। यह फोन पाकिस्तान में 2021 में आयात की गई खेप का हिस्सा था। इस खेप का वित्तपोषण कराची स्थित एक बैंक ने किया था, जिसका नाम पहले भी आतंकवाद से जुड़े मामलों में सामने आ चुका है। अब जांच का फोकस सिर्फ आतंकियों तक सीमित नहीं है। पाकिस्तान से इन आतंकियों को तकनीकी और साजो-सामान की मदद देने वाले नेटवर्क का भी पता लगाया जा रहा है।

'ऑपरेशन महादेव' ....

की सबसे अहम कड़ी साबित हुए। पहलगाम हमलावरों के पास शाओमी रेडमी सीरीज के दो फोन थे जिनमें एक रेडमी 9 टी जो 2021 में आयात हुआ था और दूसरा रेडमी नोट 12 जो 2023 में लाया गया था। दोनों फोन का लिंक पाकिस्तान से जुड़ा है। शाओमी रेडमी जनवरी 2021 में पाकिस्तान पहुंची एक बड़ी खेप का हिस्सा था। यह खेप कराची की टेक सिराट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने कानूनी तौर पर आयात की थी। रिकॉर्ड के मुताबिक इस खेप के फंडिंग और लॉजिस्टिक्स में फेसल बैंक का नाम दर्ज है। फेसल बैंक का नाम पहले भी आतंकवाद से जुड़े मामलों में सामने आ चुका है।

आतंकी लॉन्ग-रेंज ....

मोबाइल को किसी सुरक्षित जगह पर रखा गया हो और जरूरत पड़ने पर ही आतंकियों को सौंपा गया हो। अगर ऐसा एक फोन होता तो इसे संयोग माना जा सकता था, लेकिन दूसरा फोन भी लगभग इसी पैटर्न पर चला।

- रेडमी नोट 12 को 2023 में लाहौर की एयर लिंक कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने आयात किया था। जांच में पता चला कि आयात के बाद यह फोन भी कभी इस्तेमाल नहीं हुआ। इसे भी हमले से ठीक पहले ही एक्टिव किया गया।
- इसकी वजह यह है कि आतंकी लॉन्ग-रेंज रेडियो कम्युनिकेशन तकनीक का इस्तेमाल कर रहे थे।

कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) नर्मदापुरम

क्रमांक/आ.वि./नि. 2026/ नर्मदापुरम दिनांक.....
TRD/1/0007/2026-O/oTRIB-NDPM-COLL क्रमांक : 3708/2026/NDPM-COLL

:: ई-निविदा विज्ञप्ति ::

निविदा आमंत्रण सूचना (आन लाईन ई-निविदा द्वितीय आमंत्रण)

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से जिले में संचालित छात्रावासो/आश्रमों/शैक्षणिक संस्थाओं में सुदृणीकरण कार्यो मरम्मत कार्यों हेतु आनलाईन प्रतिशत दर निविदायें फार्म "ए" पर लोक निर्माण विभाग की केंद्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न तालिका में अंकित निर्माण कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग की भवन निर्माण एवं विद्युत कार्य हेतु प्रचलित दर सूची दिनांक 01.01.2024 से प्रचलित प्रभावशील पर कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम म.प्र. द्वारा ऑनलाईन पध्दति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	ठेके की अनुमानित लागत (लाखों में)	अमानत राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्णता अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1		जिले के विकासखण्ड केसला अंतर्गत संचालित अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्रावासो / आश्रमों एवं शैक्षणिक संस्थाओं / आवासीय विद्यालयों में विभाग व्दारा प्रदाय विभिन्न मद अंतर्गत वार्षिक मरम्मत कार्य, सुदृणीकरण, कार्य अनुरक्षण कार्य, लघु निर्माण कार्य (बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य, अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, शौचालय एवं स्नानागार निर्माण कार्य नलकूप खनन कार्य) अन्य कार्य	150.00	1,50,000/-	12,500/-	365 दिवस	'स' श्रेणी से ठेकेदार या उससे ऊपर

उपरोक्त कार्य के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) https.//www.mptenders.gov.in पर आनलाईन भुगतान कर कय एवं प्रस्तुत किए जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 12.06.2026 सांय 6.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत सूचना व जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती ।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य नर्मदापुरम

G-13748/26 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, पांडवनगर जिला- शहडोल (म.प्र.)

E-mail:-piushahdol@gmail.com

एनआईटी नं.:- 15/2026/केन्द्रीयकृत निविदा/सी.ई./ पीडब्ल्यूडी/भवन/998 रीवा, दिनांक :- 26.05.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

स. क्र.	पोर्टल टेंडर आई. डी.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी रू. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वषार्काल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_ PWPIU_ 510883_1	विचारपुर जिला शहडोल ब्लॉक सोहागपुर में फुटबॉल ग्राऊण्ड, बाऊण्ड्रीवॉल, 02 चेंजिंग रूम, 01 स्टोर रूम, 01 ऑफिशियल्स रूम एवं पवेलियन का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	शहडोल	387.00	387000.00	15000.00	12 माह (वषार्काल सहित)	भूमि उपलब्ध

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेवसाईट https://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑल-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01.06.2026 समय 10:00 AM से दिनांक 16.06.2026 समय 5:30 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, शहडोल (म.प्र.)

जी - 13736/26 स्वच्छता ही सेवा

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

-: आम-सूचना :-

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने श्रीमतिब्रज बाई पुत्री बिहारीलाल पत्नी श्री शैतान सिंह ग्राम मुर्राह सीहोर जिला सीहोर भूमि स्वामी ग्राम गेहूखेड़ा तहसील गौहरगंज जिला रायसेन के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता सिंचित कृषि भूमि खसरा कमांक 50/1(S) रकबा 1.2140 हेक्टेयर अर्थात 3.00 एकड़ लगान 8.51 रूपये इस प्रकार कुल रकबा 1.2140 हेक्टेयर लगान 8.51 अर्थात 3.00 एकड़ जो कि ग्राम गेहूखेडा पटवारी हल्का नम्बर 00028 मगरपुछं विकासखण्ड औबेदुल्लागंज राजस्व निरीक्षक मण्डल औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन मध्यप्रदेश को क्रय करने हेतु टोकन /बयाना राशि अदा कर दी है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी बैंक ,सोसायटी, व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन–देन या वाद विवाद या हिवा, दान, गिरवी, वसीयत, विक्रय अनुबंध, विक्रय विलेख आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करे समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष मे कराने के लिये स्वंतत्र होगे।

भवदीय रोहित यादव (एडवोकेट)
कार्या.:-56,सी.आई. एन्क्लेव चूनाभट्ठी कोलार रोड भोपाल
मो. 9993020804

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड

कार्यालय महाप्रबन्धक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल
फोन ऑफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com

क्रमांक 050/महाप्रबं/सि./887-88 भोपाल, दिनांक : 01.06.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन के दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. सड़क और पुल निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 11.04.2025 एवं बेस रेंट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़ कर भावपत्र संक्षिप्त e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं।

निविदा सूचना क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर राशि रुपये में
मप्रसि/भो./15/01 (ई-निविदा क्र. 2026_MKVVC_511894_1)	स्टोर से मुख्य सड़क और भीतरी सड़क तक सी.सी. अप्रोच रोड का 3 मी. चौड़ीकरण के निर्माण कार्य बाबत।	21.00 लाख	42,000/-

निविदा प्रपुत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 02.06.2026 from 10:30 Hrs.
ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 24.06.2026 up to 12:00 Hrs.
निविदा खुलने की दिनांक/समय : 25.06.2026 at 12:00 Hrs.
निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट **portal.mpcz.in** पर देखें एवं **mptenders.gov.in** पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/126122/2026 महाप्रबंधक (सिविल)

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
भारत का सबसे सस्ता और अच्छा सोलर COMPLETE Solar Solutions
Sirf ₹72,000 Mein! 3.3kW Solar Lagaye Bachat ka Naya Tareeka!
BEST OFFER
HURRY UP!
Na 2 Lakh Mein.. Na 1.5 Lakh Mein..
BRANDS we deal with! TATA POWER SOLAROOF, WAAREE, adani Solar, ECE INDIA
Contact us 99932-41867
Aura Mall, Bhopal, 462010
सोलर लगवाने से पहले एक बार हमसे जरूर संपर्क करें।

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 16-07-26

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

शब्द पहेली - 6244

बाएँ से दाए

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

ऊपर से नीचे

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम ,आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

शब्द पहेली- 6243 का हल



सूडोकु नवताल - 6254

★★★★★ कठिनतम

			4		6			
					2	7		
2	6	8				9		
5	3							6
				6				
7							9	2
		9				8	5	
		2	1					
			3		4			

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6253 का हल

2	9	7	1	3	6	4	8	5
3	1	6	5	8	4	2	9	7
5	4	8	7	9	2	6	3	1
9	2	1	4	7	3	8	5	6
7	8	3	6	1	5	9	2	4
4	6	5	9	2	8	1	7	3
1	7	4	2	5	9	3	6	8
6	3	2	8	4	7	5	1	9
8	5	9	3	6	1	7	4	2

राशिफल

मेष — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मीन — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

खबर संक्षेप

डाबर का रियल एक्टिव कोकोनट वाटर पेश

नई दिल्ली। आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने प्राकृतिक हाइड्रेशन समाधान रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर को पेश किया है। यह नारियल पानी शरीर को नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करता है और बिना किसी अतिरिक्त चीनी के तैयार किया गया है, जिससे यह एक स्वास्थ्यवर्धक और लो-कैलोरी विकल्प बन जाता है। कंपनी के मयंक कुमार ने कहाकि रियल एक्टिव कोकोनट वॉटर गर्मियों का एक परफेक्ट साथी है।

होंडा की 5.18 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज

गुरुग्राम। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मई 2026 में कुल 5,18,777 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की है। यह आंकड़ा मई 2025 में बेची गई 4,65,109 यूनिट्स की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है, जो कंपनी की मजबूत बाजार उपस्थिति और उपभोक्ता मांग को दर्शाता है। कंपनी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2026 में घरेलू बाजार में 4,59,611 यूनिट्स की बिक्री हुई।

श्रीजी शिपिंग को आयकर विभाग की मंजूरी

मुंबई। श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड को आयकर विभाग से टनेज टैक्स स्कीम) के तहत मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी आयकर अधिनियम, 1961 के अध्याय 12-जी की धारा 115वीपी (1) के अंतर्गत कंपनी के पात्र अंतर्देशीय जहाजों के लिए प्रदान की गई है। कंपनी के अनुसार यह मंजूरी वित्त वर्ष 2025-26 (आकलन वर्ष 2026-27) से प्रभावी होगी और वित्त वर्ष 2034-35 तक अथवा लागू नियमों के अनुसार निर्धारित अवधि तक वैध रहेगी।

जॉनसंस बेबी ने लांच की नई मिल्क एंड राइस रेंज

मुंबई। जॉनसंस बेबी' ने अपनी नई 'मिल्क एंड राइस' रेंज लांच की है। लांच की थीम पोषण का पहला स्पर्श अपनी तरह की पहली सांस्कृतिक अवधारणा के माध्यम से, बच्चों की त्वचा को सही आहार देने का दुनिया का पहला अनोखा तरीका है। इस रेंज की ब्रांड एम्बेसडर परिणीति चोपड़ा भी शामिल हुईं, जिन्होंने 30 माताओं और उनके बेबीज़ के साथ मिलकर इस नए स्किनकेयर रिचुअल की शुरूआत का जश्न मनाया।

जेनएक्सएआई एनालिटिक्स का आईपीओ 5 को खुलेगा

मुंबई। जेनएक्सएआई एनालिटिक्स लिमिटेड ने अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम को शुक्रवार, 5 जून 2026 को खोलने का प्रस्ताव रखा है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 54.66 करोड़ रुपए जुटाने का है। इस इश्यू का आकार 47,28,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपए प्रति शेयर है। यह इश्यू शुक्रवार 5 जून 2026 को खुलेगा और मंगलवार 9 जून 2026 को बंद होगा।

बैंकों में उमड़ी भीड़: महंगे गोल्ड से लोग उठा रहे डबल फायदा

गोल्ड लोन लेने वालों का तांता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोने की रिकॉर्ड ऊंची कीमतों ने जहां आम खरीदारों की चिंता बढ़ा दी है, वहीं दूसरी ओर यही महंगा सोना लाखों लोगों के लिए आसान फंडिंग का जरिया बन गया है। भोपाल, मध्यप्रदेश में बैंकों और वित्तीय संस्थानों में गोल्ड लोन लेने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हालात ऐसे हैं कि वित्त वर्ष 2026 में गोल्ड लोन सबसे तेजी से बढ़ने वाले सिक्योर्ड लोन सेक्टर के रूप में उभरकर सामने आया है।

जानकारी के अनुसार सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण लोगों को अपने पुराने गहनों और गोल्ड एसेट्स पर पहले से ज्यादा लोन मिल रहा है। यानी सोना बेचने की जरूरत नहीं पड़ रही और उसकी कीमत बढ़ने का लाभ भी बना हुआ है। दूसरी तरफ उसी सोने को गिरवी रखकर तत्काल नकदी हासिल की जा रही है। यही वजह है कि निवेशक और आम उपभोक्ता दोनों गोल्ड लोन को बेहतर विकल्प मान रहे हैं।

बाजार जानकारों के अनुसार गोल्ड लोन का औसत टिकट साइज भी तेजी से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2024 में जहां औसतन एक लाख रुपए का गोल्ड लोन लिया जा रहा था, वहीं वित्त वर्ष 2026 में यह बढ़कर 1.7 लाख रुपए तक पहुंच गया है। हालांकि होम लोन अब भी सबसे बड़ी लोन कैटेगरी बना हुआ है, जिसका औसत आकार करीब 33.5 लाख रुपए है, लेकिन वृद्धि दर के मामले में गोल्ड लोन ने सभी को पीछे छोड़ दिया है।

एआई इमेज

लोग अब सोने को केवल आभूषण नहीं, बल्कि वित्तीय संपत्ति के रूप में देखने लगे

सराफा कारोबारियों आनंद सोनी के अनुसार सोने की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने गोल्ड लोन की मांग को सीधे तौर पर बढ़ावा दिया है। व्यापारियों के अनुसार, पहले लोग जरूरत पड़ने पर सोना बेचने का विकल्प चुनते थे, लेकिन अब बढ़ती कीमतों के कारण ग्राहक अपने गहने बेचना नहीं चाहते। इसके बजाय वे गोल्ड लोन लेकर तत्काल नकदी की जरूरत पूरी कर रहे हैं और भविष्य में सोने की कीमत बढ़ने का लाभ भी बनाए रखना चाहते हैं। सराफा व्यापारियों का कहना है कि बाजार में ग्राहकों की सोच बदली है। लोग अब सोने को केवल आभूषण नहीं, बल्कि एक मजबूत वित्तीय संपत्ति के रूप में देखने लगे हैं। यही कारण है कि गोल्ड लोन कंपनियों और बैंकों में ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

कम कागजी कार्रवाई और तुरंत पैसा बना आकर्षण

सर्राफा महासंघ भोपाल के संगठन महामंत्री ,प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल ने बताया कि गोल्ड लोन की लोकप्रियता के पीछे सबसे बड़ा कारण इसकी आसान प्रक्रिया है। अन्य लोन की तुलना में इसमें दस्तावेज कम लगते हैं, क्रेडिट स्कोर की बाध्यता सीमित होती है और कुछ ही घंटों में राशि मिल जाती है। यही वजह है कि छोटे कारोबारियों, किसानों और मध्यम वर्ग के लोगों के बीच इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। उनके अनुसार गोल्ड लोन की मांग बढ़ने के पीछे एक और बड़ा कारण भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से अनसिक्योर्ड लोन पर बढ़ाई गई निगरानी और सख्ती को माना जा रहा है। पर्सनल लोन और अन्य बिना गारंटी वाले कर्जों पर सख्त नियम लागू होने के बाद लोग अब सिक्योर्ड लोन की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में गोल्ड लोन सबसे आसान और भरोसेमंद विकल्प बनकर उभरा है। वित्तीय विशेषज्ञों में शामिल करसलाहकार राजेश जैन का कहना है कि यदि सोने की कीमतों में मजबूती बनी रहती है तो आने वाले महीनों में गोल्ड लोन बाजार और तेजी से विस्तार कर सकता है।

बैंकिंग से जुड़े लोगों की सेक्टर की राय

बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े सुनील सिंह और वीके शर्मा का कहना है कि मौजूदा समय में गोल्ड लोन सबसे सुरक्षित और तेजी से बढ़ने वाले रिटेल लोन उत्पादों में शामिल हो गया है। बैंकों के अनुसार सोने की बढ़ती कीमतों ने ग्राहकों की उधार लेने की क्षमता बढ़ा दी है, जिससे उन्हें पहले की तुलना में अधिक राशि का लोन मिल रहा है। बैंक अधिकारियों का मानना है कि अनसिक्योर्ड लोन की तुलना में गोल्ड लोन में जोखिम कम होता है क्योंकि इसके बदले बैंक के पास सोने के रूप में पर्याप्त सुरक्षा होती है। यही वजह है कि कई बैंक और वित्तीय संस्थान इस सेगमेंट पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

एकीकृत जीएसटी 51,990 करोड़ रुपए दर्ज

मई में जीएसटी कलेक्शन 3.2 फीसदी से बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपए के पार हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई 2025 में यह संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपए था। आंकड़ों के मुताबिक, मई में घरेलू लेन देन से केंद्रीय जीएसटी 37,397 करोड़ रुपए और राज्य जीएसटी 45,143 करोड़ रुपए रहा। वहीं एकीकृत जीएसटी 51,990 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो घरेलू मांग में मजबूती का संकेत माना जा रहा है।

सेवाओं की कर योग्य आपूर्ति भी 22.2 प्रतिशत बढ़ी, जिससे घरेलू खपत में सुधार के संकेत मिलते हैं। मई के दौरान आयात से प्राप्त आईजीएसटी संग्रह 19.1 प्रतिशत बढ़कर 59,654 करोड़ रुपएहो गया, जिसे औद्योगिक गतिविधियों और क्षमता विस्तार से जोड़ा जा रहा है। जीएसटी रिफंड 2.6 प्रतिशत बढ़कर 27,281 करोड़ रहा। शुद्ध जीएसटी राजस्व 3.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.67 लाख करोड़ दर्ज किया गया।

मई में कलेक्शन बढ़ा, फिर कैसे हुआ सरकार को घाटा

अप्रैल 2026 के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़ों के हिसाब से देखा जाए तो मई महीने में हुए जीएसटी कलेक्शन में सरकार को सीधे तौर पर घाटा हुआ है। जानकारों का मानना है कि पश्चिम एशिया संघर्ष से उपजे माहौल के चलते जीएसटी कलेक्शन पर यह असर पड़ा है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देशहित में सोना न खरीदने जैसी अपील का भी इस पर असर पड़ा है।

एग्रो इनपुट डीलर्स प्रतिनिधिमंडल की शाह से मुलाकात

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, कृषि और सहकारिता पर हुई चर्चा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री के नेतृत्व में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कृषि, सहकारिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल में महासचिव प्रवीण भाई पटेल, सुभाष शाह, अरविंद पटेल और रमेश पटेल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक के दौरान संगठन के सदस्यों ने मंत्री का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की हालिया उपलब्धि पर भी उन्हें बधाई दी गई। बैठक में मुख्य रूप से किसानों के कल्याण, समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि इनपुट की उपलब्धता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में एग्रो इनपुट डीलर्स की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सहकारिता क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा किसानों तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के सुझाव भी साझा किए। संगठन के अनुसार कृषि इनपुट सेक्टर में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि डीलर नेटवर्क को और अधिक मजबूत किया जाए तो किसानों तक उन्नत बीज, खाद और कृषि तकनीक समय पर पहुंचाई जा सकती है।

शिष्टाचार भेंट

किसान हित और सहकारिता को मिलेगी नई दिशा

प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि सहकारिता मंत्रालय की पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और किसानों की आय बढ़ाने के लक्ष्य को गति मिलेगी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री ने कहा कि मंत्री का मार्गदर्शन हमेशा प्रेरणादायक रहा है और उनके नेतृत्व में कृषि एवं सहकारिता क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है। राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी ने बताया कि बैठक अत्यंत सकारात्मक और रचनात्मक माहौल में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि मंत्री ने संगठन के सुझावों को गंभीरता से सुना और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासों को प्रोत्साहित किया।

बिजनेस न्यूज

सेज यूनिवर्सिटी का दो दिवसीय सेज स्टार्टअप स्पार्क 2.0 का आयोजन 19 जून से

भोपाल। सेज यूनिवर्सिटी इंदौर द्वारा दो दिवसीय सेज स्टार्टअप स्पार्क 2.0 का आयोजन 19 जून से किया जाएगा। यह कार्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा, जो स्टार्टअप शुरू करने की इच्छा रखते हैं या उद्यमिता की दुनिया को करीब से समझना चाहते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी यह समझ सकेंगे कि एक साधारण आइडिया को सफल स्टार्टअप में कैसे बदला जाता है और व्यवसाय की शुरुआत से विस्तार तक की पूरी प्रक्रिया क्या होती है। दो दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में स्टार्टअप पिचिंग, पैनल डिस्कशन, निवेशकों के साथ संवाद, नेटवर्किंग सेशन और इंटरैक्टिव गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान छात्रों को स्टार्टअप इकोसिस्टम की समझ के साथ-साथ इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स और करियर के नए अवसरों की जानकारी भी मिलेगी। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित उद्यमी और विशेषज्ञ शामिल होकर अपने अनुभव साझा करेंगे। इनमें साक्षी बंसल (मैनेजिंग डायरेक्टर, सेज ग्रुप), जतिन आहूजा (फाउंडर एवं एमडी, बिग बॉय टॉयज लिमिटेड), दीपक धनोटिया (फाउंडर एवं मैनेजिंग पार्टनर, शॉप किराना प्रा. लि.) सहित कई उद्योग विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। इसके अलावा निरज अग्रवाल, निपुन अग्रवाल, मनीष डाबकर, किरण बाबू और जिमिश कपाड़िया जैसे उद्योग जगत के अनुभवी लोग भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। सेज यूनिवर्सिटी के चांसलर इंजी. सजीव अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों को नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं साक्षी बंसल ने कहा कि सेज स्टार्टअप स्पार्क 2.0 युवाओं को अपने विचारों को वास्तविक व्यवसाय में बदलने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें उद्यमिता की ओर प्रेरित करना और उन्हें भविष्य के सफल उद्यमी के रूप में तैयार करना है।

डेनेशिया डेंटल क्लीनिक ने किया तंबाकू के दुष्प्रभावों से जागरुक

भोपाल। ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन और डेनेशिया डेंटल क्लिनिक द्वारा संयुक्त रूप से तंबाकू के दुष्प्रभावों को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य और सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत त्रिपाठी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के सेवन से हर वर्ष दुनिया भर में 80 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु होती है। उन्होंने बताया कि भारत में भी तंबाकू जनित रोगों के कारण बड़ी संख्या में परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इस अवसर पर ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन की सचिव डॉ. पूजा त्रिपाठी ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई और उन्हें अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. मोरेपेन समूह 17 हजार से अधिक छात्रों और फैकल्टी को उपलब्ध कराएगा सेवाएं

भोपाल। डॉ. मोरेपेन समूह और वीआईटी भोपाल के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) हुआ है, जिसके तहत विश्वविद्यालय परिसर में एक पूरी तरह से इंटीग्रेटेड हेल्थ सेंटर स्थापित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य 17,000 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। एमओयू पर वीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर वीआईटी भोपाल के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शंकर विश्वनाथन तथा डॉ. मोरेपेन समूह की वरिष्ठ नेतृत्व टीम भी उपस्थित रही। नया हेल्थ सेंटर शैक्षणिक संस्थानों के लिए तैयार किए गए एक विशेष हेल्थकेयर मॉडल के रूप में कार्य करेगा। इसके माध्यम से मेडिकल कंसल्टेशन, डे-केयर सुविधाएं, माइनर प्रोसीजर्स, नॉन-क्रिटिकल इमरजेंसी केयर, एडवांस्ड पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं, फार्मेसी, हेल्थ चेकअप और वेलनेस प्रोग्राम्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा कि वीआईटी भोपाल में देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले 17 हजार से अधिक छात्र अध्ययन करते हैं। ऐसे में उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना संस्थान की प्राथमिकता है। डॉ. मोरेपेन होम के संस्थापक अभिषेक भयाना ने कहा कि उनकी संस्था का उद्देश्य लोगों तक वहीं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जहां उनकी आवश्यकता हो।

एसओएफ इंटरनेशनल ओलंपियाड में भोपाल के छात्रों का जलवा, हासिल की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग

भोपाल। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड 2025-26 में भोपाल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 72 देशों के लाखों छात्रों के बीच हुई इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भोपाल के 31 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें कई छात्रों ने शीर्ष रैंक हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में सागर पब्लिक स्कूल के कक्षा 1 के छात्र अव्यान राकेश दलाल ने इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड (आईएमओ) में इंटरनेशनल रैंक-1 प्राप्त कर गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र पर अपना नाम दर्ज कराया। वहीं दिल्ली पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्र अभिजीत कश्यप ने इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड (आईजीकेओ) में इंटरनेशनल रैंक-2 हासिल की, जिसके लिए उन्हें सिल्वर मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा स्वामी विवेकानंद इंग्लिश स्कूल की कक्षा थ्री की छात्रा पूर्वी कीर ने इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड (आईएचओ) में इंटरनेशनल रैंक-3 प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल और प्रमाण पत्र हासिल किया। छात्रों की इस उपलब्धि ने न केवल उनके विद्यालयों बल्कि पूरे भोपाल को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) के संस्थापक एवं निदेशक महाबीर सिंह ने कहा कि एसओएफ ओलंपियाड विद्यार्थियों को उत्कृष्टता प्राप्त करने और तार्किक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित करता है।

हाईवे पर बढ़ता तनाव और अवैध वसूली पर सवाल

परिवहन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने उठाई डिजिटल चेकिंग व्यवस्था लागू करने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय राजमार्गों पर हाल के दिनों में हुई हिंसक घटनाओं, अवैध वसूली और चेकिंग व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मध्य प्रदेश के चाकघाट, सिकंदरा, खवासा और राजस्थान के पाली जैसे क्षेत्रों में सामने आई घटनाओं ने हाईवे पर कानून-व्यवस्था और चेकिंग प्रणाली को लेकर बहस तेज कर दी है।

परिवहन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों का कहना है कि जो व्यवस्था कभी 'चाय-पानी' जैसे स्वैच्छिक सहयोग से शुरू हुई थी, वह धीरे-धीरे कई जगहों पर अवैध वसूली और दबाव की स्थिति में बदल गई है। इससे न केवल ट्रक चालकों में असंतोष बढ़ रहा है, बल्कि कई बार तनावपूर्ण और हिंसक घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों और विशेषज्ञों का मानना है कि अब समय आ गया है कि हाईवे चेकिंग व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाए। उनका कहना है कि वाहन से जुड़े सभी दस्तावेज जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा और टैक्स पहले से ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं, ऐसे में भौतिक चेकिंग के दौरान होने वाले विवादों और अनियमितताओं को कम किया जा सकता है। प्रस्ताव के अनुसार, यदि चेकिंग प्रक्रिया को तकनीक आधारित और मानव हस्तक्षेप से कम किया जाए तो भ्रष्टाचार की संभावना घटेगी और ट्रांसपोर्ट सिस्टम अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बन सकता है। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का कहना है कि हाईवे पर बढ़ते दबाव, जुर्माने, टोल और अन्य शुल्कों के बीच ड्राइवर पहले से ही आर्थिक और मानसिक तनाव में रहते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में माल ढुलाई का बड़ा हिस्सा सडक़ मार्ग से होता है, ऐसे में हाईवे पर स्थिरता और भरोसेमंद व्यवस्था बेहद जरूरी है। परिवहन क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में लेना सही नहीं है। उन्होंने अपील की है कि विवादों का समाधान संवाद और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाए, न कि हिंसा के जरिए। साथ ही, यह भी सुझाव दिया गया है कि परिवहन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के लिए बेहतर संसाधन और पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जाए, ताकि अनावश्यक दबाव और विवाद की स्थिति कम हो सके।

125 करोड़ रु.के नए ऑर्डर से सथलोखर सिनर्जीज के ऑर्डर बुक 840 करोड़ के पार

चेन्नई। सथलोखर सिनर्जीज ई एंड सी ग्लोबल लिमिटेड को लगभग 125 करोड़ रुपए के नए पुष्ट ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। इन नए प्रोजेक्ट्स के साथ कंपनी की वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कुल पुष्ट ऑर्डर बुक बढ़कर 840.22 करोड़ रुपए हो गई है, जिससे आने वाले समय के लिए मजबूत राजस्व संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। कंपनी को मिले नए ऑर्डर औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों से संबंधित हैं, जो उसकी मजबूत निष्पादन क्षमता और ग्राहकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं। सथलोखर सिनर्जीज को ग्रैंड अटलांटिया पनपक्कम एसईजेड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड से चेन्नई के रानीपेट स्थित शिपकोट पार्क में सिविल और प्री-इंजीनियर्ड बिल्डिंग निर्माण कार्य का बड़ा ऑर्डर मिला है।

कॉइनबेस ने भारत में शुरू की डायरेक्ट रु. ट्रांजैक्शन सुविधा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज और एसएंडपी-500 इंडेक्स में शामिल कंपनी कॉइनबेस ने भारतीय ग्राहकों के लिए डायरेक्ट रुपए में लेनदेन की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इस नई सुविधा के तहत भारतीय उपयोगकर्ता अब आईएमपीएस के माध्यम से सीधे अपने बैंक खातों से रुपए जमा और निकासी कर सकेंगे, जिसके लिए उन्हें किसी पी2पी नेटवर्क या अन्य बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

कंपनी ने बताया कि वह भारत की फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट के साथ पंजीकृत है और भारतीय नियामकीय ढांचे का पूर्ण रूप से पालन करती है। नए सिस्टम के जरिए ग्राहकों को अधिक सहज, तेज और सुरक्षित लेनदेन का अनुभव मिलेगा। कॉइनबेस ने भारतीय ग्राहकों के लिए स्थानीय आईएनआर ऑर्डर बुक भी तैयार की हैं, जिससे उन्हें समर्पित लिक्विडिटी का लाभ मिलेगा।

---

200 से अधिक कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हुईं शामिल, 1150 से अधिक जॉब ऑफर दिए

सिस्टेक ने मनाया 12वां मैग्निफिशिएंट प्लेसमेंट-डे, 700 से अधिक छात्रों को मिले जॉब ऑफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर ग्रुप के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सिस्टेक) में सागर ग्लोरी 2026 के तहत 12वें मैग्निफिशियेंट प्लेसमेंट-डे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और 700 से अधिक विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों से प्राप्त प्लेसमेंट ऑफर्स के लिए सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर सागर ग्रुप के चेयरमैन सुधीर कुमार अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ सुधीर अग्रवाल, डायरेक्टर सागर अग्रवाल, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. ज्योति देशमुख, सिस्टेक गांधी नगर एवं रातीबड़ कैंपस के प्रिंसिपल डॉ. मनीष बिल्लोरे और डॉ. अभिषेक चौबे, सिप्टेक के प्रिंसिपल डॉ. कुलदीप गंजू, कॉर्पोरेट रिलेशंस हेड प्राची श्रीवास्तव, संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सिस्टेक ग्लोरी 2026 छात्रों की उपलब्धियों और प्लेसमेंट सफलता का उत्सव रहा। इस वर्ष संस्थान में 200 से अधिक कंपनियों ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया और 1150 से अधिक जॉब ऑफर दिए। वैश्विक वित्तीय कंपनी बीएनवाई मेलॉन ने 22 लाख रुपए वार्षिक का सर्वोच्च पैकेज ऑफर किया।

शिक्षाविद और विद्यार्थी एक मंच पर

सिप्टेक में 96 प्रतिशत छात्रों का चयन हुआ

संस्थान के अनुसार इस वर्ष 97.2 प्रतिशत छात्रों को प्लेसमेंट प्राप्त हुआ, जबकि औसत पैकेज 4.8 लाख रुपये वार्षिक रहा। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग शाखाओं में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया गया। वहीं सिस्टेक बिजनेस स्कूल और सिप्टेक (फार्मेसी) में 96 प्रतिशत छात्रों का चयन हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सफलता केवल उच्च वेतन या पद प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज, राष्ट्र और मानवता के कल्याण में योगदान देना ही वास्तविक सफलता है। सागर ग्रुप के चेयरमैन सुधीर कुमार अग्रवाल ने छात्रों से कड़ी मेहनत और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर सिद्धार्थ सुधीर अग्रवाल ने कहा कि हार्ड वर्क और स्मार्ट वर्क सागर ग्रुप के डीएनए का हिस्सा है और छात्रों की सफलता ही संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

चिंतन

अडियल रुख ने खटाई में डाली शांति वार्ता

अमेरिका और ईरान के अडियल रुख ने पश्चिम एशिया वार्ता को एक बार फिर खटाई में डाल दिया है। मुश्किल यह है कि दोनों ही देश खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं। यह वार्ता जब कुछ आगे बढ़ती है तो दोनों ही देशों के रुख के कारण जल्द ही ठप हो जाती है। एक माह से भी अधिक समय हो गया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो दोनों ही देश युद्ध विराम पर सहमत हैं, लेकिन मुश्किल होर्मुज को लेकर है, जिसकी वजह से पूरी दुनिया ऊर्जा संकट से जूझ रही है। भारत समेत कई देशों में ऊर्जा संकट बढ़ने से पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। धीरे-धीरे इसका प्रभाव और बढ़ता जा रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया परेशान है। क्रूड की कीमतें अभी उच्चस्तर पर बनी हुई हैं। आपूर्ति संकट ने चालू बाजार में तेल की कीमतें बढ़ाई हुई हैं। ऐसा नहीं है कि पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमतों से अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है। अमेरिका में पेट्रोल (गैसोलीन) की वर्तमान राष्ट्रीय औसत कीमत लगभग 4.39 डॉलर प्रति गैलन (लगभग 96 रुपये प्रति लीटर) हैं। पश्चिम एशिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां युद्ध और शांति के बीच की दूरी बेहद कम दिखाई दे रही है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित किया है, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को भी चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। पिछले एक महीने से अधिक समय से दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष वार्ताओं का दौर चल रहा है, लेकिन ठोस नतीजे सामने नहीं आ पाए हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह दोनों पक्षों का अडियल रवैया और अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता कराने की जिद है। हालांकि हाल के सप्ताहों में बड़े सैन्य टकराव नहीं हुए हैं और दोनों देश युद्धविराम जैसे माहौल को बनाए रखने में सफल रहे हैं, लेकिन इससे स्थायी शांति की उम्मीद नहीं बंधती। असली विवाद होर्मुज जलडमरूमध्य और उससे जुड़े सुरक्षा तथा आर्थिक मुद्दों को लेकर है। दुनिया के कुल समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी प्रकार का तनाव वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करता है। वर्तमान संकट का असर पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में दिखाई दे रहा है, जहां कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। ऊर्जा संकट का सबसे अधिक प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ रहा है। भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों पर दबाव बढ़ा है। परिवहन लागत बढ़ने से महंगाई का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। यही कारण है कि यूएस-ईरान तनाव अब केवल दो देशों का द्विपक्षीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक स्थिरता का प्रश्न बन चुका है। वहीं, अमेरिका में नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप अपनी पार्टी रिपब्लिकन को जीत की खबर देना चाहते हैं। यही ईरान के साथ वार्ता का जोखिम भरा बिंदू भी है। ट्रंप हर प्रस्ताव को इसी पैमाने पर तौलते हैं। उन्हें हर बार इसके लिए कुछ और चाहिए होता है, जिसके कारण हर बार वार्ता खटाई में पड़ जाती है। देखा जाए तो ट्रंप जैसा समझौता चाहते हैं वैसे में सहमति बनने में कई माह लग सकते हैं। अब सबसे पहले होर्मुज और जरूरी मुद्दों पर सहमति बनाकर हालात सामान्य किए जाएं। इसके बाद समय लेकर जटिल मुद्दे सुलाझाएं जाएं तो यह काफी हद तक तर्कसंगत हो सकता है।

खाड़ी देशों में अवसरों के 'द्वार' खोले

बड़ी उपलब्धि

पीयूष गोयल

भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिए भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है। भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200-300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं।

एक जून से लागू हो रहा भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिए भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है। भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200-300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करता है। यह तुरंत ही ओमान में 98% टैरिफ लाइनों के लिए 100 प्रतिशत शुल्क मुक्त बाजार पहुंच की सुविधा देता है, जिसमें 99.38 प्रतिशत निर्यात शामिल है। यह सीईपीएसे पहले की प्रणाली की तुलना में एक उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है। पहले की प्रणाली में केवल 15.3 प्रतिशत भारतीय निर्यात ओमान में शून्य शुल्क के साथ प्रवेश कर सकते थे। भारत की ऐसी वस्तुएं, जिन पर वर्तमान में ओमान में 5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है और जिनकी कीमत लगभग 3.64 बिलियन डॉलर के निर्यात के बराबर है, अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगी। भारत के एमएसएमई क्षेत्र के लिए, यह समझौता परिवर्तनकारी हो सकता है, क्योंकि सीईपीए से लाभान्वित होने वाले कई क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों की प्रमुखता है। लोहा और इस्पात, वस्त्र, चमड़ा, वाहन कल-पुर्जे और औद्योगिक उपकरण जैसे कुछ क्षेत्रों में एमएसएमई को बड़े अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर मिलने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन, निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के युग में, सीईपीएभारतीय निर्यातकों को,जो आर्थिक मंदी और बढ़ते व्यापार बाधाओं का सामना कर रहे हैं, अपने बाजारों को विविध बनाने और परंपरागत बाजारों पर निर्भरता कम करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह व्यापार समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण और कुछ इंजीनियरिंग क्षेत्रों को लाभ पहुंचाता है, जो भारत के प्रमुख रोजगार प्रदाता हैं। ओमान को होने वाले वस्त्र निर्यात में वृद्धि से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और तिरुपुर, सूरत, लुधियाना, पानीपत, कोयंबटूर, करूर, भदोही, मुरादाबाद, जयपुर और अहमदाबाद जैसे प्रमुख क्लस्टर में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। भारत भर के कारीगर और बुनकर भी अपने उत्पादों की उच्च अंतरराष्ट्रीय मांग से लाभान्वित होंगे। भारत भर में, विशेष रूप से तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में, साथ ही महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों समेत चमड़ा और जूता के प्रमुख केंद्रों मं भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रत्न और आभूषण क्षेत्र एक अन्य उदाहरण है, जो दिखाता है कि सीईपीए रोजगार वृद्धि को किस प्रकार तेज करेगा। भारत के पास पहले से ही कटे और पॉलिश किए हुए हीरे, सोने और चांदी के आभूषण तथा हस्तनिर्मित आभूषण उत्पादन में

मजबूत क्षमताएं हैं। शुल्क बाधाओं के हटने से, भारतीय निर्यातकों को यूरोपीय और एशियाई प्रतिस्पर्धियों पर निर्णायक बढ़त मिलेगी। उद्योग जगत का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में ओमान को होने वाला निर्यात बढ़ कर 150 मिलियन डॉलर तक हो सकता है। इससे पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के आभूषण निर्माण केंद्रो में महत्वपूर्ण रोजगार संभावनाएं सृजित होने की उम्मीद है। घरेलू किसानों और संवेदनशील कृषि हितों की सुरक्षा के लिए, भारत ने गेहूं, चावल, मक्का, मोटे अनाज, डेयरी, फल, सब्जियां, खाद्य तेल, तिलहन, चाय, कॉफी और शहद जैसे प्रमुख उत्पादों पर कोई टैरिफ छूट नहीं दी है।

घी, शहद, मीठे बिस्कुट, अंडे और कुछ मिष्ठान्न उत्पादों में भारत को प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा, जिससे देश के कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी और ग्रामीण आय में वृद्धि होगी। यह समझौता भारत के राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) प्रमाणन की स्वीकृति और मान्यता भी प्रदान करता है, जो भारतीय किसानों को ओमान में, जो एक प्रमुख खाद्य आयातक है, जैविक उत्पाद बेचने के लिए विशाल अवसर देगा।

समुद्री उत्पादों में भी विशाल संभावनाएं हैं, जिनका अब तक उपयोग नहीं हो पाया है। 2022 और 2024 के बीच ओमान का समुद्री उत्पादों का आयात लगभग 119 मिलियन डॉलर था। भारत से आयात केवल 7.75 मिलियन डॉलर था, जिससे भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात जैसे झींगा और जमे हुए कटलफिश के लिए विशाल अवसर मौजूद हैं। श्रम-गहन समुद्री उत्पाद उद्योग मछली पकड़ने, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, शीत-श्रृंखला लॉजिस्टिक्स और निर्यात संचालन में अतिरिक्त नौकरियां उत्पन्न कर सकता है। यूएसएफडीए, ईएमए, यूके एमएचआरए और टीजीए जैसे नियामकों द्वारा अनुमोदित भारतीय दवाएं 90 दिनों के भीतर ओमान में स्वचालित विपणन प्राधिकार प्राप्त करेंगी-जो भारतीय फार्मा निर्यातकों के लिए एक बड़ी सफलता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि सीईपीएभारत की पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं के लिए अवसर पैदा करता है। यह पारंपरिक चिकित्सा में संयुक्त अनुसंधान की व्यवस्था करता है।

समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू सेवा और आवागमन में निहित है। ओमान ने भारत के लिए विशिष्ट निर्यात क्षेत्रों में व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं व्यक्त की है, जिनमें पेशेवर सेवाएं, कंप्यूटर और आईटी सेवाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अनुसंधान और विकास तथा पर्यावरण सेवाएं शामिल हैं। लेखा, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, निर्माण, शिक्षाऔर परामर्श जैसे क्षेत्रों में भारतीय पेशेवरों को बेहतर बाज़ार पहुंच से लाभ मिलने की उम्मीद है। महत्त्वपूर्ण रूप से, ओमान ने भारतीय पेशेवरों और श्रमिकों के लिए आवागमन प्रतिबद्धताओं में वृद्धि पर सहमति व्यक्त की है। अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों और संविदा सेवा प्रदाताओं को चार साल तक रहने की अनुमति दी जाएगी, जबकि व्यवसाय आगंतुकों और स्वतंत्र पेशेवरों को आसान अस्थायी प्रवेश की सुविधा मिलेगी। इसने अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों के लिए ऊपरी-सीमा को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की मोदी सरकार की पहल प्रत्येक भारतीय के जीवन को बेहतर बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का हिस्सा है। ओमान के साथ समझौता याद दिलाता है कि व्यापार, विकास, रोजगार सृजन और साझा समृद्धि का एक शक्तिशाली उपकरण है। एक विभाजित और संरक्षणवादी दुनिया में, पीएम मोदी स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि एक नया, आत्मविश्वासी भारत पीछे नहीं हटेगा। यह साझेदारियों, प्रतिस्पर्धा और वैश्विक सहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ेगा।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

क्या सुरक्षित हैं हमारी राष्ट्रीय परीक्षाएं?

देश में इन दिनों एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षाओं की विश्वसनीयता चर्चा के केंद्र में है। पहले नीट-यूजी के प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रबंधन को लेकर उठे विवादों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों को चिंतित किया था। इसके बाद सीबीएसई की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की खबरें सामने आईं। अब विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली सीयूईटी-यूजी परीक्षा में तकनीकी समस्याओं और परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। इन घटनाओं ने केवल कुछ परीक्षाओं की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया है, बल्कि उस पूरे तंत्र की विश्वसनीयता को चुनौती दी है, जिस पर करोड़ों युवाओं के सपने और भविष्य आधारित हैं। आज प्रश्न केवल यह नहीं है कि किसी परीक्षा में तकनीकी त्रुटि क्यों हुई, बल्कि यह है कि क्या भारत की परीक्षा व्यवस्था तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के अनुरूप स्वयं को पर्याप्त रूप से तैयार कर पा रही है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। यहां हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। इन परीक्षाओं का महत्व केवल नौकरी या प्रवेश तक सीमित नहीं होता, बल्कि ये सामाजिक गतिशीलता, अवसरों की समानता और प्रतिभा के सम्मान का माध्यम भी होती हैं। ऐसे में जब किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह युवाओं के मनोबल, व्यवस्था के प्रति विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख पर भी पड़ता है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में बार-बार सामने आ रही परीक्षा संबंधी समस्याएं एक गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय बन गई हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की स्थापना वर्ष 2017 में इस उद्देश्य से की गई थी कि देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं का संचालन अधिक पेशेवर, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से किया जा सके। इसके माध्यम से जेईई, नीट, सीयूईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को एक सुव्यवस्थित ढांचे के अंतर्गत लाने का प्रयास किया गया। प्रारंभिक वर्षों में यह व्यवस्था अपेक्षाकृत सफल भी दिखाई दी। डिजिटल तकनीक के उपयोग, ऑनलाइन परीक्षाओं और केंद्रीकृत प्रबंधन ने प्रक्रिया को आधुनिक बनाने में मदद की। किंतु समय के साथ अनेक विवादों और तकनीकी चुनौतियों ने यह संकेत दिया कि केवल संस्थागत ढांचा बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी कार्यकुशलता और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सीयूईटी-यूजी परीक्षा में सामने आई तकनीकी समस्याएं इसी व्यापक संकट का हिस्सा हैं। कई केंद्रों पर सर्वर संबंधी दिक्कतें, कंप्यूटरों की खराबी, लॉगिन में विलंब तथा परीक्षा संचालन में बाधाएं देखने को मिलीं। डिजिटल परीक्षा प्रणाली का मूल उद्देश्य मानवीय त्रुटियों को कम करना और प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना था, लेकिन जब तकनीक स्वयं समस्या का कारण बन जाए तो विद्यार्थियों के लिए यह दोहरी चुनौती बन जाती है। परीक्षा के दौरान कुछ मिनटों का व्यवधान भी किसी अभ्यर्थी के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या तकनीकी अवसंरचना को पर्याप्त रूप से परखा और मजबूत किया गया था। समस्या का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम परीक्षा के बढ़ते डिजिटलीकरण से जुड़ा है। डिजिटल तकनीक निस्संदेह आधुनिक परीक्षा प्रणाली की आवश्यकता है, किंतु इसके साथ अनेक जोखिम भी जुड़े हैं। साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, सर्वर क्षमता, नेटवर्क स्थिरता और आपदा प्रबंधन जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। भारत जैसे विशाल देश में, जहां लाखों विद्यार्थी एक साथ परीक्षा देते हैं, वहां किसी भी तकनीकी विफलता का प्रभाव बहुत व्यापक हो सकता है। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उसका सुरक्षित, विश्वसनीय और निरंतर परीक्षण किया हुआ होना है। नीट, सीबीएसई या सीयूईटी जैसे विवाद केवल अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं। ये उस गहरे संस्थागत संकट के संकेत हैं, जो परीक्षा प्रणाली के विभिन्न स्तरों पर मौजूद कमजोरियों को उजागर कर रहे हैं। आवश्यकता केवल तात्कालिक संकट प्रबंधन की नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों की है। ऐसी परीक्षा व्यवस्था का निर्माण करना होगा जिसमें तकनीक सहायक बने, बाधा नहीं; प्रशासन जवाबदेह हो, उदासीन नहीं; और सबसे बढ़कर, विद्यार्थियों को यह विश्वास हो कि उनकी सफलता का आधार केवल उनकी प्रतिभा, परिश्रम और योग्यता है। जब यह विश्वास स्थापित होगा, तभी परीक्षा वास्तव में ज्ञान और क्षमता की परीक्षा होगी, न कि व्यवस्था पर भरोसे की।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

शिव कोई नाम नहीं

संकलित

दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित

प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा।

सटाका



आज की पाती

प्रदूषण व जमाखोरी से देश को बचाएंगे पॉलीमर नोट

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा देश में प्लास्टिक अर्थात पॉलीमर नोटों को प्रचलन में लाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास न केवल भारतीय मुद्रा व्यवस्था के आधुनिकीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण तथा नकली मुद्रा पर प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि से भी ऐतिहासिक साबित हो सकते हैं। यदि यह योजना व्यापक स्तर पर लागू होती है, तो इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। आरबीआई पिछले एक दशक से पॉलीमर नोटों के प्रचलन की संभावनाओं पर विचार कर रहा है और इस परियोजना पर निरंतर कार्य भी किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नोट छापने वाली इकाइयों से लेकर एटीएम मशीनों तक को नई व्यवस्था के अनुरूप तैयार करने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। *- संतोष वर्मा, करनाल*

ट्रेंड

जहां जरूरी होगा कार्रवाई करेंगे



जमीन, भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) की एक विशेषता है। स्वतंत्रता से पहले भी एल एंड डीओ को जमीन हस्तांतरित की जाती रही है। चूंकि उस समय दिल्ली में राज्य सरकार नहीं थी, इसलिए केंद्र सरकार जमीन की मालिक बनी। अब जहां जरूरी होगा कार्रवाई की जाएगी। **-मनोहर लाल,** केंद्रीय मंत्री

मैं जनता का पहला सेवक

मेरी राजनीति भी मेरे सूट की तरह ब्लैक एंड व्हाइट होगी। ये रंग साफ सोच और बिना किसी भ्रम के फैसले लेने का संदेश देते हैं। इतने सालों से आपको धोखा देने वालों को छोडकर आपने भाई को चुना। मैं खुद को मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि जनता का पहला सेवक मानता हूं।
-विजय थलापति, सीएम, तमिलनाडु

राज्य में अराजकता फैली

कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। जो लोग टीएमसी छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है। राज्य में अराजकता पूरी तरह से फैली हुई है।
-ममता बनर्जी, पूर्व सीएम, बंगाल

रोजगार के लिए कदम उठा रहे

मेरा सपना गरीबी-मुक्त समाज देखना है। मैं हमेशा बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के बारे में सोचता हूं। विभिन्न श्रेणियों के तहत दी जाने वाली पेंशन बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रतिमाह तक कर दी है। सरकार रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कदम उठा रही है। **-एन. चंद्रबाबू नायडू,** सीएम, आंध्र प्रदेश

करंट अफेयर

ब्रिटेन में भारतीय कर्मी को बकाया वेतन देने का आदेश

ब्रिटेन में रोजगार न्यायाधिकरण ने भारतीय देखभाल कर्मी को 28,000 पाउंड से अधिक की बकाया मजदूरी और अवकाश वेतन देने का आदेश दिया है। न्यायाधिकरण ने पाया कि भारतीय कर्मी को काम दिलाने की जिम्मेदारी लेने वाली कंपनी उसे काम नहीं दिला सकी। दरअसल 33 वर्षीय शाबिन शाजी स्वास्थ्य एवं देखभाल कर्मी वीजा के तहत ब्रिटेन पहुंचा था। उसने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी के लिए स्वान केयर सॉल्यूशंस लिमिटेड से आवश्यक 'स्पॉन्सरशिप' प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। शाजी ने हाल ही में बर्मिंघम के रोजगार न्यायाधिकरण को बताया कि 'स्पॉन्सर' कंपनी ने न तो उन्हें कोई काम दिया और न ही वेतन का भुगतान किया, जो कि वेतन में अनधिकृत कटौती के समान है। रोजगार न्यायाधीश एडमंड्स ने अपने फैसले में कहा, दावेदार (शाजी) को यह साबित करना था कि उन्हें निर्धारित वेतन का भुगतान नहीं किया गया। मैंने पाया है कि दावेदार 15 अप्रैल 2023 से 21 अप्रैल 2024 तक कंपनी का कर्मचारी था। उसके अनुबंध में सप्ताह 40 घंटे कार्य और 22,880 पाउंड वार्षिक सकल वेतन का प्रावधान था। उन्होंने कहा, इस अवधि के दौरान दावेदार अपने काम के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम था। वह केवल इसलिए काम नहीं कर पाया क्योंकि प्रतिवादी (कंपनी) ने उसे काम उपलब्ध नहीं कराया।

ऑफ बीट

कपड़े धोने के पाउडर, तरल डिटर्जेंट में क्या अंतर है?

कपड़े धोने के पाउडर और तरल पदार्थ दोनों में सक्रिय तत्व 'सर्फेक्टेंट' होते हैं, जिन्हें डिटर्जेंट (उत्पाद का नाम) के रूप में भी जाना जाता है। ये आम तौर पर आवेशित या 'आयनिक' अणु होते हैं जिनकी संरचना में दो अलग-अलग भाग होते हैं। एक भाग पानी के साथ और दूसरा भाग तेलीय कणों के साथ क्रिया करता है। यह उपयोगी गुण सर्फेक्टेंट को कपड़ों से ग्रीस और गंदगी को हटाने और पानी के जरिए निकालने की अनुमति देता है। सर्फेक्टेंट बुलबुले भी बना सकते हैं। आपके पानी में घुले धातु के लवण सर्फेक्टेंट के प्रदर्शन को सीमित कर सकते हैं। तथाकथित खारे पानी में बहुत सारे घुले हुए कैल्शियम और मैग्नीशियम लवण होते हैं जो आसानी से साबुन का मैल बना सकते हैं। इसलिए कपड़े धोने के आधुनिक डिटर्जेंट में साबुन के मैल को बनने से रोकने के लिए फॉस्फेट और पानी से कठोर धातुओं को हटाने वाले तत्व होते हैं। कई उत्पादों में 'ऑप्टिकल ब्राइटनर' भी होते हैं। ये रसायन पराबैंगनी प्रकाश को अवशोषित करते हैं और नीली रोशनी छोड़ते हैं, जो सफेद रंग को और सफेद या चमकदार बनाता है। कपड़े धोने के डिटर्जेंट में आम तौर पर सुगंध होती है। इस सुगंध के लिए भी रसायन का उपयोग किया जाता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

ऑल इंडिया रैंक 131 लाकर सिटी टॉपर बने अर्श जैन, किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेईई एडवांस्ड 2026 का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया, जिसमें भोपाल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया। इस वर्ष भोपाल के सिटी टॉपर अर्श जैन रहे, जिन्होंने ऑल इंडिया रैंक 131 हासिल कर बड़ी सफलता प्राप्त की। इसके अलाव शहर के तनिष्क शुक्ला, ऑल इंडिया रैंक 711 लाए। जेईई में और भी प्रतिभाओं ने कड़ी मेहनत, अनुशासित तैयारी और परिवार के सहयोग के दम पर सफलता का मुकाम हासिल कर आईआईटी में प्रवेश की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है। वहीं मप्र के टॉपर रिद्धेश बेंडाले रहे, जिनकी ऑल इंडिया रैंक 18 है और इंदौर के पार्थ महेश्वरी ने ऑल इंडिया रैंक 55 हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया।

जेईई एडवांस्ड 2026 का रिजल्ट हुआ घोषित

कड़ी मेहनत, बहन से मिली प्रेरणा और परिवार के सपोर्ट से सफलता हासिल की

जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक 131 हासिल करने वाले शहर के अर्श जैन ने बताया कि वे दसवीं कक्षा से ही जेईई की तैयारी में जुट गए थे और रोजाना करीब 5 से 6 घंटे पढ़ाई को समर्पित करते थे। अर्श कहते हैं कि लगातार पढ़ाई के दौरान जब भी बोरियत होती थी, तब वे टीवी देखकर खुद को रिलैक्स करता था। उन्होंने कहा कि मेरे पास मोबाइल फोन नहीं है, इसलिए टीवी पर अपने कुछ पसंदीदा शोज देखकर इंटरटेनमेंट करता। साथ ही समय-समय पर दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाता, ताकि पढ़ाई का तनाव कम हो। अर्श कहते हैं कि मेरी माता रेडियोलॉजिस्ट हैं, जबकि पिता इंजीनियर हैं। वे मानते हैं कि परिवार के सहयोग और त्याग के बिना यह उपलब्धि हासिल करना संभव नहीं था। अर्श ने कहा कि मेरी बड़ी बहन आईआईटी दिल्ली से पास आउट हैं। बहन की सफलता से प्रेरित होकर ही मेरे मन में आईआईटियन बनने का सपना जागा।

नाम- अर्श जैन
ऑल इंडिया रैंक- 131

मेहनत और एकाग्रता, साइंस-मैथ्स से लगाव ने दिलाई सफलता, पाई ऑल इंडिया रैंक 711

नाम तनिष्क शुक्ला
ऑल इंडिया रैंक- 711

जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक 711 हासिल करने वाले तनिष्क शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर मेहनत और एकाग्रता को दिया है। तनिष्क कहते हैं कि मैंने 11वीं कक्षा से ही जेईई की तैयारी शुरू कर दी थी और स्कूल व कोचिंग के अलावा रोजाना करीब 4 घंटे सेल्फ स्टडी की। मेरा पूरा फोकस हमेशा पढ़ाई पर ही रहा। साइंस और मैथ्स मेरे पसंदीदा विषय रहे हैं और इन्हीं विषयों में मेरी रुचि ने मुझे आईआईटियन बनने का सपना दिखाया। तनिष्क कहते हैं कि मेरी मां हाउस वाइफ हैं और पिता बीएचईएल में कार्यरत हैं। परिवार का सहयोग और प्रोत्साहन उनकी तैयारी के दौरान लगातार बना रहा। तनिष्क ने कहा कि जब भी वे पढ़ाई करते-करते थक जाते थे या बोरियत महसूस होती थी, तब दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने चले जाता।

नोट्स के लिए करता मां का फोन यूस, पढ़ता नॉलेजऐबल नोबेल

नाम-श्रेयांश जैन
ऑल इंडिया रैंक- 995

ऑल इंडिया रैंक 995 लाने वाले भोपाल के श्रेयांश जैन ने कहा कि मैंने 11वीं क्लास से ही जेईई की तैयारी स्टार्ट की थी और जिसमें मैं रोजाना 10 से 12 घंटे कंसिस्टेंसी और फुल फोकस के साथ पढ़ाई करता था, यहां तक कि मेरे पास स्मार्टफोन भी नहीं था, नोट्स के लिए या हमारे व्हाट्सएप ग्रुप को देखने के लिए मैं अपनी मां का फोन यूज करता था। श्रेयांश ने कहा कि मुझे नॉलेजऐबल नोबेल पढ़ने का शौक है, और साथ ही पहले में क्रिकेट खेलता था, लेकिन जब से प्रिपरेशन स्टार्ट की है मैंने क्रिकेट भी छोड़ दिया है। श्रेयांश के पिता बैंकर है और माता हाउसवाइफ हैं।

नाम-भव्य दिवाकर
ऑल इंडिया रैंक- 1259

क्रिकेट-फुटबॉल से मिलता था रिलेक्स, पढ़ाई से कभी नहीं हुआ बोर

जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक 1259 हासिल करने वाले भव्य दिवाकर ने अपनी सफलता का श्रेय दृढ़ संकल्प और लगातार मेहनत को दिया। रोजाना करीब 10 घंटे पढ़ाई करता था। शुरू से ही डिसाइड कर लिया था कि मुझे आईआईटियन बनना है। क्योंकि शुरू से ही मैथ्स मेरा फेवरेट सब्जेक्ट रहा है। भव्य ने कहा मुझे पढ़ाई से कभी बोरियत नहीं हुई। पढ़ाई के बीच खुद को तरोताजा रखने के लिए क्रिकेट और फुटबॉल खेलना पसंद करता।

मंथन के समर कैंप में नजर आया सीख, नेतृत्व और आनंद का संगम

भोपाल । शहर की राम नगर बस्ती के बच्चों एवं किशोरों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए मंथन फाउंडेशन द्वारा तीन दिवसीय समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 120 बच्चों एवं किशोरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं मंथन के 20 स्वयंसेवको का योगदान रहा। तीन दिनों तक आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सीखने, अभिव्यक्ति और नेतृत्व के अवसर प्रदान किए गए।

- समर कैंप में 120 बच्चों एवं किशोरों ने लिया भाग

कैंप में जुम्बा एवं व्यायाम, टीम बिल्डिंग गेम्स, ट्रेजर हंट, जेमिंग सेशन, समुदाय की समस्याओं की पहचान एवं समाधान संबंधी गतिविधियाँ, हैंडराइटिंग अभ्यास, रचनात्मक खेल, समूह चर्चा तथा मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मंथन फाउंडेशन के संस्थापक ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास, सामाजिक कौशल और सकारात्मक व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भारत भवनः सदानीरा समागम का छठवां दिन

'क्रिटिकल पॉइंट' से भावलोक की यात्रा में एकाकार हुए विज्ञान, कला और चेतना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित सदानीरा महोत्सव के छठवें दिन दक्षिण कोरिया के प्रतिष्ठित नृत्य समूह मूट डांस कंपनी ने अपनी अद्भुत नृत्य-नाट्य प्रस्तुति "क्रिटिकल पॉइंट" के माध्यम से दर्शकों को एक ऐसे भावलोक में पहुंचा दिया, जहां विज्ञान, चेतना और कला एकाकार होते नजर आए। जल और मानव मन के सूक्ष्म संबंधों को केंद्र में रखकर रची गई इस प्रस्तुति ने सिर्फ मनोरंजन नहीं किया, बल्कि दर्शकों को आत्ममंथन के लिए भी प्रेरित किया। इसके पहले पूर्व रंग के मंच पर बुंदेली लोकगीत छतरपुर की अनामिका पांडे एवं साथी द्वारा प्रस्तुति दी गई।

नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति देते कलाकार। इनसेट : बुंदेली गीतों की प्रस्तुति।

जल की लय में जीवन, सृजन और विनाश का दार्शनिक संवाद

ओडिसी नृत्य शैली में प्रस्तुत जल दर्पण : अस्तित्व का प्रतिबिंब केवल एक नृत्य-नाट्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि जल और मानव अस्तित्व के गहरे संबंधों की संवेदनशील कलात्मक व्याख्या है। यह रचना जल को जीवन के आधार से आगे बढ़ाकर सृष्टि, चेतना और परिवर्तन के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करती है। इस प्रस्तुति में जल किसी निर्जीव तत्व की तरह नहीं, बल्कि एक जीवंत पात्र के रूप में उपस्थित होता है। ऐसा पात्र जो जन्म देता है, पोषण करता है और समय आने पर सब कुछ अपने भीतर विलीन भी कर सकता है।

जब पदार्थ अचानक अपना स्वरूप बदल देता है

इस प्रस्तुति का आधार विज्ञान की उस अवधारणा क्रिटिकल पॉइंट पर था, जहाँ कोई पदार्थ अचानक अपना स्वरूप बदल देता है। मुट डांस कंपनी ने इसी वैज्ञानिक सिद्धांत को मानव जीवन और उसकी भावनाओं से जोड़ते हुए अत्यंत संवेदनशील ढंग से मंच पर उतारा।

सदानीरा महोत्सव के छठवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए।

प्रदेश में लगभग दो लाख जल संरचनाओं पर हुआ कार्यः मुख्यमंत्री

सदानीरा महोत्सव के छठवें दिन मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रहे, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल का विशेष महत्व है और जल के बिना कोई भी धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण नहीं माना जाता। उन्होंने रहीम के प्रसिद्ध दोहे का उल्लेख करते हुए कहा कि पानी केवल जीवन का आधार नहीं बल्कि संस्कृति और सभ्यता का भी मूल तत्व है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग दो लाख जल संरचनाओं पर कार्य किया जा चुका है, जबकि बड़ी संख्या में अन्य परियोजनाओं पर काम जारी है।

जेईई-एडवांस्डः एलन भोपाल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, मप्र टॉपर बने रिद्धेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईआईटी रुड़की द्वारा जारी जेईई-एडवांस्ड 2026 के परिणामों में एलन भोपाल के विद्यार्थियों ने फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। एलन भोपाल के एकेडमिक हेड ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के छात्र रिद्धेश बेंडाले ने ऑल इंडिया रैंक-18 हासिल कर मध्य प्रदेश में टॉप किया है। वहीं पार्थ माहेश्वरी ने एआईआर -55 प्राप्त कर राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा संस्थान के कई अन्य क्लास रूम विद्यार्थियों श्रेयांश जेना, ईशान मित्तल, भविष्य आचार्य, वेदांत श्रीवास्तव, सारांश, खुशी महावर, आर्यन पॉल तिर्की, अथर्व देशमुख, प्रवज्य गजभिए, अर्णव राय, यथार्थ शर्मा, नक्षत्र बोराडकर, वरेण्यम पटले, आयुष तिवारी सहित 32 से अधिक छात्रों ने भी सफलता प्राप्त की है।

एलन की राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां

राष्ट्रीय स्तर पर एलन के प्रदर्शन की बात करें तो जेईई-एडवांस्ड 2026 में संस्थान के शुभम कुमार ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल किया। इसके अलावा टॉप-10 में एलन के 6 छात्र शामिल रहे, जबकि टॉप-50 में 24 और टॉप-100 में 41 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। एलन ने अब तक जेईई-एडवांस्ड में सात बार एआईआर -1 देने का रिकॉर्ड बनाया है और कई वर्षों से शीर्ष रैंकिंग में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए रखी है।इस बार के परिणामों में कबीर छिल्लर (एआईआर -2), जतिन चाहर (एआईआर -3) और गर्ल्स टॉपर आरोही देशपांडे (एआईआर -77) जैसे विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। वहीं ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म से यशवर्धन नेएआईआर -52 प्राप्त कर डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में भी संस्थान की सफलता को मजबूत किया।

एलन कोटा का लगातार तीसरे वर्ष भी ऑल इंडिया रैंक-1

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईआईटी रुड़की द्वारा जारी जेईई-एडवांस्ड 2026 के परिणामों में एलन करियर इंस्टीट्यूट, कोटा ने एक बार फिर देशभर में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल किया है। इस वर्ष के नतीजों के साथ संस्थान ने जेईई-एडवांस्ड इतिहास में सातवीं बार एआईआर -1 देने का रिकॉर्ड भी कायम किया है। एलन के क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। वहीं कबीर छिल्लर ने 329 अंकों के साथ एआईआर -2 और जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ एआईआर -3 प्राप्त कर संस्थान को शीर्ष तीनों स्थान दिलाए। इसके अलावा एलन के अर्नव गौतम (एआईआर -7), कनिष्क जैन (एआईआर -8) और दर्श सिक्का (एआईआर -10) ने भी टॉप-10 में जगह बनाई। इस प्रकार टॉप-10 में एलन के 6 छात्र शामिल रहे।

शुभम कुमार

टॉप 50 में 24 छात्रों की शानदार उपस्थिति

संस्थान के प्रदर्शन में टॉप-50 रैंक में 24 क्लासरूम स्टूडेंट्स का चयन हुआ है, जो देशभर में उसकी मजबूत शैक्षणिक प्रणाली और तैयारी मॉडल को दर्शाता है। इसके साथ ही एलन के ऑनलाइन लाइव कोर्स से यशवर्धन ने एआईआर -52 हासिल कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया। एलन की आरोही देशपांडे को ऑल इंडिया गर्ल्स टॉपर बताया गया है। इसके अलावा देश के 7 आईआईटी जोनों में से 59दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, भुवनेश्वर और रुड़की के जोन टॉपर एलन के छात्र रहे। एलन करियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत और संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में आईआईटी प्रवेश पाने वाले प्रत्येक चार में से एक छात्र एलन से रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि परिणामों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पिछले तीन वर्षों से संस्थान ईवाई जैसी ऑडिट फर्म से रिकॉर्ड का सत्यापन करवा रहा है।

समर बाजार 2.0 में बड़ी संख्या में महिलाओं ने की शिरकत

समर बाज़ार 2.0 में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने भाग लिया।

भोपाल वूमेन हब ने शहर को दिया पहला नाइट बाजार अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिलाओं के सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भोपाल वूमेन हब द्वारा आयोजित समर बाज़ार 2.0 ने शहर में एक नया इतिहास रच दिया। शाहपुरा हॉकर्स स्ट्रीट में आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन ने भोपालवासियों को पहली बार नाइट बाज़ार का अनूठा अनुभव प्रदान किया। शाम 5 बजे से शुरू होने वाला यह आयोजन देखते ही देखते पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों, स्टार्टअप फाउंडर्स, होम-बेस्ड बिज़नेस संचालकों और हस्तनिर्मित उत्पाद बनाने वाली महिलाओं को अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने का मंच मिला। इससे न केवल उनके व्यवसाय को पहचान मिली, बल्कि उन्हें नए ग्राहकों और अवसरों से जुड़ने का भी मौका मिला।

पेट एडॉप्शन कैंप भी रहा खास

समर बाज़ार 2.0 में खरीदारी के साथ-साथ मनोरंजन और रचनात्मक गतिविधियों का भी विशेष आकर्षण रहा। एनिमल विथ ह्यूमैनिटी द्वारा आयोजित पेट एडॉप्शन कैंप ने पशु प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया और लोगों को जिम्मेदार पालतू गोद लेने के प्रति जागरूक किया। समर बाज़ार 2.0 का आयोजन अभिव्यक्ति दीक्षित कपूर एवं राजीव कपूर द्वारा किया गया। उनका उद्देश्य भोपाल को एक नया, जीवंत और यादगार अनुभव देना था।

ध्रुपद के सुरों से गुलजार हुआ समर कैंप, रागों का लिया प्रशिक्षण

ऑटिज्म और हाइपरएक्टिविटी से जूझ रहे बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ध्रुपद संस्थान गुरुकुल में 1 से 30 मई तक आयोजित समर कैंप का भावपूर्ण समापन हुआ। एक महीने तक चले इस संगीत शिविर में भोपाल सहित देश के विभिन्न शहरों से आए विद्यार्थियों ने ध्रुपद और भारतीय शास्त्रीय संगीत की बारीकियों को सीखा।

पद्मश्री पंडित उमाकांत एवं अखिलेश गुन्देचा ने विद्यार्थियों को विभिन्न रागों और तालों से परिचित कराया। शिविर में राग भूपाली की बंदिश शंकर सुत गणेश विघ्न विनाशन...., राग बैरागी भैरव की रचना डम डम डमरू बाजे.... तथा राग मालकौंस में शंकर गिरजापति... सिखाई गई।

सुरों और लय का अनूठा संगम बनी वर्कशाप

इस समर कैंप की सबसे विशेष और प्रेरणादायक बात यह रही कि इसमें ऑटिज्म और हाइपरएक्टिविटी से जूझ रहे दो बच्चों ने भी हिस्सा लिया। संगीत के सुरों और लय के बीच इन बच्चों ने न सिर्फ सीखने की कोशिश की, बल्कि पूरे उत्साह के साथ संगीत को आत्मसात भी किया। गुरुकुल का वातावरण उनके लिए आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति का नया माध्यम बना।

15 दिवसीय प्रोडक्शन ओरिएंटेड ग्रीष्मकालीन 'कुचिपुड़ी नृत्य कार्यशाला' का शुभारंभ

भोपाल। मानव संग्रहालय में सोमवार से 15 दिवसीय प्रोडक्शन-ओरिएंटेड ग्रीष्मकालीन कुचिपुड़ी नृत्य कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। जिसमें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित सुप्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना गुरु वनश्री राव तथा उनके शिष्य व सहायक वाशिम राजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को कुचिपुड़ी की शास्त्रीय नृत्य परंपरा में गहन प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही प्रोडक्शन-आधारित शिक्षण एवं मंचीय प्रस्तुति की व्यावहारिक समझ विकसित करना भी है।

कुचिपुड़ी नृत्य के सौंदर्यपरकता व अनुशासित विचारों को किया साझा

मानव संग्रहालय में सोमवार को सभा को संबोधित करते हुए गुरु वनश्री राव ने अपनी कलात्मक यात्रा, अनुभवों तथा कुचिपुड़ी नृत्य की सौंदर्यपरकता एवं अनुशासन से जुड़े महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण अवसर का पूर्ण लाभ उठाने तथा सतत अभ्यास एवं समर्पण के माध्यम से शास्त्रीय नृत्य परंपरा की गहन समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

शास्त्रीय संगीत से लेकर फिल्मी गीतों तक की प्रस्तुतियों ने बांधा समा

आशा दी के गीतों से सजी सुरमाला म्यूजिकल ग्रुप की संगीत संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सुरमाला म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय शाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की आराधना से हुई। इस अवसर पर प्रख्यात गायिका स्व. आशा भोसले तथा संगीत समूह की संरक्षक स्व. किरण श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में गायिका एवं कवयित्री स्मिता सेन के काव्य संग्रह 'मेरे अंतर्मन से' का विमोचन भी किया गया। संगीतमय संध्या में राजधानी के कई गायकों ने पुराने और लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बांधा, जिसमें शास्त्रीय संगीत से लेकर फिल्मी गीतों तक की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

गायिका एवं कवयित्री स्मिता सेन के काव्य संग्रह का विमोचन करते हुए अतिथि।

कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति देते कलाकार।

सदाबहार गीतों से हुआ कार्यक्रम का आगाज

इस प्रस्तुति की शुरुआत बहियां न भरो.. से नीलिमा ने की। इसके बाद स्व. भूपेंद्र हजारिका के गीत दिल हूम हूम करे... की शानदार प्रस्तुति स्मिता सेन ने दी। ये पर्वतों के दायरे, ये शाम का धुंआ...गीत को अपने अंदाज में धर्मेश और सुमन ने सुनाकर समा बांधा तो वहीं सुरंगमा सक्सेना ने अभिमान जो संगीत प्रधान कलात्मक फिल्म थी, उसका जया भादुड़ी पर फिल्माया कर्णप्रिय गीत लूटे कोई मन का नगर बनके मेरा साथी... को आवाज दी। वहीं असीम और शिप्रा ने कब तक चुप बैठें सुनाकर तालियां बटोरीं। वहीं, अजय खंगन, मनीष सक्सेना, शक्ति सहित करीब 30 सिंगर्स ने संगीतमयी शाम को खुशनुमा बना दिया।

पुराने और लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देते असीम और शिप्रा।

पश्चिम बंगाल में कैबिनेट विस्तार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम सुवेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। 13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले 9 मई को सुवेंदु अधिकारी ने सीएम पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।

35 मंत्रियों ने ली शपथ, इनमें घरेलू सहायिका से लेकर पत्रकार भी शामिल

लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है

13 कैबिनेट मंत्री

3 राज्य मंत्री (स्वंतत्र प्रभार)

19 राज्य मंत्री

मंत्री पद की शपथ लेते विधायक

अभी भी 3 पद खाली

संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या कुल संख्या के 15% तक सीमित है। पश्चिम बंगाल में 294 विधायक हैं, इसलिए मंत्रिमंडल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं। सोमवार के शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट में 41 मंत्री हो गए हैं। तय सीमा के आधार पर 3 मंत्री और बनाए जा सकते हैं।

नए मंत्रियों की सूची

कैबिनेट मंत्रियों में दीपक बर्मन, तपस रॉय, शंकर घोष, मनोज कुमार उरांव, अर्जुन सिंह, गौरी शंकर घोष, स्वपन दासगुप्ता, जगन्नाथ चट्टोपाध्याय, कल्याण चक्रवर्ती, अजय पोद्दार, शरद्वत मुखर्जी, दूध कुमार मंडल और अनुप कुमार दास शामिल हैं। राज्य मंत्रियों में जोएल मुर्मू, हरेकृष्ण बेरा, आनंदमय बर्मन, अशोक डिंडा, नदियार चंद बाउरी, विशाल लामा, शांतनु प्रमाणिक, मौमिता बिस्वास मिश्रा, उमेश रे, पूर्णिमा चक्रवर्ती, कौशिक चौधरी, भास्कर भट्टाचार्य, दिबाकर घरामी, अमिया किस्कू, कलिता माझी, गार्गी दास घोष, बिराज विश्वास, दीपंकर जना और सुमना सरकार को जगह मिली है। इसके अलावा, इंद्रनील खान, मालती राभा रॉय और राजेश महतो ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली।

घरेलू सहायिका कलिता माझी बनी मंत्री

पूर्व बर्धमान जिले की आउसग्राम विधानसभा सीट से जीती 37 वर्षीय कलिता माझी कभी घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थीं। अब मंत्री बन गई हैं। उनके पति प्लंबर का काम करते हैं।

पत्रकारिता से जुड़े स्वप्नदास बने मंत्री

नए मंत्रियों में शामिल स्वपन दासगुप्ता को भाजपा के प्रमुख बौद्धिक चेहरों में गिना जाता है। पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए 2015 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया था।

पूर्व तेज गेंदबाज डिंडा भी अब सरकार में मंत्री

पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा बंगाल सरकार में मंत्री बन गए हैं।।

उन्होंने दिसंबर 2009 में श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था। वे भारत की ओर से 13 वनडे और 9 टी-20 मैच खेल चुके हैं।

खबर संक्षेप

राज्यसभा की 27 सीटों की अधिसूचना जारी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने 27 राज्यसभा सीटों और 3 राज्यों में विधान परिषदों के चुनाव की

अधिसूचना जारी कर दी। सभी के लिए वोटिंग 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। गिनती उसी दिन शाम 5 बजे से शुरू होगी। राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून है।

अकाली नेता मजीठिया के ठिकानों पर रेड

अमृतसर। मजीठा थाने पर हुए कथित हमले के मामले में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता

बिक्रमजीत सिंह मजीठिया पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। अमृतसर के एसपी देहात आदित्य वारियर ने बताया कि उनकी तलाश में सोमवार सुबह पंजाब पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारे, लेकिन वे वहां नहीं मिले।

6 जून को भारत आ रहे सीजेपी के अभिजीत दिपके

नई दिल्ली। 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने को कहा कि

वह परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि 6 जून को वो भारत लौटेंगे। उन्होंने समर्थकों से दिल्ली पहुंचने की अपील की।

आईपीएल चैंपियन आरसीबी नहीं निकालेगी विजय परेड

बेंगलुरु। दो बार की आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पिछली बार से

सबक लिया है और इस बार विजय परेड नहीं निकालने का फैसला किया है। फ्रेंचाइजी ने यह फैसला पिछले साल हुई भगदड़ के बाद लिया है जिससे फैंस की भारी भीड़ इकट्ठा होने से बचा जा सके।

नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट को बड़ा फैसला

एनटीएक की जगह नई राष्ट्रीय परीक्षा संस्था बनाने की मांग

सीबीटी नहीं, पेन-पेपर मोड में ही होगी दोबारा परीक्षा, 21 जून की तारीख तय

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने मामले को जुलाई तक के लिए टाल दिया, जिससे नीट की दोबारा परीक्षा के लिए मांगी गई राहत प्रभावी रूप से खारिज हो गई। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि वह केवल उस मांग पर जोर दे रहे हैं

सीबीआई का दावाः पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी की 21 जून की होने वाली परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के रूप में कराई जाने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने अभी कोई आदेश देने से साफ इनकार किया है। कोर्ट ने कहा कि पेपर लीक से जुड़ी पहले से लंबित याचिकाओं के साथ ही हम जुलाई में इसकी सुनवाई करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसद सुधाकर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में याचिका दाखिल की थी। सोमवार को जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने मामले को जुलाई तक के लिए टाल दिया, जिससे नीट की दोबारा परीक्षा के लिए मांगी गई राहत प्रभावी रूप से खारिज हो गई। बेंच ने संकेत दिया कि वह इस मामले पर तुरंत सुनवाई नहीं करेगी। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि हम इसे छुट्टियों के बाद देखेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने मामले की सुनवाई टाल दी।

सीबीटी पर सुनवाई जुलाई में

मुख्य आरोपी से लिए थे 5 लाख रुपए

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षदकुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी। शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ। सीबीआई ने अदालत को बताया कि डॉ. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपए लिए थे।

3 आरोपी 15 जून तक न्यायिक हिरासत में

मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आरोपी डॉक्टर मनोज शिरूरे, आरोपी तेजस हर्षद कुमार शाह और मनीषा संजय हवलदार को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सोमवार को तीनों आरोपियों की कस्टडी समाप्त होने पर सीबीआई ने उन्हें अदालत में पेश किया। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला देते हुए तीनों आरोपियों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

संसदीय समिति की मांगः एनटीए को भंग कर

संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल मामलों की स्थायी समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने की। यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) ने समिति ने कहा कि नीट से जुड़े सवाल केवल परीक्षा के तरीके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और परीक्षा कराने वाली एजेंसी की विश्वसनीयता से भी जुड़े हैं। संगठन ने एनटीए को भंग कर संसद के कानून के तहत नई राष्ट्रीय परीक्षा संस्था बनाने की मांग की।

राहुल गांधी का सरकार पर तीखा हमला

पीएम आम की बात कर सकते हैं पर सीबीएसई की नहीं

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को



लेकर केंद्र सरकार तथा शिक्षा मंत्रालय पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सीबीएसई की गलतियों का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है और अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए विद्यार्थियों से भारी शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक छात्र को करीब 2000 रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं। 4 लाख लोगों ने आवेदन दिए हैं। वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में आम पर बात कर सकते हैं, लेकिन सीबीएसई पर नहीं।

शिक्षा मंत्रालय ने शुरू की आंतरिक जांच

सीबीएसई के अधिकारियों के खिलाफ जल्द ही एक्शन होने वाला है, क्योंकि शिक्षा मंत्रालय ने एक विवादित टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और बोर्ड के डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम में गंभीर कमियों को लेकर आंतरिक जांच शुरू कर दी है। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, बोर्ड के 'ऑन स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) सिस्टम से जुड़ी टेंडर प्रक्रिया पर सीबीएसई से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। अब तक दी गई सफाई से मंत्रालय पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ है और अब बोर्ड के भीतर कई स्तरों पर जवाबदेही तय किए जाने की संभावना है।

फर्जी खातों की जांच कराएगी सरकार

सीएम सुवेंदु ने दिए सख्त निर्देश 'एसआईटी' गठित करें डीजीपी

सुवेंदु अधिकारी ममता बेनर्जी

'लक्ष्मीर भंडार' योजना में 30 लाख फर्जी खाते मिले

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में महिलाओं को आर्थिक मदद देने वाली 'लक्ष्मीर भंडार' योजना में राज्य सरकार ने दावा किया है कि इस योजना में लाखों फर्जी खाते बनाए गए और सरकारी पैसे का गलत तरीके से इस्तेमाल हुआ। इसी मामले को लेकर सीएम सुवेंदु अधिकारी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को विशेष जांच दल यानी एसआईटी बनाने का निर्देश दिया है। सरकार का कहना है कि योजना के नाम पर बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई और अब इसकी पूरी जांच कराई जाएगी। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि लक्ष्मीर भंडार योजना में करीब 30 लाख खाते फर्जी पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ फर्जीवाड़ा नहीं बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी हो सकता है।

दो टीएमसी विधायक निष्कासित

बंगाल की विधानसभा के भीतर 'फर्जी हस्ताक्षर कांड' को लेकर सीएम अधिकारी ने इस मामले में सीआईडी जांच के आदेश देने के महज 15 मिनट के भीतर, तृणमूल कांग्रेस ने अपने दो विधायकों, ऋतब्रत बनर्जी (उलुबेरिया पूर्व) और संदीपन साहा (एंटाली) को पार्टी से निष्कासित कर दिया। 4 मई को चुनावी नतीजों के बाद टीएमसी को सदन में विपक्ष की भूमिका तय करनी थी। 6 मई की बैठक में ममता बनर्जी को नेता चुनने का अधिकार दिया गया, लेकिन तकनीकी तौर पर विधानसभा ने इस फैसले को खारिज कर दिया। इसके बाद 19 मई को बैकडेट (6 मई) में विधायकों के हस्ताक्षर लेने का खेल शुरू हुआ। निष्कासित विधायक ऋतब्रत और संदीपन ने ही स्पीकर रवींद्रनाथ बोस से लिखित शिकायत की थी कि हाजिरी बही के हस्ताक्षरों को प्रस्ताव का समर्थन मान लिया गया। इसी शिकायत के आधार पर हेयर स्ट्रीट थाने में मामला दर्ज हुआ। मामले में सीआईडी नयना बनर्जी, कुणाल घोष, तापस मैती के घर भी पहुंची।

पुलिस ने नहीं दी ममता को धरने की इजाजत

कोलकाता में पूर्व सीएम ममता बेनर्जी के प्रस्तावित धरने से पहले सियासत गरमा गई है। तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया है कि पुलिस ने 2 जून को होने वाले धरने की अनुमति नहीं दी। इतना ही नहीं, रानी रासमणि एवेन्यू पर मंच बनाने के लिए लाया गया सामान भी वहां से हटवा दिया गया। यह धरना टीएमसी नेताओं पर हुए हमलों के विरोध में किया जाना था। पार्टी का आरोप है कि धरने की अनुमति भी नहीं दी गई। इस पूरे घटनाक्रम के बीच ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि वह अपना कार्यक्रम रद्द नहीं करेंगी।

आवास और शहरी विकास पर होगा ध्यान

11-12 जून को ब्रिक्स सम्मेलन 2026 की मेजबानी करेगा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत आगामी 11-12 जून को नई दिल्ली में सुषमा स्वराज भवन में ब्रिक्स शहरीकरण मंच (ब्रिक्स सम्मेलन 2026) की मेजबानी करेगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि 13वें ब्रिक्स सम्मेलन में समावेशी शहरी विकास, किफायती आवास, स्वच्छता, डिजिटल गवर्नेंस, शहरी गतिशीलता और जलवायु अनुकूल अवसंरचना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। सम्मेलन में 11 सदस्य देश भाग लेंगे।

मंत्री मनोहर तैयारियों की बैठक करते हुए

अनुभव साझा करेंगे

उन्होंने बताया कि सतत शहरी विकास आज सभी देशों के सामने प्रमुख चुनौतियां हैं। ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि इन विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे और बेहतर मॉडलों का अध्ययन करेंगे।

अन्नामलाई का भाजपा से मोहभंग!

नई पार्टी का कर सकते हैं ऐलान अध्यक्ष नबीन से मिलने मांगा समय

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

पूर्व आईपीएस अधिकारी और तमिलनाडु में भाजपा के अहम चेहरों में शुमार के अन्नामलाई के तमिलनाडु भाजपा से अलग होने की अटकलें सामने आ रही हैं। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात के लिए वक्त मांगा है। अन्नामलाई के करीबी लोगों के मुताबिक वे 3 जून को कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। वे अन्नामलाई मक्कल शक्ति इय्यक्कम नाम से अपनी ही पार्टी जल्द शुरू कर सकते हैं।

नितिन नबीन अन्नामलाई

गठबंधन से थे नाराज

साल 2021 से 2025 तक तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अहम भूमिका निभाई। वे तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में भाजपा के अन्नाद्रमुक के साथ चुनावी गठबंधन से नाराज थे।

राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुई सुमन कल्याणपुर

मुंबई पुलिस के जवानों ने सलामी दी

मित्रों ने यादगार गीत 'रहें न रहें हम, महका करेंगे' गाकर दी अंतिम विदाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रहें न रहें हम' गीत की मार्मिक धुनों के बीच प्रख्यात पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर का सोमवार का यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। लता मंगेशकर और आशा भोसले की समकालीन रहीं सुमन कल्याणपुर को वह पहचान और सम्मान शायद कभी पूरी तरह नहीं मिल पाया, जिसकी वह हकदार थीं। सुमन कल्याणपुर का रविवार देर रात उनके घर पर उम्र संबंधी समस्याओं के चलते निधन हो गया। वह 89 वर्ष की थीं।

राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने निधन पर शोक व्यक्त किया

बेटी चारू ने निभाईं रस्में

सांताक्रूज श्मशान घाट में उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया और मुंबई पुलिस के जवानों ने उन्हें सलामी दी। उनकी बेटी चारू ने अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। मित्रों और शुभचिंतकों ने यादगार गीत 'रहें न रहें हम, महका करेंगे' गाया।

कला जगत के लिए अपूरणीय क्षतिः मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सुमन कल्याणपुर का निधन भारतीय कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सुमन कल्याणपुर के निधन से दुखी हूं। उनकी सुरीली आवाज और भावपूर्ण गायन ने हमारे सांस्कृतिक जगत को समृद्ध किया।

सावधान! फिर आ रहा 'तूफान' 90 किमी की गति से चलेंगे झोंके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने पूर्वानुमानों से जुड़े ताजा बुलेटिन में कहा है कि इस सप्ताह फिर तूफान आने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि उत्तर-पूर्वी भारत और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में छिटपुट से लेकर भारी वर्षा और गरज के साथ तूफान आने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी, मध्य और उससे सटे पूर्वी भारत में इस दौरान 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और इस दौरान तूफानी हवाओं के साथ मध्यम से गंभीर गरज के साथ छिटपुट ओलावृष्टि की भी संभावना है।

आईएमडी की चेतावनी

आईएमडी ने अपने बुलेटिन में कहा है कि पूर्वी भारत में दक्षिण गंगा बेसिन, पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के ऊपर भी एक चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है। इसकी वजह से झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में तेज आंधी-पानी के आसार हैं। इस दौरान 40 से 70 किलोमीटर की स्पीड से और कहीं-कहीं 90 किमी की स्पीड से हवाएं चल सकती हैं।

नायब सैनी की उपस्थिति में एक दिन में ही 1 लाख 10 हजार करोड़ के हुए एमओयू

5 लाख करोड़ के निवेश लक्ष्य के साथ किया 'मेक इन हरियाणा पॉलिसी' को लॉन्च

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में 'मेक इन हरियाणा' इंडस्ट्रियल पॉलिसी को लॉन्च किया। प्रदेश में 5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लेकर लॉन्च की गई इस पॉलिसी के पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए। इसके साथ-साथ उन्होंने 9 नई सेक्टोरल पॉलिसी, एक स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल को भी लॉन्च किया। सीएम सैनी ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लोगो का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि इस नई पॉलिसी से उद्योग और सशक्त होंगे। निवेश प्रक्रिया सरल होगी और विकास के अवसर और अधिक व्यापक होंगे। इससे प्रदेश को एक नई दशा और दिशा मिलेगी।

'मेक इन हरियाणा पॉलिसी' को लॉन्च करते सीएम सैनी

इंटेलिजेंट इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन पोर्टल लॉन्च

सीएम सैनी ने कहा कि अगला दौर इंटेलिजेंट गवर्नेंस का है। और इसलिए आज हरियाणा इंटेलिजेंट इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन पोर्टल लॉन्च किया है। यह पोर्टल सरकार और उद्योगों के बीच काम करने के तरीके को पूरी तरह बदल देगा। हमारा ध्येय स्पीड और ट्रस्ट है।

इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब है इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर

हरियाणा के साथ बढ़िए भविष्य का निर्माण कीजिए

सीएम सैनी ने कहा कि 'मेक इन हरियाणा' हरियाणा के आर्थिक विकास के अगले चरण का रोडमैप है। यह कॉम्पिटिटिवनेस, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी, एक्सपोर्टस, रोजगार और फ्यूचर–रेडी मैन्युफैक्चरिंग पर आधारित है। उन्होंने निवेशकों से आह्वान किया कि हरियाणा में निवेश कीजिए। हरियाणा के साथ बढ़िए और अपने भविष्य का निर्माण कीजिए। ग्लोबल कंपनियां हरियाणा को मैन्युफैक्चरिंग डेस्टिनेशन के साथ ग्रोथ डेस्टिनेशन के रूप में भी देख रही हैं।

इंडस्ट्री को हरियाणा पर भरोसा, युवाओं को रोजगार

सीएम सैनी ने कहा कि आज जो इन्वेस्टमेंट प्रपोजल्स साइन हुए हैं, वे एक बहुत मजबूत संदेश देते हैं। इंडस्ट्री को हरियाणा पर भरोसा है। ये इन्वेस्टमेंट केवल एक आंकड़ा नहीं हैं। ये नए उद्योग हैं। नई सप्लाई चेन हैं। एमएसएमई के लिए नए अवसर हैं। युवाओं के लिए नए रोजगार हैं।

जल्द ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होगी

उन्होंने कहा कि इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा भारत की जीडीपी में लगभग 3.6 प्रतिशत योगदान देता है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली पहुंचा: भारत और अमेरिका के बीच लगभग सभी मुद्दे सुलझे, दोनों देश जल्द करेंगे समझौते पर हस्ताक्षर

उम्मीद है कि इन वार्ताओं का मुख्य जोर एक अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने पर होगा

साथ ही व्यापक द्विपक्षीय ढांचे के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जाएगा

भारत का प्रतिनिधित्व मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन के नेतृत्व वाला एक प्रतिनिधिमंडल करेगा

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव जैन को द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की कमान सौंपी गई है

1 दोनों देश पहली किस्त पर हस्ताक्षर करने के बहुत करीब पहुंचा

2 यूएसए का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 7 जून तक रहेगा

3 2, 3 और 4 जून को होगी बैठक, जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा होगी

4 दोनों देशों के नेताओं ने 3 फरवरी को ही फ्रेमवर्क समझौते की घोषणा की थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त पर हस्ताक्षर करने के करीब पहुंच गए हैं। इसकी ज्यादातर अहम बातें पहले ही तय हो चुकी हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनकी यह प्रतिक्रिया तब आई जब अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बातचीत के एक नए दौर के लिए नई दिल्ली पहुंचा है। चल रही बातचीत के बारे में गोयल ने कहा कि अमेरिकी टीम के सदस्य 2, 3 और 4 जून को होने वाली बैठकों से पहले ही भारत पहुंचना शुरू हो गए थे। उन्होंने बताया, जहां तक अमेरिकी टीम की बात है, कुछ सदस्य पहले ही पहुंच चुके हैं, जबकि बाकी आज रात पहुंच रहे हैं। हमारी बैठकें 2, 3 और 4 जून को होनी हैं। दोनों देशों

के नेताओं ने 3 फरवरी को ही फ्रेमवर्क समझौते की घोषणा कर दी थी। भारत-अमेरिका व्यापार सौदे पर चल रही बातचीत के संबंध में मंत्री ने कहा, सभी मुख्य बिंदु तय हो चुके हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने हाल ही में कहा था कि 99% विवरण अंतिम रूप ले चुके हैं... मुझे पूरा भरोसा है कि हम अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त को जल्द से जल्द पूरा कर लेंगे। वह बोले, हम इस पर हस्ताक्षर करेंगे और फिर आगे चलकर एक और भी ज़्यादा व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौता कैसे बनाया जाए, इस पर आगे की बातचीत शुरू करेंगे। गोयल ने यह भी कहा कि इस समझौते में अमेरिका की टैरिफ संरचना में हुए बदलावों को भी ध्यान में रखा जाएगा। मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 1 से 4 जून तक चार दिवसीय भारत दौरे पर है ।

इन क्षेत्रों पर होगा फोकस

एक बयान में मंत्रालय ने कहा, चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए मुख्य वार्ताकार के नेतृत्व में अमेरिकी टीम 1 से 4 जून 2026 तक भारत का दौरा करेगी। इसमें अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने और व्यापक बीटीए के तहत कई क्षेत्रों जैसे बाजार पहुंच, गैर-टैरिफ उपाय, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, निवेश संवर्धन, इकोनॉमिक सिक्योरिटी अलाइनमेंट पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है। आमने-सामने की बातचीत का यह ताजा दौर 20 से 23 अप्रैल, 2026 के बीच वाशिंगटन में हुई पिछली बैठकों के बाद हो रहा है। तब जैन के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अपने अमेरिकी समकक्षों से मुलाकात की थी।

7 फरवरी को जारी हुआ था ज्वॉइंट स्टेटमेंट

ये चर्चाएं 7 फरवरी, 2026 को दोनों देशों की ओर से जारी एक संयुक्त बयान पर आधारित हैं। इसके तहत भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर केंद्रित अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमति जताई थी। साथ ही एक व्यापक बीटीए के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कन्फर्म किया था। बातचीत अब उस चरण में प्रवेश कर गई है जिसे अधिकारियों ने अंतिम स्टेज बताया है। इसमें दोनों पक्ष अंतरिम व्यापार समझौते को पूरा करने के करीब पहुंच रहे हैं। हालांकि, अमेरिकी टैरिफ परिदृश्य में बदलाव के कारण दोनों देशों को समझौते की रूपरेखा के कुछ हिस्सों पर फिर से विचार करना पड़ सकता है।

अमेरिका-भारत व्यापार समझौता

मौजूदा रूपरेखा के तहत भारत ने सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं के साथ अमेरिकी कृषि और खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत रेंज पर टैरिफ को समाप्त करने या कम करने का प्रस्ताव दिया है।

खबर संक्षेप

मलेशिया में बच्चे नहीं चला सकेंगे फेसबुक

नई दिल्ली। मलेशिया ने सोमवार को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के इंटरनेट मीडिया अकाउंट बनाने

पर रोक लगाने वाले नियम को लागू कर दिया है। नियम के तहत इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म को आयु सत्यापन प्रणाली लागू करनी होगी और 16 वर्ष से कम आयु के यूजर्स को अकाउंट बनाने से रोकना होगा। ये नियम फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब सहित अन्य पर लागू होंगे। नियमों का पालन न करने वाली कंपनियों पर 100 लाख रिंगिट (25 लाख अमेरिकी डालर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

भारतीय जमीन कब्जाने के दावे का विरोध

काठमांडु। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा था कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन

पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है। इस बयान का आज नेपाल की संसद में जमकर विरोध हुआ, विपक्षी दलों ने बालेन शाह से भारत से जुड़े इस विवादित दावे पर जवाब मांगा। विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री से कहा कि या तो वे अपने बयान को वापस लें या फिर इसके समर्थन में ठोस सबूत पेश करें। विपक्ष का आरोप है कि यह दावा नेपाल के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाला है।

इस समझौते के तहत भारतीय उत्पादों पर कोई भी टैक्स नहीं लगेगा

भारत ने निकाला होर्मुज से बच निकलने का रास्ता ओमान के साथ फ्री ट्रेड लागू, मुश्किलें होंगी दूर

यह समझौता भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों की समृद्धि लाएगी

निर्यात को बढ़ावा मिलेगा निवेश आकर्षित होगा और रोजगार सृजित होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-ओमान व्यापार समझौता सोमवार से लागू हो रहा है, इस समझौते के तहत भारतीय उपादों पर कोई भी टैक्स नहीं लगेगा। यह व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) पर पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री मोदी की मस्कट दौरे के दौरान हुआ था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बात करते हुए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने समझौते की शुरू होने की घोषणा करते हुए कहा कि यह छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए समृद्धि के वैश्विक मार्ग बनाने के केंद्र सरकार के मिशन में मील का पत्थर साबित होगा। इसके तहत नए बाजार खोले जाएंगे, निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, निवेश आकर्षित होगा और रोजगार सृजन में तेजी आएगी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार (1 जून, 2026) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए दोनों देशों के बीच लागू सीईपीई की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई की समृद्धि के लिए नए वैश्विक रास्ते खोलने के नई दिल्ली के मिशन में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे नए बाजार उपलब्ध होंगे, निर्यात बढ़ेगा, निवेश को आकर्षित किया जाएगा और रोजगार के मौकों में भी इजाफा होगा। भारत और ओमान के बीच सीईपीए ऐसे समय पर लागू हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े संघर्ष और तनाव ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले वैश्विक समुद्री व्यापार को व्यापक तौर पर प्रभावित किया है। यह रणनीतिक समुद्री रास्ता दुनिया में हर रोज होने वाले कुल तेल खपत का करीब 20 प्रतिशत और समुद्री रास्ते से होने वाले वैश्विक तेल व्यापार का करीब 25 प्रतिशत संभालता है। इसी वजह से इसे दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग माना जाता है। वहीं, इसके अलावा, ओमान की सबसे बड़ी रणनीतिक विशेषता उसकी भौगोलिक स्थिति है। ईरान की तरफ से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर बढ़ते दबाव की वजह से भारत को सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा रहता है, लेकिन ज्यादातर खाड़ी देशों के उलट ओमान का बड़ा समुद्री किनारा होर्मुज स्ट्रेट के बाहर अरब सागर और ओमान की खाड़ी में स्थित है। इस समझौते के संबंध में थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सलालाह और दुक्म के प्रमुख बंदरगाह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में किसी भी परेशानी के बावजूद आराम से संचालित रह सकते हैं।

निर्यात और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

विकसित देशों से व्यापार समझौते हर भारतीय का जीवन स्तर सुधारेंगे : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) और उससे होने वाले लाभों पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का एक लेख साझा किया है। लेख में बताया गया है कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों को नए बाजारों तक पहुंच बनाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, किसानों के हितों की रक्षा करने और भारत-ओमान के बीच साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लेख में कहा गया है कि भारत-ओमान सीईपीए भारतीय निर्यातकों के लिए बाजारों में विविधता लाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसके साथ ही यह समझौता रोजगार के नए अवसर सृजित करने और विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति देने में भी सहायक होगा। लेख के अनुसार, समझौते को इस तरह तैयार किया गया है कि भारतीय किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग बढ़ाकर साझा आर्थिक समृद्धि को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया

प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने लेख में इस बात पर प्रकाश डाला है कि भारत-ओमान सीईपीए भारतीय निर्यातकों को बाजारों में विविधता लाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, किसानों के हितों की रक्षा करने और दोनों देशों के बीच साझा समृद्धि को बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते करने के लिए सरकार के निरंतर प्रयास प्रत्येक भारतीय के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक हैं। उन्होंने संकेत दिया कि ऐसे समझौते भारत की आर्थिक प्रगति को नई गति देने के साथ-साथ नागरिकों के लिए बेहतर अवसर भी पैदा करेंगे।

दिल्ली में रक्षा मंत्रियों ने बैठक में दिए बड़े संकेत

इंडो-पैसिफिक में मजबूत होगी भारत-ऑस्ट्रेलिया की ताकत

दोनों देश रक्षा,उद्योग और व्यापार में करेंगे सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा संबंधों को नई उड़ान देने के लिए सोमवार को नई दिल्ली में एक दूसरी द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा की।

इस बैठक में समुद्री सुरक्षा, सैन्य सहयोग, रक्षा उद्योग, सह-विकास और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। बैठक के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की 2026 की राष्ट्रीय रक्षा रणनीति और इंटीग्रेटेड इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देशों के रक्षा संबंधों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, आज की चर्चा के दौरान, मैं इस नीतिगत दस्तावेज और भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा संबंधों में विकास की संभावनाओं पर आपके विचार जानने के लिए उत्सुक हूं। वहीं रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया पहले से कहीं अधिक रणनीतिक रूप से एकजुट हैं और दोनों देश समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से समुद्री क्षेत्र में और अधिक काम कर रहे हैं और हम आज अपनी नियमित बैठक में इस बारे में बात करेंगे। गौरतलब है कि यह महत्वपूर्ण बैठक ऐसे समय में हो रही है जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक रणनीतिक चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। दोनों देशों के बीच होने वाली यह वार्ता केवल औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि भविष्य की रक्षा साझेदारी की दिशा तय करने वाली अहम कड़ी मानी जा रही है।

ये हैं चर्चा के महत्वपूर्ण मुद्दे

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने, दोनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने, संयुक्त सैन्य अभ्यासों को नई गति देने तथा रक्षा उद्योग में सहयोग के अवसरों पर विस्तार से चर्चा हो रही है। खास तौर पर रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन की संभावनाओं पर भी विचार किया जाएगा, जिससे दोनों देशों की रक्षा क्षमताओं को मजबूती मिल सके। क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर भी दोनों नेता विचार-विमर्श करेंगे। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और मुक्त नौवहन सुनिश्चित करने के लिए साझा रणनीति पर चर्चा इस संवाद का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी।

भीड़ में घुसा ट्रक 6 की मौत,13 घायल

कोलंबो। बौद्ध धर्म के प्रमुख वेसाक उत्सव के दौरान एक बेकाबू ट्रक ने लोगों की भीड़ को कुचल

दिया, जिसमें छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 13 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, ट्रक का ड्राइवर नशे की हालत में वाहन चला रहा था और नशे की हालत में ही उसने उत्सव मना रहे लोगों की भीड़ को कुचल दिया। कोलंबो को मीगोडा इलाके में हुआ, जहां वेसाक समारोह के तहत लगाए गए एक मुफ्त फूड स्टॉल के बाहर बड़ी संख्या में लोग कतार में खड़े थे।

रूस बोला- ये अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद

फ्रांस ने जब्त किया तेल टैंकर तो भड़क गया रूस, कर दी निंदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते रोज सोमवार को अटलांटिक महासागर में फ्रांस द्वारा रूस के तेल टैंकर टैगोर को जब्त किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। रूस ने फ्रांस की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे अवैध करार दिया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने तीखा रुख अपनाते हुए कहा, हम इस कदम को गैर-कानूनी मानते हैं। जहाज को हिरासत में लेना अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की सीमा तक पहुंच गया है। रूस ने चेतावनी दी है कि वह अपने समुद्री कार्गो

परिवहन की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाएगा। फ्रांसीसी अधिकारियों के अनुसार, यह टैंकर उत्तर-पश्चिमी रूस के मरमांस्क से कैमरून की ओर जा रहा था, तभी इसे ब्रिटनी से 400 समुद्री मील पश्चिम में रोक लिया गया। संदेह है कि यह टैंकर रूस के शैडो फ्लीट (छाया बेड़े) का हिस्सा है, जिसका इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध के कारण लगे पश्चिमी प्रतिबंधों से बचने के लिए किया जा रहा था।

केरल के रहने वाले थे नवदंपती

शादी के दिन हेलिकॉप्टर क्रैश में भारतवंशी पायलट की मौत, पत्नी को रेस्क्यू किया

एजेंसी ▶▶ जॉर्जिया

अमेरिका के जॉर्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गईं और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डॉसनविल के द रिवेरे वेडिंग वेन्यू में हुई थी। समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद हेलिकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो

गया। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड इस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक दुर्घटना की वजह नहीं बताई है। शुरुआती जांच रिपोर्ट अगले 30 दिनों में आने की उम्मीद है। डेव के पिता जॉर्ज फिजी ने बताया कहा, मेरा बेटा बहुत खुश था। मैं उसे देख रहा था और उसकी खुशी महसूस कर रहा था। वह बेहद हैंडसम लग रहा था। जॉर्ज के मुताबिक, डेव और जेस्नी की दोस्ती चर्च के जरिए हुई थी।

मेक इन इंडिया को मिला बूस्ट

खुफिया मिशन और दुश्मन पर सटीक निशाने में माहिर भारत का दिव्यास्त्र, एमके-1 का परीक्षण हुआ सफल

दिव्यास्त्र एमके-1 से प्लेटफॉर्म की तेजी से तैनात होने की क्षमता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए, होवरिट ने जोधपुर में टैक्टिकल लोइटरिंग म्यूनिशन प्लेटफॉर्म,दिव्यास्त्र एमके-1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। दिव्यास्त्र एमके-1 के परीक्षण के दौरान भारतीय सेना का वरिष्ठ नेतृत्व भी मौजूद था। इस प्रदर्शन के

हिस्से के तौर पर, दिव्यास्त्र एमके-1 यूएवी को एक वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई बार सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। दिव्यास्त्र एमके-1 एक स्वदेशी टैक्टिकल यूएवी है जिसे खुफिया जानकारी, निगरानी, टोही और सटीक हमले के मिशनों के लिए विकसित किया गया है। दिव्यास्त्र एमके-1 से प्लेटफॉर्म की तेजी से तैनात होने की क्षमता, युद्ध के मैदान में गतिशीलता और जमीनी हालात में टैक्टिकल लॉन्च की तैयारी का प्रदर्शन हुआ। इस अभ्यास के दौरान ऑपरेशनल माहौल में गतिशील आईएसआर और टोही मिशनों में मदद करने की यूएवी की क्षमता को भी और पुख्ता किया। आज के दौर के में, हथियारों की आर्थिक व्यवहार्यता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि उनकी विस्फोटक क्षमता। आज के समय में जहां पारंपरिक क्रूज मिसाइलें बहुत महंगी होती हैं और उन्हें दुर्लभ, बहुत ही विशिष्ट लक्ष्यों के लिए सुरक्षित रखा जाता है ।

पीएम मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति की हुई मुलाकात

म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए भारत तैयार: पीएम मोदी

भारत ने कहा पहले प्राथमिकता नेबरहुड फर्स्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और म्यांमार ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के साथ ही व्यापार, निवेश, संपर्क (कनेक्टिविटी), विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। सोमवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में हुई विस्तृत वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार

के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में भारत हर तरह की मदद को तैयार है। उन्होंने संघीय शासन व्यवस्था और आर्थिक विकास के अनुभवों को साझा करने की भी बात कही। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति की बातचीत व्यापक रही और दोनों देशों ने शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि भारत म्यांमार के लिए एक भरोसेमंद पड़ोसी और संकट के समय में पहला सहयोगी है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की नेबरहुड फर्स्ट, एक्ट ईस्ट और महासागर नीतियों के अनुरूप भारत हमेशा म्यांमार का सहयोग करता रहेगा।

समझौते पर चर्चा और सीजफायर के ऐलान के बाद भी हमला

ईरान के गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ड्रोन कमांड ठिकाने किए ध्वस्त

यह कार्रवाई ईरान द्वारा अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराने के बाद हुई

अमेरिका ने ईरान ड्रोन और रडार सिस्टम को उड़ाया तो तेहरान ने यूएस बेस को बनाया निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ईरान के साथ समझौता करने का दावा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उनकी सेना तेहरान पर हमले भी कर रही है। ताजा घटनाक्रम में अमेरिका ने दावा किया है कि उसने इस वीकेंड ईरान के ड्रोन कमांड ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिका ने रविवार को कहा कि उसने इस वीकेंड ईरान के गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ईरानी रडार और ड्रोन नियंत्रण स्थलों पर आत्मरक्षा में हमले किए। अमेरिका ने इसे तेहरान की आक्रामक कार्रवाइयों का जवाब

बताया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान ने एक अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया था, जो अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहा था। सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरानी हवाई सुरक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो वन-वे (एकतरफा) हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया। उसने यह भी बताया कि इस दौरान किसी भी अमेरिकी सैन्यकर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। वहीं, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने सोमवार को कहा कि उसकी एयरोस्पेस सेना ने उस एयरबेस को निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल उसके अनुसार सिरिक द्वीप पर एक टेलीकॉम टावर पर अमेरिका द्वारा किए गए हमले में किया गया था। हालांकि, उसने उस एयरबेस की जगह के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

पिछले हफ्ते भी हुआ था हमला

पिछले हफ्ते भी दोनों देशों के बीच जवाबी हमले हुए थे। तब अमेरिका की सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के पास चल रहे एक ईरानी ड्रोन अभियान को निशाना बनाते हुए हमले किए थे। इस बात की जानकारी वॉशिंगटन के एक अधिकारी ने दी थी। उसके बाद ईरान ने एक अमेरिकी हवाई अड्डे को निशाना बनाया था। ये घटनाक्रम वॉशिंगटन और तेहरान के बीच जारी तनाव के बीच सामने आया है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी है कि अगर भविष्य का कोई भी समझौता अमेरिका की शर्तों को पूरा करने में विफल रहता है तो सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेनाएं आगे की कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बीच खबरों के मुताबिक राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते को और संशोधनों के लिए वापस भेज दिया है।

सैयारा की जोड़ी लेकर आ रही है नई रोमांटिक फिल्म

मुंबई। साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा नजर आए थे। दोनों की जोड़ी यूथ में सेंसेशन बन गई थी। अब ये जोड़ी एक बार फिर मोहित सूरी के ही डायरेक्शन में बनने वाली अगली फिल्म में साथ दिखेंगे। एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी है कि मोहित सूरी फिल्म सैयारा के बाद एक और फ्रेश रोमांटिक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी नजर आने वाली है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की खबर है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस साल के अंत तक यानी अक्टूबर-नवंबर तक ये फिल्म रिलीज के लिए तैयार होगी।

लाइफ Style

तृषा
फैमिली ड्रामा की भी हैं क्वीन

साउथ फिल्मों की स्टार तृषा कृष्णन सिर्फ रोमांटिक किरदारों के लिए ही नहीं, बल्कि फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इन फिल्मों में उन्होंने दमदार किरदारों से लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। इन फिल्मों को आप ओटीटी पर देख सकते हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने अपने कॅरियर में हर तरह के रोल निभाए हैं। लेकिन, अगर आप सोच रहे हैं कि वह सिर्फ रोमांटिक फिल्मों में ही नजर आई हैं, तो ऐसा नहीं है, वह अब तक कई फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी है। साउथ फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस तृषा को रोमांटिक फिल्मों के लिए खूब पसंद किया जाता है। इन फिल्मों में उन्होंने अपने काम से लोगों को हैरान कर दिया था। इन फिल्मों में प्यार, परिवार, रिश्तों की उलझनें और इमोशंस का अच्छा बैलेंस देखने को मिलता है। अगर आप तृषा की ऐसी फिल्में देखना चाहते हैं, जिनमें रोमांस के साथ-साथ फैमिली ड्रामा भी हो, तो ओटीटी पर मौजूद ये 5 फिल्में जरूर देख सकते हैं। इनमें पहली है- 96 साल 2018 में आई ये फिल्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह एक इमोशनल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, फिल्म में उनका जानकी देवी का रोल में काफी पसंद किया गया था।फिल्म सिर्फ पुराने प्यार की कहानी नहीं दिखाती, बल्कि जिंदगी के फैसले, अधूरे रिश्ते और परिवार की जिम्मेदारियों को भी खूबसूरती से सामने लाती है।इस फिल्म में तृषा और विजय सेतुपति की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

हॉलीवुड मसाला

दुआ ने 6 साल बड़े एक्टर से की शादी

लॉस एंजिल्स। दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाली 1,660 करोड़ रुपए की नेटवर्थ वाली पॉप सिंगर दुआ लीपा ने शादी कर ली है। उनके जीवनसाथी उम्र में उनसे 6 साल बड़े हैं और मनोरंजन जगत का जाना-पहचाना चेहरा हैं। करोड़ों फैंस की पसंदीदा सिंगर ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड कैलम टर्नर के साथ नई जिंदगी की शुरुआत कर ली है। दोनों के रिश्ते की खबरें काफी समय से सामने आ रही थीं और अब शादी की खबर ने फैंस की खुशी दोगुनी कर दी है। ऐसे में हर कोई उनके पति के बारे में जानना चाहता है। कैलम टर्नर ब्रिटेन के मशहूर एक्टर हैं।



एक एपिसोड के लिए ले रही है 2 करोड़ 84 लाख!

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर सीरीज में शुमार गेम ऑफ थ्रोन्स के कलाकारों की कमाई को लेकर सालों से कई तरह की चर्चाएं होती रही हैं। इस बीच कई बार यह दावा किया जाता रहा कि सीरीज के प्रमुख कलाकारों को प्रति एपिसोड करीब 3 लाख डॉलर (लगभग 2.84 करोड़ रुपए) की फीस दी जाती थी। अब इस मामले पर एक्ट्रेस एमिलिया क्लार्क ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एमिलिया क्लार्क के मुताबिक, सीरीज के कलाकारों की कमाई बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई है। एमिलिया ने सीरीज में डेनेरिस टार्गेरियन यानी 'मदर ऑफ ड्रैगन्स' का किरदार निभाया था। एक इंटरव्यू के दौरान एमिलिया क्लार्क से उनकी प्रति एपिसोड फीस को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने हंसते हुए कहा कि उन्हें इतनी बड़ी रकम नहीं मिलती थी।

परफेक्ट फिगर पाने की ज्यादा कसरत...

मुंबई। तापसी पन्नू अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी बॉडी इमेज से जुड़ी मुश्किलों के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने स्लिम-फिट दिखने के लिए बहुत मेहनत की। इस कोशिश में उन्होंने अपने आपको परेशान किया। उन्होंने अपनी जिंदगी के उस दौर को याद किया जब उन्हें एक खास तरह का दिखने का बहुत ज्यादा दबाव महसूस होता था। तापसी पन्नू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया 'मुझे याद है कि मुझे सपाट पेट पाने का जुनून था, क्योंकि बड़े होते समय मैं बहुत ज्यादा फिट थी, लेकिन मुझे कभी समझ नहीं आया कि पेट के निचले हिस्से की चर्बी हमेशा क्यों बनी रहती थी। इसे कम करने के लिए मैंने इतनी ज्यादा कसरत की कि मैंने खुद को हद से ज्यादा थका दिया।



अक्षय-दिशा का गाना ऊंचा लंबा ... रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में 2007 की हिट फिल्म 'वेलकम' के क्लासिक गाने 'ऊंचा लंबा कद' का जादू फिर से बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दिशा पाटनी के साथ अक्षय कुमार ने 'ऊंचा लंबा कद' गाना फिर से रिलीज कर दिया है और नए गाने में चार्म तो बहुत है, लेकिन रिलीज होते ही फैंस मायूस हो गए। इससे पहले, अक्षरा सिंह के साथ ठुमके लगाकर छाने वाले अक्षय को अब नफरत मिल रही है कि उन्होंने दिशा पाटनी को लेकर कटरीना की फिर से याद दिला दी और दिशा उस औरा को छू भी नहीं पाईं जो कटरीना का है। अक्षय कुमार और दिशा पाटनी की शानदार केमिस्ट्री, रंगीन विजुअल्स और जोशीली धुन 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर'को फिल्म के साउंडट्रैक का एक खास आकर्षण बनाती है।

टीवी मसाला

दूरदर्शन पर पहली बार टेलीकास्ट हुआ था ये कल्ट शो

नई दिल्ली। आज के दौर में लोग सिनेमाघर, ओटीटी और यूट्यूब जैसे माध्यमों से मनोरंजन का आनंद लेते हैं। लेकिन, एक वक्त ऐसा भी था, जब बात एंटरटेनमेंट की आती थी तो लोगों के लिए दूरदर्शन टीवी चैनल एकमात्र साधन हुआ करता था। महाभारत, रामायण और शक्तिमान जैसे कई कल्ट धारावाहिक दूरदर्शन की पहचान बने थे। भारतीय मनोरंजन जगत के इतिहास को खंगाला जाए तो दूरदर्शन के रूप में सबसे पुराने टीवी चैनल का नाम सामने आता है, जिसने दशकों तक लोगों को घर बैठे एंटरटेन किया। इसी आधार पर बात की जाए दूरदर्शन के सबसे पहले और पुराने टीवी सो के बारे में तो उसका नाम कृषि दर्शन था। 26 जनवरी 1967 को गणतंत्र दिवस के खास मौके पर दूरदर्शन पर कृषि दर्शन शो को पहली बार प्रसारित किया गया था। इस चैनल की पहली एंकर प्रीतिमा पुरी ने इसका आगाजा किया था। शो के नाम से ही साफ जाहिर होता है कि इसमें भारतीय किसानों को आधुनिक खेती, कृषि-तकनीक और ग्रामीण विकास की अहम जानकारी दी जाती थी। उस वक्त शोज की भरमार कम हुआ करती थी, जिसके तहत कृषि दर्शन भी भारतवासियों के लिए मनोरंजन का अहम साधन बन गया था। इतना ही नहीं कृषि प्रधान भारत देश के किसानों के लिए ये शो काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ था, क्योंकि इसमें मौजूद एक्सपर्ट द्वारा मिलने वाली सलाहों से किसानों को खेती में काफी सहायता मिलती थी। दूरदर्शन टीवी चैनल के सबसे अधिक लंबे चलने वाले धारावाहिक के तौर पर भी कृषि दर्शन को याद किया जाता है। इस शो के अब तक 62 सीजन टेलीकास्ट हो चुके हैं, जिनमें 16 हजार 780 एपिसोड मौजूद हैं।

मुझे पटक-पटक कर मारा : रूपा

नई दिल्ली। बीआर चोपड़ा की पॉपुलर टेलीविजन सीरीज महाभारत को आज भी फैंस से उतना ही प्यार मिलता है जितना की सालों पहले दिया जाता था।

इसके किरदार भी खूब फेमस हुए। उन्हीं में से एक हैं द्रौपदी की भूमिका निभा चुकी एक्ट्रेस रूपा गांगुली। महाभारत की बात जब भी आती है तो द्रौपदी के चीर हरण की चर्चा हमेशा होती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि आज से 10 साल पहले रूपा गांगुली के साथ बिल्कुल चीर हरण जैसा हादसा हुआ था? जी, हां एक्ट्रेस पर जानलेवा हमला हुआ था जिसे याद कर उनका मन अब भी सिहर जाता है। रूपा गांगुली ने ट्विटर पर इस घटना का जिक्र किया था। द्रौपदी के चीर हरण वाला वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा ,'मुझे कुछ दिनों से याद आ रहा है, 22 मई 2016 डायमंड हार्बर की वह घटना, जब 17-18 लोगों ने पुलिस को साथ लेकर, मुझे गाड़ी से उतारकर रास्ते पर पटक-पटक कर मारा था।

मां बनने के बाद बदल जाती हैं बातें : कियारा

नई दिल्ली। अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में वह मां बनी हैं। इस बीच उन्होंने मां बनने के बाद महिलाओं को अक्सर जिन उम्मीदों का सामना करना पड़ता है, उनके बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि कैसे महिलाओं की प्रेग्नेंसी का जश्न मनाने से हटकर लोगों का ध्यान दूसरी चीजों पर चला जाता है। मां बनने से अपनी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में बात करते हुए, कियारा ने कहा 'यह अनुभव हर तरह से बहुत ही अच्छा है। मुझे लगता है कि जो डायरेक्टर अब मेरे साथ काम करेंगे, उन्हें मेरा सबसे बेहतरीन रूप देखने को मिलेगा। मां बनने के इस सफर ने मेरे अंदर दुनिया के प्रति मेरी समझ में एक नया पहलू खोल दिया है।' उन्होंने बताया सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो हर कोई कहता है, अरे वाह, आप कितनी ग्लो कर रही हैं, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं। मगर, जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, तो बातें बदल जाती हैं। लोग कहते हैं 'अब तो मोटी लग रही है, थोड़ी ऐसी लग रही है, थोड़ी वैसी लग रही है।'

अभिनेत्री ने कहा 'जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो लोग आपको देवी की तरह पूजते हैं, लेकिन जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, वे उम्मीद करने लगते हैं कि आप तुरंत ही अपनी पुरानी फिटनेस और काम पर वापस लौट आएंगी। महिलाओं के लिए सबसे मुश्किल समय बच्चे के जन्म के बाद का ही होता है। यही वह समय होता है, जब उन्हें सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत होती है।' कियारा ने कहा 'कहा जाता है कि एक बच्चे की परवरिश के लिए पूरे गांव की जरूरत पड़ती है। इसी तरह एक मां को संभालने के लिए भी पूरे गांव की जरूरत पड़ती है।' कियारा की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' चार जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

43 साल पुरानी वो फिल्म, जिसे देख फूट-फूटकर रोए थे लोग, बच्चों को प्रॉपर्टी देने से डरने लगे थे मां-बाप

नई दिल्ली। सिनेमा समाज का आईना होता है। कुछ फिल्में महज एंटरटेनर तक ही सीमित रहती हैं, लेकिन कुछ ऑडियंस के दिलों में घर कर जाती हैं। 43 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जिसने मां-बाप को इस कदर सहमा दिया था कि वे अपने बच्चों को घर का मालिकाना हक देने से कतराने लगे थे। यह फिल्म जब बनी तो किसी को नहीं पता था कि इसे देखने के बाद ऑडियंस सिसक-सिसककर रोने लगेगी। आज भी अगर टीवी पर यह फिल्म आ जाए तो देखने वाले अपने आंसू नहीं रोक पाते हैं। 43 साल पहले जब यह फिल्म आई तो सिनेमाघरों से निकलने वाले हर शख्स की आंखें नम थी। इस फिल्म ने ऑडियंस पर गहरा प्रभाव छोड़ा था।

पारिवारिक फिल्म ने कर दिया था भावुक

यह फिल्म राजेश खन्ना की थी। हैंडसम हंक राजेश खन्ना सिनेमा के पहले सुपरस्टार रहे। मगर, जब उनका कॅरियर खतरे में पड़ा, तब यही फिल्म उनके डूबते नाव का सहारा बनी। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो है अवतार। अमन, अमृत अनजाना और आप आए बहार आए जैसी फिल्में बना चुके मोहन कुमार ने ही अवतार का निर्देशन और निर्माण किया था। फिल्म में राजेश खन्ना ने एक बूढ़े पिता का किरदार निभाया था। उनके साथ लीड रोल में शबाना आजमी थीं। इसके अलावा फिल्म में ए.के. हंगल, सचिन पिलगांवकर, रंजन ग्रेवाल, प्रीति सप्रू, सुजीत कुमार, गुलशन ग्रोवर समेत कलाकार अहम भूमिकाओं में थे।

बच्चे घर से कर देते हैं बेदखल

फिल्म की कहानी अवतार किशन (राजेश खन्ना) और उसकी पत्नी राधा (शबाना आजमी) की है, जिसके बच्चे उन्हें उनके ही घर से बेदखल कर देते हैं और उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं। बुढ़ापे में दर-दर भटकने के बाद दिन-रात एक करके अवतार फिर से सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है।

बॉलीवुड की दूसरी लता : ताउम्र झेला तुलना का दंश, रफी संग गाए 140 गाने

पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, सुरमई उजाला है...

नई दिल्ली। आज की सुबह संगीत जगत के लिए एक दुखद खबर लेकर आई। संगीत के स्वर्णिम दौर की एक और आवाज आज खामोश हो गई। सुमन कल्याणपुर (89) ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। लता मंगेशकर, आशा भोसले के बाद आज सुमन कल्याणपुर ने भी दुनिया से रुखसती ले ली। वो अपने पीछे 740 गानों की बेशकीमती विरासत छोड़ गई हैं। बांग्लादेश में जन्मीं सुमन हिंदी सिनेमा को वो अध्याय हैं जो स्वर्ण अक्षरों में दर्ज जरूर है। लेकिन, आज भी कइयों ने उसे पढ़ा नहीं है। आज भी ज्यादातर लोग उनकी आवाज पहचान नहीं पाते हैं। लता मंगेशकर और उनकी आवाज में सामानता इतनी रही कि उन्हें दूसरी लता कहा गया। सुरों की मल्लिका का सबसे बड़ा आशीर्वाद ही उनका 'अभिशाप'बन गया। ताउम्र वो लता मंगेशकर के साए से निकल नहीं पाईं। सुमन कल्याणपुर को ताउम्र तुलना का दंश झेलना पड़ा था। दिग्गज संगीतकारों के लिए सुमन कल्याणपुर और लता मंगेशकर की आवाज में फर्क कर पाना कभी-कभी नामुमकिन सा हो जाता था। सुमन कल्याणपुर ने उस दौर में अपनी जगह बनाई, जब हिंदी सिनेमा में पहले से ही कई दिग्गज आवाजें मौजूद थीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में संगीत का सफर इस वक्त शुरू किया जब लता मंगेशकर, आशा भोसले जैसी गायिकाओं का इंडस्ट्री पर राज था। हर फिल्ममेकर और संगीतकार लता मंगेशकर के साथ काम करने की ख्वाहिश रखता था, ऐसे में उस दौर में किसी भी गायिका के लिए अपनी जगह बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था।

लता से हूबहू मिलती थी आवाज

लता मंगेशकर और सुमन कल्याणपुर की आवाज में फर्क कर पाना लगभग असंभव सा है। 1960 और 1970 के दशक में लता और सुमन के बीच की तुलना चरम पर थी। जब कई बड़े संगीतकार और निर्माता लता मंगेशकर संग काम नहीं कर पाते थे, तो वो सुमन कल्याणपुर का दरवाजा खटखटाने पहुंच जाते थे। उन्हें ज्यादातर गाने तभी मिलते जब स्वरकोकिला किसी कारणवश उन्हें मना कर देती थीं।

स्वरकोकिला को मानती थीं दोस्त

अब ताउम्र जिससे तुलना हो उस शख्स को नापसंद करना लाजमी है, लेकिन शायद उस स्वर्णिम दौर की ये ही खासियत थी कि हर कलाकार दूसरे कलाकार और उसकी कला की पूरी इज्जत करता था। साल 2022 में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में सुमन ने लता दीदी को अपनी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बताया था। उन्होंने स्वीकार किया था कि वो खुद भी लता मंगेशकर की आवाज की मुरीद थीं। दोनों ने साथ में फिल्म चांद के लिए एक डुएट रिकॉर्ड किया था। उस फिल्म के गाने पर साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा था कि वो और लता जी सहेलियां थीं।

रफी संग हिट थी जोड़ी : आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, ना ना करते प्यार तुम्हीं से, तुमने पुकारा और हम चले आए, पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, दिल एक मंदिर है, ठहरिए होश में आ लूं मोहम्मद रफी के साथ उनके सुपरहिट गाने थे जो आजतक लोगों की जुबां पर चढ़े हुए हैं। दशकों बाद भी इन एवरग्रीन गानों का खुमार कम नहीं हुआ है।

पढ़ाई, शादी और बच्चे

मुंबई के सेंट कोलंबस स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, सुमन ने चित्रकला की पढ़ाई की और सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट में दाखिला लिया। हालांकि, जल्द ही संगीत ही उनका जुनून बन गया। उन्होंने पंडित केशवराव भोले, उस्ताद खान अब्दुल रहमान खान और उस्ताद नवरंग जैसे प्रख्यात गुरुओं से ट्रेनिंग ली, जिसने उनके करियर की नींव रखी। सुमन ने 1958 में बिजनेसमैन रामानंद कल्याणपुर से शादी की। उनके परिवार में उनकी बेटी चारू अग्निहैं।

इन भाषाओं में भी बिखेरा आवाज का जादू

कोकिला जैसी मीठी आवाज और सुरों की धनी सुमन कल्याणपुर को दूसरी लता कहा जाने लगा था। कॅरियर में 740 गाने को आवाज देने वाली दिवंगत सिंगर ने हिंदी के साथ ही कई भाषाओं में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा था। उन्होंने बंगाली, मराठी, असमी, कन्नड़ और ओड़िया भाषाओं में भी अपने संगीत के सफर को जारी रखा था। 28 जनवरी, 1937 को अविभाजित भारत के ढाका में जन्मीं सुमन कल्याणपुर हिंदी और मराठी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध सिंगर्स में से एक बनीं। फिल्मी संगीत के अलावा, उनके भजन, गजल, मराठी अभंग और भावगीत भी गाए, जो एक कलाकार के रूप में उनकी पहचान बनी।

युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी, नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए करती है प्रेरित : कोहली

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक लगाने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दूसरी ट्रॉफी दिलाने के बाद कहा कि टी20 प्रारुप में अपने खेल को नया रूप देने के लिए उन्हें अपनी सोच में बदलाव करना पड़ा और इस बीच युवा खिलाड़ियों ने भी उन्हें प्रेरित किया। कोहली ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अरशद खान के खिलाफ शानदार छक्का लगाकर टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया।

कोहली ने 42 गेंद में 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन की पारी खेलने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने पुरस्कार समारोह में कहा, ' यह वही पल है, जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। मैंने कई बार इस क्षण की कल्पना की थी, खासकर विजयी रन बनाने की। बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मैं पूरी तरह सहज था।' कोहली ने कहा, 'मुझे पता था कि रन-चेज़ में क्या करना है। युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी आपको लगातार अपने खेल में सुधार करने और नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए प्रेरित करती है।'

पूरे टूर्नामेंट में रहा हमारा दबदबा : पाटीदार

अहमदाबाद। आरसीबी ने आईपीएल में अपना दूसरा खिताब उस दिन जीता जब कप्तान रजत पाटीदार अपना 33वां जन्मदिन मना रहे थे, लेकिन इस सुखद संयोग से भी कहीं अधिक वह प्रतियोगिता में अपनी टीम के शुरू से अंत तक के दबदबे से खुश थे। पाटीदार ने कहा, ' ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत दबाव था। इस साल टूर्नामेंट में हमारे प्रदर्शन की वजह से माहौल काफी शांत रहा। मुझे लगता है कि हमने न सिर्फ अच्छा खेल दिखाया, बल्कि इस साल हमने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा।' उन्होंने कहा, ''हमें पूरा भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो हम निश्चित रूप से दूसरा खिताब जीतने में सफल रहेंगे।' पाटीदार ने इसके साथ ही अन्य टीम को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी टीम लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

विजय जुलूस नहीं निकालेगा आरसीबी

अहमदाबाद। पिछले साल की भगदड़ और 11 लोगों की मौत को ध्यान में रखते हुए आरसीबी ने आईपीएल में लगातार दूसरी खिताबी जीत के लिए विजय जुलूस नहीं निकालने का फैसला किया है। आरसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'बेंगलुरु में किसी भी प्रकार का जश्न मनाने की संभावना बहुत कम है। कुछ दिशानिर्देश निर्धारित हैं और हमें उनका पालन करना होगा।' इस बीच बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सीमंथ कुमार सिंह ने कहा, 'हम किसी भी प्रकार के सार्वजनिक समारोह की अनुमति नहीं देंगे। यदि कोई जश्न मनाना चाहता है तो वह घर के अंदर मना सकता है।'

आरसीबी के प्रशंसकों ने पूरी रात मनाया जश्न

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उत्साही प्रशंसकों ने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की लगातार दूसरी खिताबी जीत का संयमित होकर पूरी रात जश्न मनाया और स्थानीय पुलिस ने भी यह सुनिश्चित किया कि 'विजय उत्सव' बेकाबू न हो जाए। पिछले साल खिताब जीतने के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। उसे घटना को ध्यान में रखते हुए बेंगलुरु पुलिस ने शहर के उन प्रमुख इलाकों में गश्त की, जहां रविवार रात मोटेरा में गुजरात टाइटन्स पर आरसीबी की शानदार जीत के बाद प्रशंसक जमा हुए थे। पुलिस की घेराबंदी के बावजूद लोगों ने पूरी रात जश्न मनाया लेकिन इस बार किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटी। विजय उत्सव में शामिल एक प्रशंसक ने कहा, ' हमें खुशी है कि आरसीबी ने लगातार दो खिताब जीते हैं, लेकिन फाइनल एकतरफा रहा। हमें उम्मीद थी कि गुजरात टाइटंस कड़ी चुनौती पेश करेगा।' दिल्ली से आए एक प्रशंसक ने कहा, 'मैं विराट कोहली का प्रशंसक हूं और इसीलिए मैं आरसीबी का समर्थन करता हूं। मुझे खुशी है कि आज रात दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया।' बेंगलुरु पुलिस ने आरसीबी की जीत की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के मुख्य क्षेत्रों के आसपास गश्त शुरू कर दी थी।

खबर संक्षेप

पीएम मोदी ने 19 पदक जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। भारत ने हांगकांग में आयोजित की गई चार दिवसीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर चीन (14 स्वर्ण, नौ रजत, दो कांस्य) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है।

टॉप्स विकास समूह में 22 नौकायन खिलाड़ी शामिल

नई दिल्ली। जापान के आइची-नागोया में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर नौकायन (रोइंग) के 22 खिलाड़ियों को सोमवार को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के विकास समूह में शामिल किया गया। यह फैसला मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 174वीं बैठक में लिया गया। भारतीय नौकायन संघ (आरएफआई) की ओर से वार्षिक राष्ट्रीय चयन ट्रायल और विभिन्न नौकाओं के लिए दलों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद खिलाड़ियों की सूची जारी की गई। विकास समूह में शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले बलराज पंवार, 2022 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह और दो पदक जीत चुके जसविंदर सिंह शामिल हैं। कुल 22 खिलाड़ियों को छह विभिन्न नौका वर्गों में टॉप्स विकास समूह में शामिल किया गया है।

आईजीपीएल राइजिंग स्टार्स संयुक्त 12वें स्थान पर कार्तिक

अल जदीदा। भारत के उभरते हुए गोल्फर कार्तिक सिंह ने आईजीपीएल मोरक्को राइजिंग स्टार्स 2026 के अंतिम दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर संयुक्त 12वां स्थान हासिल किया। आखिरी नौ होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के बावजूद कार्तिक का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस बीच थाईलैंड के तानापत पिचैकूल ने बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी सिद्दीकुर रहमान को दो शॉट से हराकर खिताब जीता। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर के बाद दो शॉट की बढ़त बना ली थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को बरकरार रखा। उन्होंने कुल 9 अंडर का स्कोर बनाया।



आईपीएल 2026 समीक्षा : टाइटन्स ने अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में बनाई पहचान

आरसीबी और गुजरात का शानदार सफर एमआई-एलएसजी को करना होगा मंथन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक और बेहद सफल सत्र में शानदार प्रदर्शन किया, गुजरात टाइटन्स ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी निरंतरता बनाए रखी लेकिन आईपीएल की बड़ी टीम मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद 2026 सत्र के खत्म होने से पहले ही अगले सत्र के लिए बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी। टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है और लीग की प्रकृति में यह बात साफ दिखी क्योंकि प्लेऑफ में जगह बनाने वाली टीम का फैसला लीग चरण के आखिरी दिन हुआ। आरसीबी, गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद लीग चरण के आखिरी दिन से पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थीं, लेकिन राजस्थान रॉयल्स 24 मई को मुंबई इंडियंस को हराकर चौथी टीम के तौर पर प्लेऑफ में शामिल हो गई, जिसने आखिरी दिन पंजाब किंग्स को बाहर कर दिया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

18 साल से आईपीएल खिताब का इंतजार कर रही इस फ्रेंचाइजी ने पिछले सत्र में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद अब जीत को अपनी आदत बना लिया है। एंडी फ्लावर और मो बोबाट के नेतृत्व वाले 'थिंक टैंक' ने एक ऐसी चैंपियन टीम तैयार की है, जो मैदान पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। विराट कोहली अपने करियर के इस पड़ाव पर भी युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने के लिए लगातार अपने खेल में नए प्रयोग कर रहे हैं।

गुजरात टाइटन्स

टाइटन्स ने अपने छोटे से आईपीएल इतिहास में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने पांच सत्र में तीन बार फाइनल में जगह बनाई है, जिसमें अपने पहले ही सत्र में ख़िताब जीतना भी शामिल है। शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ने लगातार रन बनाए। अगर कभी ये खिलाड़ी नाकाम रहे तो मध्यक्रम उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका, जिससे इसी विभाग को वह अगली नीलामी में मजबूत करना चाहेगी।

सनराइजर्स हैदराबाद

पैट कमिंस की कप्तानी वाली इस टीम ने धीमी शुरुआत के बाद इस सत्र में ज्यादा कुछ गलत नहीं किया। हालाकि 'एलिमिनेटर' में वैभव सूर्यवंशी और जोफ्रा आर्चर के शानदार प्रदर्शन के आगे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उनके लिए सकारात्मक चीज प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे तेज गेंदबाजों का उभरकर सामने आना रही।

राजस्थान रॉयल्स

कप्तान रियान पराग ने खुद यह बात स्वीकार की है कि रॉयल्स को लीग चरण के आखिरी दिन का इंतजार करने के बजाय, उससे काफी पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेना चाहिए था। उनका अभियान काफी हद तक 15 साल के किशोर खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर निर्भर था जो अपने पहले पूरे सत्र में 237.30 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

मुंबई इंडियंस

भारत के कई बड़े सितारों से सजी टीम इस सत्र में सबसे ज्यादा निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली टीम रही। जसप्रीत बुमराह, हार्दिक, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की चौकड़ी इस सत्र को भुलाना चाहेगी। रोहित शर्मा ने शीर्ष क्रम में ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन चोट की वजह से उनका सत्र प्रभावित रहा।

लखनऊ सुपर जायंट्स

दो निराशाजनक सत्र के बाद कप्तान ऋषभ पंत के पद छोड़ने के साथ ही अगले सत्र के लिए टीम में बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले हिस्से में टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही जबकि मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

दिल्ली कैपिटल्स

लगातार दूसरे सत्र में दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल की कप्तानी में प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही। यह एक और ऐसा सत्र रहा, जिसमें केएल राहुल ने 500 से ज्यादा रन बनाए लेकिन आखिरी नतीजों के लिहाज से उन रनों की अहमियत नहीं रही। टीम के पास बल्लेबाजी में जरूरी ताकत की कमी थी। गेंदबाजी में भी जरूरी धार नहीं थी।

पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले हाफ में सबसे मजबूत टीम मानी जा रही पंजाब किंग्स ने दूसरे हाफ में लगातार छह मैच हारकर अपने प्लेऑफ में पहुंचने के मौकों को गंवा दिया। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने उनकी कमजोर गेंदबाजी की भरपाई कर दी थी, लेकिन बाद में क्षेत्ररक्षण समेत तीनों ही विभागों में उनका प्रदर्शन गिर गया।

कोलकाता नाइट राइडर्स

शुरुआती छह मैच हारने के बाद भी 10 टीम में से सातवें स्थान पर रहकर केकेआर ने अच्छा प्रदर्शन किया। पूरी संभावना है कि अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपना आखिरी सत्र खेल लिया है। टीम को सभी विभागों में संघर्ष करना पड़ा और अब उसे पूरी तरह से नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है।

चेन्नई सुपर किंग्स

पांच बार की चैंपियन टीम 2023 में खिताब जीतने के बाद से अब तक प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही है। रूतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली फ्रेंचाइजी को अब अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

क्रिकेट

आईसीसी ने लागू किए नए नियम टी20 में कोच की मैदान में एंट्री

लेग साइड वाइड, डे टेस्ट में पिंक बॉल पर लगी मुहर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने क्रिकेट नियमों से जुड़ी कुछ सिफारिशों पर मुहर लगा दी है। अहमदाबाद में बोर्ड मीटिंग के दौरान इस पर फैसला लिया गया।

इसके तहत दिन में होने वाले टेस्ट मैच में पिंक बॉल के इस्तेमाल, लेग साइड वाइड ट्रायल, अवैध बॉलिंग एक्शन पर हॉक आई डेटा के एक्सेस को मंजूरी दी गई। इससे आने वाले समय में क्रिकेट में काफी बदलाव देखने को मिलेंगे। वहीं आईसीसी ने टी 20 मैच के दौरान कोच को मैदान में एंट्री का प्रावधान रखा है। आईसीसी ने बताया कि अगर खराब रोशनी के चलते खेल में रुकावट आती है तब अंपायर दोनों टीमों की सहमति से लाल गेंद की जगह पिंक बॉल से खेल को आगे बढ़ा सकते हैं।

ऐसा इसलिए किया जा रहा क्योंकि कई बार खराब रोशनी के चलते मैच में समय खराब होता है और इससे नतीजा नहीं निकल पाता है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंक दांव पर होने की वजह से इस तरह के नतीजे टीमों के लिए नुकसानदेह साबित हुए हैं।

लेग साइड वाइड पर अहम फैसला

बोर्ड मीटिंग में लेग साइड वाइड पर अहम फैसला हुआ। अब अगर किसी बल्लेबाज के लेग साइड में कोई गेंद जाती है तो वह सीधे-सीधे वाइड नहीं होगी। अंपायर यह जांच करेंगे कि वह बल्लेबाज से कितनी दूर है। उसके हिसाब से ही फैसला किया जाएगा। कहा जा रहा है कि एक तय लाइन रखी जाएगी और उसके अंदर अगर गेंद रहती है तो वह वाइड नहीं होगी। लेकिन इस पर फैसला मैदानी अंपायर ही लेगा। अभी इस नियम को आईसीसी ने ट्रायल पर डाला है।

डब्ल्यूटीटी प्रिस्टिना फीडर सीरीज

15 साल की दिव्यांशी ने रचा इतिहास, जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| प्रिस्टीना

उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 38 येह यी-तियान को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8-11, 11-8, 11-5, 7-11, 11-7) से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अद्भुत संयम, जुझारुपन और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा यादगार जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने सीनियर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी दमदार मौजूदगी का अहसास कराया। दिव्यांशी की यह उपलब्धि केवल भारतीय टेबल टेनिस के लिए ही ऐतिहासिक नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उन्हें विशिष्ट स्थान दिलाती है।

महिला युगल में जीता गोल्ड

दिव्यांशी ने अपने शानदार अभियान में एक और स्वर्णिम उपलब्धि जोड़ते हुए महिला युगल वर्ग का स्वर्ण पदक भी जीता। उन्होंने साथी भारतीय किशोर खिलाड़ी सिंड्रेला दास के साथ मिलकर जापान की साची आओकी और कोकोना मुरामात्सु की जोड़ी को रोमांचक फाइनल में 3-2 (7-11, 14-12, 12-14, 11-8, 11-7) से हराया। करीब आधे घंटे तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बावजूद शानदार वापसी की। निर्णायक क्षणों में दबाव के बीच उनका धैर्य और दृढ़ता देखने लायक रही, जिसने भारत की इस उभरती हुई जोड़ी की बढ़ती परिपक्वता और उज्ज्वल भविष्य की झलक पेश की।

उम्र से कहीं अधिक दिखाई परिपक्वता

मात्र 15 वर्ष की आयु में वह जापान की स्टार खिलाड़ी मिवा हारिमोटो के बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सर्किट में महिला एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी मानी जा रही हैं। प्रिस्टीना में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान दिव्यांशी ने पूरे सप्ताह अपने खेल से प्रभावित किया।

एचएमजी कप में सेंट माइकल ने उड़ान क्रिकेट अकादमी को हराया

भोपाल। बीडीसीए द्वारा आयोजित एचएमजी कप अंडर-15 बॉयज लिमिटेड ओवर इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में डीपीएस. खेल मैदान पर उड़ान क्रिकेट अकादमी और सेंट माइकल के मध्य मैच खेला गया(उड़ान अकादमी 48 ओवरों में 277 रन बनाकर ऑल आउट हो गई , जिसमें युग सिंह ने 64, साईं नमन नें 46 और अंश वर्मा ने 30 रन बनाए। सेंट माइकल से मानवेन्द्र सिंह और अदीब अली ने 3-3 विकेट लिए । जवाब में सेंट माइकल ने 48.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 278 रन बनाकर मैच जीत लिया, जिसमें भविष्य त्यागी ने 124 रन की शानदार नाबाद पारी खेली, वहीं उमेद खान भी 65 रन पर नाबाद रहें और मानवेन्द्र सिंह नें 35 रन बनाए । उड़ान के शिखर, त्रिशान श्रीवास्तव

और साईं नमन ने 1-1 विकेट लिए । इस तरह सेंट माइकल ने उड़ान क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से पराजित किया।

मेन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार भविष्य त्यागी को दिया गया। कल से एचएमजी कप का सेकंड राउंड होगा, जिसमें का पहला मैच प्रातः 8 बजे से मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट एकेडमी और सिली पॉइंट क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला जाएगा।

'जी' ने हासिल किए भारत के लिए 'फीफा वर्ल्ड कप' राइट्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी राहत की बात है कि 'जी' पर 2026 फीफा विश्व कप का सीधा प्रसारण किया जाएगा क्योंकि 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से 10 दिन पहले 'जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड' ने फुटबॉल की विश्व संचालन संस्था फीफा के साथ 8 साल की भागीदारी की घोषणा की।

इस साझेदारी के तहत 'जी' भारत में विश्व कप 2026 समेत फीफा के सभी मुकाबलों का प्रसारण करेगा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संस्था फीफा के साथ हुए इस करार के तहत 'जी' फीफा के 39 वैश्विक फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा, जिनमें 11 जून 2026 से शुरू होने वाला फीफा विश्व कप भी शामिल है। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिकों विश्व कप 2026 की संयुक्त मेजबानी करेंगे।

'यूनाईट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क' में होगा विश्वकप का प्रसारण

विश्व कप का टीवी पर सीधा प्रसारण जी एंटरटेनमेंट अपने नए 'यूनाईट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क' के जरिए करेगा जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग 'जी5' ऐप पर उपलब्ध होगी। जी एंटरटेनमेंट के पास भारतीय बाजार के लिए फीफा विश्व कप 2026, फीफा विश्व कप 2030, फीफा महिला विश्व कप 2027 के साथ 2034 तक के अन्य अहम फीफा टूर्नामेंट और डॉक्यू-सीरीज कंटेंट के मीडिया अधिकार होंगे। जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत गोयंका ने कहा, 'हम दुनिया के सबसे बड़े खेल टूर्नामेंट में से एक को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। मीडिया अधिकार हासिल करने और विशेष खेल चैनल शुरू करने में किया गया हमारा निवेश, इस खेल की लंबी अवधि की संभावनाओं में हमारे पक्के विश्वास को दर्शाता है।'

32 टीमों के सभी खिलाड़ियों एवं दर्शकों के साथ खचा-खच भरा मैदान

रंगारंग कार्यक्रमों के साथ विधायक ट्रॉफी 2026 का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को विधायक ट्रॉफी 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के अवसर पर करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य महाराज विधायक भगवानदास सबनानी जिला अध्यक्ष रविंद्र यति मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों और दर्शकों का स्वागत किया उन्होंने कहा कि खेल जीवन का एक जरूरी हिस्सा है खिलाड़ियों का अनुशासन उनका परिचय देता है, अनुशासित खिलाड़ी ही सफलता प्राप्त करता है, खेलों से जीवन में अनुशासन मानसिक विकास चरित्र निर्माण और नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है। हमारी दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, हमारा क्षेत्र शहर का हृदय स्थल है यहां पर हर वर्ग की प्रतिभाएं निवास करती हैं। उन्होंने कहा, मेरा प्रयास रहता है कि हमारे क्षेत्र की प्रत्येक प्रतिभाओं को सम्मान मिले और वह अपनी प्रतिभा से प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। मैं आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं, साथ ही कहना चाहूंगा कि मैं भी खिलाड़ी रहा हूं,खेल और खिलाड़ियों की भावना से भली-भांति परिचित हूं, खेल का उद्देश्य केवल हार और जीत का परिणाम नहीं, बल्कि मैदान पर संघर्ष, अनुशासन, टीम भावना और मानवीय मूल्यों को सीखना है।

विधायक सबनानी बोले-हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं

9 जून तक चलेगा टूर्नामेंट 32 टीमें लेंगी हिस्स

9 जून तक टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन नेहरू नगर पुलिस ग्राउंड में नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग ले रही हैं, नॉकआउट मैचों के साथ 9 जून को खेला जाएगा फाइनल। शुभारंभ के साथ डॉक्टर वर्सेस पत्रकारों का एक शो मैच हुआ, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था। प्रतिदिन 3 से 4 मैच 8 ओवरों के खेले जाएंगे।

खबर संक्षेप

आज वन सुरक्षा श्रमिक करेंगे प्रधान मुख्य वन संरक्षक का घेराव

भोपाल। मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में मंगलवार को वन विभाग के वन सुरक्षा श्रमिक अपनी पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में प्रधान मुख्य वन संरक्षक हाफ का वन भवन मुख्यालय में घेराव करेंगे तथा ज्ञापन सौंपेंगे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि वन विभाग के वन सुरक्षा श्रमिकों को श्रम अधिकारों एवं शासन आदेशों का लाभ वर्षों से नहीं दिया जा रहा है। वन सुरक्षा श्रमिकों में असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया है। वन सुरक्षा सैनिकों को एरियर का भुगतान, पीएफ का लाभ, बीमा का लाभ, पहचान पत्र, नवीन वेतन वृद्धि के लाभ आदि मांगें लंबित हैं।

मानव अधिकार आयोग में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू

भोपाल। मप्र मानव अधिकार आयोग के पर्यावास भवन स्थित कार्यालय में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम जून- 2026 सोमवार से प्रारम्भ हुआ। इस एक माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विधि संकाय के विद्यार्थियों को मानव अधिकार एवं आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर जानकारी दी जाएंगी।

निगम की सेवा से 8 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

भोपाल। नगर निगम के आठ कर्मचारी सोमवार को अपनी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए। अपर आयुक्त वरूण अवस्थी ने उपायुक्त चंचलेश गिरहारे की उपस्थिति में उक्त कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल, मिष्ठान आदि भेंटकर ससम्मान बिदाई दी और उनके दीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना भी की। निगम सेवा से सेवानिवृत्त हुए उप राजस्व निरीक्षक इन्द्र कुमार जैन, निश्रेलि गोपाल जाटव, सुपरवाजर फरासत हुसैन, सिप्तेन रिजवी, मुरारीलाल शर्मा, रामलाल सेन, मसूद खां तथा शब्बीर उल्ला खान शामिल हैं।

एक दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों से हटाए कब्जे

भोपाल। नगर निगम के अमले ने सोमवार को शहर के एक दर्जन से ज्यादा स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर सोमवार को सूरज नगर, पीएनटी चौराहा, भदभदा ताज होटल, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, न्यू मार्केट जीटीबी काम्पलेक्स, बिट्टल मार्केट, खजूरी कलां बिजली कालोनी, खजूरी रोड, बागसेवनिया, जहांगीराबाद, बरखेड़ी, बोट क्लब, रेतघाट, रविन्द्र भवन, भोपाल गेट, गोलघर, हमीदिया रोड, छोला जेपी नगर, करोंद चौराहा, बैरसिया रोड नवीबाग, ईटखेड़ी, आदि क्षेत्रों में कार्रवाई हुई और अमले ने सामग्री जप्त की।

भोपाल स्टेशन के आउटर पर हुईं तीनों घटनाएं, आरोपियों का नहीं लगा सुराग

महिला यात्री के गले से डायमंड पेंडल, गेट पर खड़े दो यात्रियों का मोबाइल झपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोपाल मुख्य रेलवे स्टेशन के आउटर पर यात्रियों से लूटपाट की वारदात थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। अज्ञात बदमाशों ने अंबेडकर नागपुर एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला के गले से मंगलसूत्र का डायमंड पेंडल झपट लिया। दो अन्य वारदातों में में गोंडवाना एक्सप्रेस के जनरल कोच के गेट पर खड़े दो अलग-अलग यात्रियों से बदमाशों ने मोबाइल झपट लिए। तीनों वारदातों में आरोपी चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए। जीआरपी थाना भोपाल ने झपटमारी के प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी ने बताया कि इंदौर निवासी श्वेता जोशी विगत 26 मई को अंबेडकर नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन के कोच बी-5 बर्थ नंबर 71 पर इंदौर से नागपुर की यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान ही वह अपनी बर्थ पर चादर ओढकर सो गईं। भोपाल आने के पांच मिनट पहले आउटर पर ट्रेन की गति काफी धीमी हो गई। उसी दौरान कोई अज्ञात बदमाश श्वेता जोशी के गले से मंगलसूत्र का डायमंड का पेंडल झपटकर फरार हो गया। पेंडल की कीमत करीब 35 हजार रुपए बताई गई है। फरियादिया का कहना है कि आरोपी चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया था। इटारसी पहुंचने पर फरियादी ने जीआरपी थाना इटारसी में जीरो पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कराया था। वहां से डायरी जीआरपी थाना भोपाल भेजी गई है।

गेट पर खड़े किशोर के हाथ से मोबाइल छीना

बड़ी बजरिया बीना निवासी काव्यांश कैथोरिया (16) विगत 31 मई को गोंडवाना एक्सप्रेस के पीछे के जनरल कोच में भोपाल से बीना की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह गेट पर खड़ा होकर बात करने लगा। तभी एक अज्ञात बदमाश उसके हाथ से मोबाइल छीनकर अंधेरे में भाग निकला। उस समय ट्रेन की गति काफी कम थी। गति कम होने की वजह से फरियादी ने ट्रेन से उतरकर बदमाश को आसपास तलाश भी किया लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

क्यूआर कोड स्केन कर पैमेंट किया, खाते में नहीं पहुंची राशि

जेवर खरीदने पहुंची महिलाओं ने ज्वेलर्स को लगाया 52 हजार का चूना

भोपाल। बैरागढ़ के एक ज्वैलर्स को दो जालसाज महिलाओं ने 52 हजार रुपए का चूना लगा दिया। मुंह पर स्कार्फ बांधे दो महिलाएं सोने की अंगूठी और एक बाली खरीदने ज्वैलरी शॉप पर पहुंची थीं। महिलाओं ने जेवरात खरीद लिए और 52 हजार रुपए का बिल क्यूआर कोड से दिया था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी ज्वैलर्स के खाते में 52 हजार रुपए नहीं पहुंचे तो ज्वैलर्स ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बेहटा गांव बैरागढ़ निवासी गुलाब सिंह मेवाड़ा (57) की सराफा मार्केट बैरागढ़ में पंकज ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। विगत 25 मई की शाम करीब साढ़े पांच बजे दो महिलाएं सोने की बाली व सोने की अंगूठी खरीदने दुकान पर पहुंचीं। कुछ देर पसंद करने के बाद महिलाओं ने बाली व अंगूठी खरीद ली। उनका बिल 52 हजार रुपए का हुआ था। महिलाओं ने क्यूआर कोड मोबाइल से स्केन किया और कहा कि पैमेंट हो गया है, लेकिन पैमेंट नहीं किया था। क्यूआर कोड से बिल अदा करने के नाम पर जालसाज की है। शिकायत पर मिलने पर बैरागढ़ पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। दोनों महिलाएं दुकान में लगे कैमरे में कैद हुई हैं। उनके मुंह पर स्कार्फ बंधा हुआ है।

शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने देशभक्ति गाने गाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3, माध्यमिक शिक्षक वर्ग-2 (संगीत और नृत्य) के चयनित अभ्यर्थियों द्वारा सोमवार को राजधानी स्थित लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) परिसर के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने देशभक्ति के गाने गाकर अनोखा प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने की मांग है कि उनकी स्कूल चयन (चॉइस फिलिंग) और जॉइनिंग प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि वह 8 बार भोपाल आकर आंदोलन कर चुके, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला है। उनका कहना है कि साल 2025 में परीक्षा और चयन प्रक्रिया के बावजूद अब तक नियुक्ति नहीं दी गई। स्कूल चॉइस फिलिंग प्रक्रिया शुरू की जाए। अभ्यर्थियों ने मांग की है कि प्रक्रिया में दस्तावेज सत्यापन जल्द पूरा किया जाए। मान्य-अमान्य डिग्री/कोर्स की सूची सार्वजनिक की जाए। नियुक्ति प्रक्रिया की समय-सीमा घोषित की जाए एवं अन्य विषयों के समान अवसर दिए जाएं।

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत होगा आयोजित

आज से राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण, 1872 शिक्षक हुए चयनित

12 विषयों में प्रत्येक जिले से चयनित 3-3 शिक्षकों को किया जाएगा प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के शासकीय स्कूलों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने एवं बेहतर अधिगम परिणामों के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 2 जून से शुरू होगा।

इसमें प्रदेश के सभी जिलों से चयनित शिक्षकों को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ऑल इंडिया कैथोलिक यूनिवर्सिटी फेडरेशन में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के 1,872 शिक्षक शामिल होंगे। 12 विषयों में प्रत्येक जिले से चयनित 3-3 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ये शिक्षक अपने-अपने जिलों में अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करते हुए मूल्यांकन एवं अधिगम सुधार की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं कॉमर्स सहित कुल 12 विषयों के लिए प्रत्येक जिले से चयनित शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।

9438 होमगार्ड्स को बड़ी राहत, 'कॉल ऑफ' व्यवस्था खत्म करने का प्रस्ताव तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के होमगार्ड जवानों के लिए बड़ी राहत की खबर है। वर्षों से चली आ रही 'कॉल-ऑफ' व्यवस्था अब पूरी तरह खत्म होने जा रही है। इससे प्रदेश के 9438 होमगार्ड्स को साल के 12 महीने नियमित ड्यूटी और पूरा वेतन मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 6 दिसंबर 2025 को पुलिस परेड ग्राउंड में होमगार्ड्स के स्थापना दिवस पर इसकी घोषणा की थी। घोषणा के बाद होमगार्ड मुख्यालय ने तेजी से काम करते हुए प्रस्ताव तैयार कर लिया है। यह प्रस्ताव 28 अप्रैल को गृह विभाग को भेजा जा चुका है। इस व्यवस्था के तहत होमगार्ड जवानों को साल में कुछ समय के लिए ड्यूटी से हटा दिया जाता था। 2022 से पहले हर साल 2 महीने के लिए जवानों को कॉल-ऑफ पर भेजा जाता था। 2022 में तत्कालीन सरकार ने इसमें बदलाव कर इसे 3 साल में 2 महीने कर दिया था। लेकिन अब सीएम की घोषणा के बाद इसे पूरी तरह समाप्त किया जा रहा है। गृह विभाग अब विधि विभाग से इस प्रस्ताव पर राय लेगा। दोनों विभागों की मंजूरी के बाद इसे अंतिम निर्णय के लिए मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा।

शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल ने किया प्रतिभा समारोह में विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल के द्वारा को शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 10वीं और 12वीं में 70% से अधिक प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। संस्था अध्यक्ष पं. हरि जोशी ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले ऐसे छात्र जिन्होंने 10वीं और 12वीं में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वालों का सम्मान किया गया। मुख्यअतिथि व संरक्षक मनोज राठौन ने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र, भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

बैतूल में हुआ 107वें प्रशिक्षण सत्र का दीक्षांत समारोह

वनरक्षक वन विभाग की रीढ़, वन संरक्षण में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका : शुभरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन ने कहा है कि वनरक्षक वन विभाग की रीढ़ हैं और प्रदेश के वन संसाधनों की सुरक्षा एवं संरक्षण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नव-प्रशिक्षित वनरक्षकों का आह्वान किया कि वे ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। श्री सेन वन विद्यालय बैतूल में आयोजित 107वें वनरक्षक प्रशिक्षण सत्र के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही। प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (विकास) पुरुषोत्तम धीमान ने कहा कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। दीक्षांत समारोह में वन बल प्रमुख श्री सेन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वनरक्षक प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले 112 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। वन विद्यालय में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में आकर्षक पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। वन विद्यालय के अनुदेशक ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

भाजपा सरकारें खेल प्रतिभाओं को दे रहीं नई उड़ानः खण्डेलवाल

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चौंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा 10 स्वर्ण पदकों सहित कुल 19 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भारतीय युवा खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देश में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह, समर्पण और अनुकूल वातावरण का परिणाम है।

बोले-मिट्टी का संरक्षण ही खेती और किसान दोनों के भविष्य की सुरक्षा का आधार

केंद्रीय मंत्री शिवराज ने शुरू किया राष्ट्रव्यापी 'खेती बचाओ अभियान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम रमसिया से राष्ट्रव्यापी 'खेती बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि मिट्टी का संरक्षण ही खेती और किसान दोनों के भविष्य की सुरक्षा का आधार है। उन्होंने कहा कि मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी और किसान मजबूत होगा, तभी भारत कृषि क्षेत्र में और अधिक समृद्ध, वैभवशाली एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 1 जून से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य किसानों को मिट्टी संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि धरती हमारी माता है और इसकी सेहत की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है।

गांव-गांव पहुंचेंगे वैज्ञानिक

केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि अभियान में कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि गांवों में पहुंचकर किसानों को प्रशिक्षण देंगे। उन्हें मिट्टी परीक्षण, पोषण प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, उन्नत बीज, आधुनिक बुवाई तकनीक, जल संरक्षण और कम लागत वाली खेती के तरीकों की जानकारी दी जाएगी।

नकली खाद और पेस्टिसाइड के खिलाफ चलेगा अभियान

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध करा रही है, लेकिन इसका मतलब जरूरत से अधिक उपयोग नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नकली खाद और पेस्टिसाइड के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। किसानों को क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार उपयुक्त फसल चयन, बीज उपचार तथा हरित खाद के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप यह अभियान केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी धरती को सुरक्षित रखने का प्रयास है। यदि समय रहते मिट्टी का संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में कृषि उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930